राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 120
लखनऊ, बुधवार 31 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नवाचार में मानक स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा 2025 : योगी 03

बीएलओ पर मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप 10


-: सर्राफा बाजार भाव:-

| | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट = | 1,36,350/ |
| 22 कैरेट = | 1,25,000/ |
| 18 कैरेट = | 1,02,080/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| = | 2,40,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**पुतिन के आवास पर ड्रोन से हमला, मोदी ने जताई चिंता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरों पर मंगलवार को ''गहरी चिंता'' जताई और रूस व यूक्रेन से शत्रुता समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''रूसी संघ के राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरें बहुत चिंताजनक हैं।'' रूस ने सोमवार को दावा किया कि लंबी दूरी के 91 यूक्रेनी ड्रोन ने मॉस्को के उत्तर में नोवगोरोड क्षेत्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्थायी आवास पर हमला करने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि जारी कूटनीतिक प्रयास शत्रुता समाप्त करने और शांति हासिल करने की दिशा में सबसे व्यावहारिक रास्ता मुहैया कराते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें और ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचें जो इन्हें कमजोर कर सकती है।

**गुलमर्ग, पहलगाम में पारा शून्य से नीचे, होगी बर्फबारी**

**श्रीनगर।** गुलमर्ग और पहलगाम में बीती रात को तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया, जबकि कश्मीर में असामान्य रूप से गर्म सर्दी जारी है। पूरी घाटी में रात का तापमान औसत से तीन से चार डिग्री ऊपर बना हुआ है। मंगलवार की सुबह से पूरे क्षेत्र में बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने मंगलवार से पूरी घाटी में बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है। कश्मीर घाटी इस समय अत्यधिक ठंड की 40 दिनों की अवधि चिल्ला-ए-कलां से गुजर रही है। इस दौरान रात का तापमान आमतौर पर हिमांक बिंदु से तीन से आठ डिग्री नीचे चला जाता है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**एचएएल के नागरिक हेलीकॉप्टर परीक्षण उड़ान को हरी झंडी**

**बेंगलुरु।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को एचएएल के उन्नत हल्के नागरिक हेलीकॉप्टर ध्रुव एनजी की पहली परीक्षण उड़ान को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस उपलब्धि को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी छलांग बताया। मंत्री नायडू ने एक्स पर कहा, ध्रुव एनजी का स्वदेशी शक्ति इंजन द्वारा संचालित होना, भारत की विश्व स्तरीय रोटरी-विंग प्लेटफॉर्म के डिजाइन और निर्माण की क्षमता को दर्शाता है। यह सफलता भारत को वैश्विक विमानन विनिर्माण केंद्र के रूप में मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश आयात पर निर्भरता से स्वदेशी विश्वसनीयता की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर है। यह भारत के नागरिक उड्डयन और रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है। अब मुख्य लक्ष्य एचएएल के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने पर है।

**उमर ने किया तिहाड़ जेल में सरेंडर, जमानत अवधि समाप्त**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में आरोपित और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व शोधार्थी उमर खालिद ने अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। खालिद को यह राहत अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए दी गई थी, जिसकी अवधि पूरी होते ही उन्होंने अदालत के आदेश के अनुरूप आत्मसमर्पण किया। कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी की अदालत ने उमर खालिद को 16 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक अंतरिम जमानत पर रिहा किया था। अदालत ने यह स्पष्ट किया था कि जमानत केवल सीमित उद्देश्य के लिए दी जा रही है, ताकि वह अपनी बहन की शादी में शामिल हो सकें। खालिद की बहन की शादी 27 दिसंबर को निर्धारित थी।

# भारत ने पकड़ी सुधारों की तेज रफ्तार

## प्रधानमंत्री ने अपने लिंक्डइन अकाउंट पर रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर लेख किया साझा

### 2025 में कई सेक्टरों में हुए जबरदस्त सुधार, जिन्होंने ग्रोथ यात्रा को दी गति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष बताते हुए कहा है कि भारत ने विकास और समृद्धि की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाते हुए रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार होकर तेज रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक और दूरगामी सुधारों ने देश को त्वरित विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की मजबूत पटरी पर खड़ा कर दिया है तथा ये सुधार विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने लिंक्डइन अकाउंट पर रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर एक लेख शेयर किया, जिसमें शासन के उस शांत लेकिन लगातार काम पर बात की गई है, जिसने हफ्ते-दर-हफ्ते रुकावटों को धीरे-धीरे दूर किया। यह बताते हुए कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार हो गया है प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार हो गया है! 2025 में कई सेक्टरों में जबरदस्त सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी ग्रोथ यात्रा को गति दी है। ये विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयासों को भी बढ़ाएंगे। लिंक्डइन पर कुछ विचार शेयर किए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी वजह देश के लोगों की नवोन्मेषी सोच, युवा शक्ति और अथक परिश्रम है। दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है और यह विश्वास कर रही है कि भारत में अगली पीढ़ी के, व्यापक और बहुआयामी सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति को अभूतपूर्व ढंग से तेज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस रिफॉर्म एक्सप्रेस का प्रमुख इंजन भारत की जनसांख्यिकी है- हमारी युवा आबादी और लोगों का अदम्य साहस। वर्ष 2025 को एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया और बीते 11 वर्षों में किए गए प्रयासों को नई ऊंचाइयों तक ले जाया गया। इस दौरान संस्थानों का आधुनिकीकरण किया गया, शासन को सरल बनाया गया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की मजबूत नींव रखी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिक महत्वाकांक्षा, तेज क्रियान्वयन और गहरे परिवर्तन के साथ आगे बढ़ते हुए ऐसे सुधार किए, जिनका उद्देश्य नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, उद्यमियों को नवाचार के लिए भरोसा और संस्थानों को स्पष्टता व विश्वास के साथ काम करने का वातावरण देना है। छोटे और मध्यम व्यवसायों को प्रोत्साहन देते हुए 'छोटी कंपनियों' की परिभाषा का विस्तार कर 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाली कंपनियों को शामिल किया गया है, जिससे हजारों कंपनियों का अनुपालन बोझ और लागत कम होगी। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति से बीमा कवरेज बढ़ेगा, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रतिभूति बाजार सुधारों के तहत संसद में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक पेश किया गया है, जिससे सेबी में सुशासन मजबूत होगा, निवेशकों का संरक्षण बढ़ेगा और अनुपालन बोझ घटेगा। समुद्री और ब्लू इकॉनमी सुधारों के तहत मानसून सत्र में पांच महत्वपूर्ण समुद्री कानून पारित किए गए, जिनसे दस्तावेजीकरण सरल हुआ और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी।

**वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) साफ-सुथरी संरचना हुई लागू**

उन्होंने प्रमुख सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में दो स्लैब–5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की साफ-सुथरी संरचना लागू की गई है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं, एमएसएमई, किसानों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर बोझ कम हुआ है। इसका उद्देश्य विवादों में कमी लाना और बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करना है, जिससे उपभोक्ता भावना और मांग में वृद्धि हुई है। मध्य वर्ग को ऐतिहासिक राहत देते हुए सरकार ने 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह आयकर से मुक्त कर दिया है। साथ ही वर्ष 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को हटाकर सरल और आधुनिक आयकर अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कदम पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित कर प्रशासन की दिशा में बड़ा बदलाव हैं।

**29 श्रम कानूनों को चार आधुनिक संहिताओं में किया गया समाहित**

श्रम सुधारों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 29 श्रम कानूनों को चार आधुनिक संहिताओं में समाहित किया गया है, जिससे श्रमिकों के हित सुरक्षित होंगे और व्यावसायिक वातावरण मजबूत होगा। इन सुधारों से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ेगी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का दायरा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि न्यूज़ीलैंड, ओमान और ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौतों तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एफटीए से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई गति मिलेगी। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शांति अधिनियम को स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत प्रौद्योगिकी की दिशा में परिवर्तनकारी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे निजी क्षेत्र की भागीदारी और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

# बस ने 13 लोगों को कुचला व चार लोगों की मौत, नौ घायल



एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के भांडुप में रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार देर रात एक बस ने 13 पैदल यात्रियों को कुचल दिया। हादसे में 3 महिला सहित 4 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसा रात 9.35 बजे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट की बस से हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बेस्ट की बस रिवर्स करते समय बेकाबू हो गई और सड़क पर चल रहे लोगों को चपेट में ले लिया।। हादसे के बाद बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाद एम्बुलेंस, मुंबई फायर ब्रिगेड और बेस्ट की टीम मौके पर पहुंची। पीड़ितों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से राजावाड़ी और एम.टी. अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बस ने एक बिजली के खंभे को भी टक्कर मारी, जिससे वह गिर गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी, फार्मासिस्ट सैमिनी मुदलियार ने बताया कि वह पास के बस स्टॉप पर अपनी बस का इंतजार कर रही थीं। तभी एक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। मुदलियार ने कहा- अगले ही पल मैंने लोगों को बस से टकराते हुए उछलकर गिरते देखा। बस कुछ देर बाद रुक गई


**पीएम ने हादसे पर जताया दुख**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुंबई के भांडुप में हुए एक दर्दनाक बस हादसे पर शोक व्यक्त किया। इसी मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर करते हुए कहा, मुंबई के भांडुप में हुए हादसे में जानमाल के नुकसान से दुखी हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हों।

# उत्तर प्रदेश में एसआईआर की समय-सीमा बढ़ी, अब छह जनवरी को होगा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी जानकारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय सीमा बढ़ा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन का कार्य अब आगे बढ़ा दिया गया है। आयोग के अनुसार अब छह जनवरी 2026 को जारी होगी, जबकि अंतिम सूची छह मार्च 2026 को जारी की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को किया जाएगा। इस पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक तय की गई है। 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च 2026 को किया जाएगा।

### कोहरे ने बाधित किया आईजीआई एयरपोर्ट पर परिचालन, 118 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण मंगलवार को विमानों के परिचालन बाधित होने से कम से कम 118 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि 16 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 130 की सेवाओं में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे पर 60 आगमन और 58 प्रस्थान उड़ानें रद्द की गईं, जबकि 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का संचालन होता है। मंगलवार सुबह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 130 उड़ानों के परिचालन में देरी हुई और प्रस्थान उड़ानों का औसत विलंब समय करीब 28 मिनट रहा।

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। उनके बेटे तारिक रहमान, जो स्वेच्छा से ब्रिटेन में निर्वासन में चले गए थे, चुनाव लड़ने और अपनी बीमार मां को देखने के लिए हाल ही में स्वदेश वापस लौटे थे। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था।



**मोदी ने खालिदा को दी श्रद्धांजलि**

प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री और बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और बंगलादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए ढाका जाएंगे जयशंकर**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मुखिया खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत सरकार एवं देश की जनता का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए वह बुधवार, 31 दिसंबर को ढाका जाएंगे। बेगम खालिदा ज़िया का आज सुबह ढाका के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं।

### आईएमके के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, असम-त्रिपुरा में 11 आतंकी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** भारतीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों ने पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर असम में सक्रिय एक कट्टरपंथी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह नेटवर्क बांग्लादेश आधारित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश से जुड़े 'इमाम महमूदर काफिला' मॉड्यूल के तहत संचालित हो रहा था। असम पुलिस के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जांच में सामने आया है कि बांग्लादेशी नागरिक उमर और खालिद को असम में गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई थी। असम मॉड्यूल का नेतृत्व बरपेटा रोड निवासी नसीम उद्दीन उर्फ तमीम कर रहा था।

# बंगाल में घुसपैठ से देश की सुरक्षा को खतरा

**भाजपा के रहते मतुआ समुदाय को चिंता करने की जरूरत नहीं : शाह**

एजेंसी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ को लेकर ममता सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ आज सिर्फ बंगाल के अस्तित्व पर संकट नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के शासनकाल में घुसपैठ को खुली छूट मिली, जिसके कारण राज्य की जनसंख्या संरचना तेजी से बदली है। अमित शाह ने यहां मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि बांग्लादेश से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ लगातार जारी है लेकिन केंद्र सरकार के बार-बार अनुरोध के बावजूद बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जानबूझकर ऐसा कर रही है, ताकि घुसपैठ जारी रहे और उसकी राजनीतिक जमीन बनी रहे। गृहमंत्री ने कहा कि यह स्थिति बंगाल ही नहीं, पूरे देश के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उन्होंने साफ कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के आगामी चुनाव में घुसपैठ सबसे बड़ा मुद्दा होगा। अमित शाह ने दावा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो बांग्लादेश से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा को पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा। साथ ही अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें चुन-चुन कर उनके देश वापस भेजा जाएगा। गृह मंत्री ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा बंगाल में दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जनता अब ममता सरकार की नीतियों से ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है।

### काशी-अयोध्या में तीन किमी लंबी बैरिकेडिंग, दर्शन के लिए 10 सेकेंड से कम समय

**नई दिल्ली।** नए साल से पहले देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। अयोध्या में रामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ में दर्शन के लिए 2-2 किमी लंबी लाइनें और 3 किमी तक बैरिकेडिंग की गई है। दर्शन के लिए 10 सेकेंड से कम समय मिल रहा है। राजस्थान के सीकर में खाटूश्यामजी मंदिर में भी लंबी कतारें लगी हैं। घंटों इंतजार के बाद दर्शन हो रहे। जैसलमेर न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर हॉट डेस्टिनेशन बना है। यहां हजारों की संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। नए साल की शुरुआत लॉन्ग वीकेंड से हो रही है। इस साल 12 महीने में 15 लॉन्ग वीकेंड होंगे।

# यूपी एसटीएफ ने साठ लाख के गांजे के साथ कार सवार चार तस्कर दबोचे

समृद्धि न्यूज

**दो कुंतल 24 किग्रा अवैध गांजा, दो कार व चार मोबाइल फोन बरामद**

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने चार तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से साठ लाख रुपए कीमत का अवैध गांजा बरामद किया है। एसटीएफ टीम ने इनके पास से दो कुंतल 24 किग्रा अवैध गांजा, दो कार व चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। यूपी के स्पेशल टास्क फोर्स के अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ टीम ने हापुड़ जिले के हापुड़-किठौर रोड हापुड़ देहात के पास से मंगलवार को मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह का राजफाश कर इंचौली जनपद मेरठ निवासी अनुज, इंचौली जनपद मेरठ निवासी अमजद, इंचौली जनपद मेरठ निवासी राहुल कुमार व शामली जिले के बुढ़ाना निवासी खुशनूद खान को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चारों तस्करों के पास से दो कुंतल 24 किलोग्राम अवैध गांजा, दो कार व चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। बरामद गांजे की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में साठ लाख रुपए बताई जा रही है।

# वंदेभारत स्लीपर ट्रेन 180 की रफ्तार से दौड़ी, रेल मंत्री ने साझा किया वीडियो

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ने आज नई पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया। ट्रेन 180 किमी की रफ्तार से कोटा-नागदा खंड पर दौड़ी, जिसका वीडियो रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साझा किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि का वीडियो के साथ अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया।

उन्होंने कहा कि आज रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा वंदे भारत स्लीपर का परीक्षण किया गया। यह कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हमारे स्वयं के जल परीक्षण ने इस नई पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया। वंदेभारत चेयरकार के बाद अब लोगों को बहुप्रतिक्षित वंदेभारत स्लीपर का इंतजार है। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। रेलवे वर्तमान में इसका परीक्षण कर रहा है। गौरतलब है कि सोमवार रात मुंबई के भांडुप रेलवे स्टेशन के पास एक बेस्ट बस के राहगीरों को कुचल देने से चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

**समझौता** नौसेना के लिए खरीदे जाएंगे भारी वजन वाले टॉरपीडो, हुआ 1,896 करोड़ रुपये का अनुबंध

# सेना-नौसेना को जल्द मिलेंगी 4.25 लाख क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और नौसेना को अब जल्द ही 4.25 लाख क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन मिल जाएगी, क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए, दो निजी फर्मों के साथ 2,770 करोड़ रुपये का करार किया है। नौसेना के लिए भारी वजन वाले टॉरपीडो खरीदने के लिए अलग से 1,896 करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। कुल 4,666 करोड़ रुपये के यह समझौते मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में साउथ ब्लॉक में किए गए। रक्षा मंत्रालय ने 4.25 लाख से ज्यादा सीक्यूबी कार्बाइन और संबंधित उपकरणों के लिए 2,770 करोड़ रुपये का समझौता भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है। यह कामयाबी आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत पुराने सिस्टम को आधुनिक स्वदेशी तकनीक से बदलकर भारतीय सेना और नौसेना को विश्व स्तरीय मारक क्षमता से लैस करने की लगातार कोशिश का नतीजा है। आधुनिक इन्फेंट्री हथियारों के जखीरे का अहम हिस्सा होने के नाते सीक्यूबी कार्बाइन अपनी अनोखी डिजाइन और स्वदेश निर्मित फायरिंग क्षमता की वजह से करीबी लड़ाई में अहम बढ़त देती है, जिससे तंग जगहों पर तेज और निर्णायक मारक क्षमता मजबूत होगी। भारतीय नौसेना की कलवरी क्लास सबमरीन (पी-75) के लिए 48 हैवी वेट टॉरपीडो और उससे जुड़े उपकरणों की खरीद के लिए इटली की फर्म सबमरीन सिस्टम्स एसआरएल के साथ लगभग 1,896 करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। इस खरीद से छह कलवरी क्लास सबमरीन की लड़ाकू क्षमता बढ़ेगी। टॉरपीडो की आपूर्ति अप्रैल, 2028 से शुरू होगी और 2030 की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। इन टॉरपीडो में काफी ऑपरेशनल क्षमताएं और उन्नत तकनीकी विशेषताएं हैं। इस खरीद से खास तकनीक और उन्नत क्षमता वाले हथियारों को शामिल करके भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल जरूरतें पूरी होंगी। यह समझौता सरकार और प्राइवेट सेक्टर के बीच तालमेल को दिखाता है, जिससे मेक-इन-इंडिया पहल को और बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, रोजगार के मौके बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा और भारतीय लघु उद्योगों को छोटे उपकरणों के निर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के जरिए बढ़ावा देकर स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी मजबूत बनाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के लिए 1,82,492 करोड़ रुपये के पूंजी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

# हाई वोल्टेज तार की चपेट में आया युवक, झुलसकर मौत

**करंट से हाथ पैर जलकर गले, ट्रैक्टर से मिट्टी गिराते समय हादसा**

समृद्धि न्यूज



**मिहींपुरवा,बहराइच।** कोतवाली मूर्तिहा के ग्राम पंचायत नौबना में एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब सड़क पर मिट्टी गिरा रहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आ गया। तार के ट्रॉली से टच होते ही ट्रैक्टर में तेज करंट उतर गया, जिससे मौके पर काम कर रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सड़क पर मिट्टी गिराने का कार्य कर रहा था।

इसी दौरान ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज विद्युत तार ट्रॉली से छू गया। देखते ही देखते पूरे ट्रैक्टर में करंट फैल गया और युवक उसकी चपेट में आ गया। करंट लगते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग डर के कारण पास नहीं जा सके। कुछ देर के लिए ट्रैक्टर के पास चिंगारी और धुआं भी दिखाई दिया, जिससे लोग सहम गए। हादसे के कारण सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद करवाई गई। इसके बाद घायल युवक अजय पुत्र अज्ञात उर्रा के मजरे केवलपुर का निवासी था। जो नौबना में ट्रैक्टर से मिट्टी गिरा रहा था। नौबना मे ही 11000 विधुत तार के चपेट आने से ट्रैक्टर ड्राइवर की मृत्यु हो गई।स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में रोष देखा जा रहा है। बताया जा रहा



है कि सड़क के ऊपर से गुजर रहे बिजली तार काफी नीचे लटके हुए थे, जिससे यह हादसा हुआ।

## युवक ने गार्ड को धक्का दिया, गिरते ही मौत, निजी अस्पताल में था तैनात



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एक निजी अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड की एक युवक द्वारा धक्का दिए जाने से मौत हो गई। यह घटना देहात कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात कहासुनी के बाद हुई। आरोपी युवक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देहात कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और अस्पताल स्टाफ से जानकारी ली, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान रानीपुर थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी नंद पाल यादव के रूप में हुई है, जो देहात कोतवाली इलाके में स्थित स्पर्श नर्सिंग होम में सुरक्षा गार्ड के तौर पर कार्यरत थे। सोमवार देर रात जब वह अपनी नाइट ड्यूटी पर पहुंचे, तो पड़ोस में रहने वाले अनुपम पांडे नामक युवक से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। अनुपम पांडे ने नंद पाल यादव पर हमला कर उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक (नगर) अशोक कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से मामले की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि युवक द्वारा मारपीट के दौरान गार्ड की मौत की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## सुजौली में एंबुलेंस में गूंजी किलकारी ईएमटी की सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** जनपद में मीरा देवी अनिल निवासी कारीकोर्ट थाना सुजौली को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। जिसकी जानकारी पारिवारिक जन को हुआ और तुरंत आशा नंदरानी के द्वारा 102 नंबर पर सूचित किया। जिसकी सूचना 102 एंबुलेंस नंबर यूपी32ईजी 1170 को प्राप्त हुई सूचना मिलते ही एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी मनमोहन वर्मा व पायलट शरीफ बड़ी सजकता से एंबुलेंस लेकर पहुंचे।

वहां पर बड़े तत्परता से मरीज को एंबुलेंस में शिफ्ट कराया। अस्पताल ले जाते समय प्रसव पीड़ा अधिक होने पर एमटी मनमोहन वर्मा ने रास्ते में एंबुलेंस रोक करके परिवारजन की मदद से सुरक्षित प्रसव पीड़ा कराया। जच्चा बच्चा हुआ दोनों स्वस्थ है और प्रसव पश्चात ले जाकर सुरक्षित पीएचसी सुजौली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया परिवार जनों में खुशी का माहौल है ईएमटी मनमोहन



ने बताया कि महिला को तेज प्रसव पीड़ा हो रही थी जिस पर महिला का प्रसव एंबुलेंस में ही कराया गया है जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

बीते पिछले कई महीनो में कई गर्भवती महिलाएं जो समय से अस्पताल नहीं पहुंच सकी उनका प्रसव एंबुलेंस में ही सुरक्षित करवाया गया है। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी बताया कि जिला मुख्यालय से सुजौली क्षेत्र की दूरी अधिक होने के चलते एंबुलेंस सुविधा दुर्गम इलाकों में वरदान साबित हो रही है।

## सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण को प्रशासन ने कराया ध्वस्त

**अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कगार स्थित गाटा संख्या 603 रकबा 0.0024हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के नाम दर्ज है। उपरोक्त सरकारी भूमि पर रात्रि में पक्का निर्माण करके मेहमान सिंह, ध्रुव सिंह, सर्वजीत सिंह, बघेल सिंह पुत्रगण ननकऊ सिंह द्वारा दीवार खड़ी अवैध कब्ज़ा करने की शिकायत प्राप्त होने पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर संबंधित राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पक्के बने निर्माण को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया गया।

सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचौनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है। वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी

## हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम पयागपुर मे सम्पन्न



समृद्धि न्यूज

**पूर्व एआरपी ने बाल विकास परियोजना तथा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर डाला प्रकाश**

**बहराइच।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर के प्रांगण में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बाल विकास परियोजना तथा बीएससी शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम संपन्न हुआ।खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला देवी के नेतृत्व में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें दोनों विभागों के संबंध में स्थापित कर बच्चों के साहित्य गुणवत्ता नामांकन सहायक शिक्षक सामग्री लर्निंग कॉर्नर छोटे बच्चों के रंगों की पहचान बाय तथा आंतरिक खेल आज बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्रा ने बाल विकास परियोजना तथा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। हमारा आँगन,हमारे बच्चे कार्यक्रम के कार्यशाला को वक्ताओं शत प्रतिशत नामांकन शत प्रतिशत उपस्थिति तथा, शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विचार विमर्श किया। वक्ताओं के क्रम में एआरपी सुनील कुमार पांडेय, पंकज प्रकाश मिश्र, पवन कुमार शुक्ल, रामकुमार पांडेय, नोडल संकुल अभीकेश त्रिपाठी,अनिल सिंह, आनन्द प्रताप सिंह, अजय श्रीवास्तव, राजेंद्र शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रियंका मिश्रा, लीना शर्मा, कार्यालय प्रभारी सुनील त्रिपाठी प्रभु दयाल मिश्रा रोहित शुक्ला राजेंद्र चक्रवर्ती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमा त्रिपाठी, साधना वर्मा, आदि शिक्षक कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## वीएचएनएससी को मजबूत करके सुशासन की परिकल्पना को साकार करने पर जोर



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के प्रोजेक्ट जागृति 4 के अंतर्गत धन्वंतरि सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण की सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाह्न किया गया एवं वी.एच.एन.एस.सी के माध्यम से, गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता, आईएफए वितरण, वीएचएनडी आदि की निगरानी की बात कही गई। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ संजय कुमार ने ग्राम स्तर पर वी.एच.एन.एस.सी को मज़बूत करके सुशासन की परिकल्पना को साकार करने पर ज़ोर दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि हम सभी का प्रयत्न होना चाहिए कि हम सभी प्रत्येक योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचने का कार्य करें। जिससे सुशासन की परिकल्पना को हम साकार कर सके आम जनमानस तक स्वास्थ्य एवं पोषण सुविधाओं को पहुंचाने से स्वस्थ समाज स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ राजेश कुमार, डी.पीएम सरजू खान, डीसीपीएम राशिद खान, चिकित्सा अधीक्षक फखरपुर डॉ नरेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक तेजवापुर डॉ अभिषेक अग्निहोत्री, डॉ विजित जायसवाल, बीसीपीएम रोहित वर्मा, डॉ रियाजुल, ग्राम प्रधान, ममता जागृति प्रोजेक्ट के ज़िला समन्वयक डॉ यासिर, एवं टीम के अन्य सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश हिंसा के विरोध में प्रदर्शन, फूंका पुतला

**बहराइच।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और अपना आक्रोश व्यक्त किया। यह हिंसा हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद शुरू हुई है।

योगी महासंघ के बैनर तले लोगों ने जिलाधिकारी चौराहे से जन आक्रोश रैली निकाली। रैली के दौरान जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के पास स्थित धरना स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने युनुस सरकार का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुनियोजित तरीके से हत्याएं की जा रही हैं और उनके घरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार इस पर रोक लगाने में विफल रही है। सभी प्रदर्शनकारियों ने भारत की केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइक, मोबाइल हुई चोरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग स्थानों से दो बाइक और एक लाख का आई फोन चोरी हो गया। तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रिक्खी राम पुरवा मौजा बनबरिया निवासी आनंद कुमार मिश्रा पुत्र पारस नाथ अफीम कोठी के पास एक मैरिज हाल में निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने आया था। मैरिज हाल के बाहर गाड़ी खड़ा कर के अंदर गया। थोड़ी देर के बाद जब वापस आया तो उस की बाइक नहीं थी। अज्ञात लोग बाइक उठा ले गए। तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी जोत निवासी मनीष शाहू पुत्र बंसी लाल के घर के अंदर खड़ी बाइक को गेट खोल कर चोर उठा ले गए। तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के केशव पुर पहड़वा निवासी स्वास्तिक सिंह पुत्र मनोज सिंह ने बताया कि वह बाहर जाने के लिए गोंडा बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहा था। तभी किसी ने उस का आई फोन चुरा लिए जिस की कीमत एक लाख रुपए है। तहरीर पर नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दोनों तरफ से किया दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रुदपुर बिसेन गांव के निवासी संजय कुमार सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया है कि सोमवार की देर रात्रि करीब 9 बजे राज करन सिंह उर्फ कल्लू सिंह उनकी पत्नी साधना सिंह बेटा फुले ने लाठी डंडा सरिया से हमला कर के मारा पीट है। दूसरी तरफ साधना सिंह ने तहरीर है कि वह गांव में दुकान करती है। संजय सिंह देर रात्रि उस के दुकान पर दारू पीकर आए और जो समान खरीदा उस का पैसा मांगने पर मारपीट किए। पुलिस ने मुकदमा मार पीट का दर्ज किया है।

### दरोगा अमर पटेल को 10000 घूस लेते गिरफ्तार

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** एंटी करप्शन टीम ने दरोगा अमर पटेल को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए नवाबगंज ब्लॉक परिसर से गिरफ्तार कर लिया है दरोगा अमर पटेल लगातार एक मामले में आरोपी बृजेश यादव को धारा बढ़ाकर जेल भेजने की धमकी देकर पैसे की मांग कर रहा था। जिसकी जानकारी बृजेश यादव ने एंटी करप्शन टीम को दिया था जिसपर ये कार्रवाई हुई है।

## किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन पर कब्जा, भाकियू ने किया प्रदर्शन



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले की नानपारा तहसील के बेलामकन गांव में चकबंदी पूरी होने के बाद भी किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन पर अन्य लोगों का कब्जा है। इस मुद्दे पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनके प्रतिनिधि को सौंपा।

यूनियन ने किसानों को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि चकबंदी का कार्य पूरा होने के बावजूद किसानों को अभी तक खतौनी में दर्ज चकों पर कब्जा नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके के दबंगों ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर रखा है। तिवारी ने कहा कि किसान लगातार चकबंदी और राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक जमीनों की पैमाइश नहीं कराई गई है। इस स्थिति से किसान बेहद परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरान यूनियन के महासचिव संतोष जायसवाल, सचिव राम गोपाल प्रजापति, राधेश्याम तिवारी, बृजेश पाठक, प्रदीप सिंह, हरिराम गुप्ता, दिनेश गौतम, ओंकार गुप्ता, निशा कुमारी, कुसुमा देवी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## जिले में 48 घंटे में मारे गए दो भेड़िए, वन विभाग ने किया शूट

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज वन रेंज में वन विभाग ने मंगलवार को एक भेड़िए को मार गिराया। यह कार्रवाई रेस्क्यू अभियान के दौरान की गई। बीते 48 घंटों में यह दूसरा भेड़िया है जिसे वन विभाग ने शूट किया है। मंगलवार को भिरगू पुरवा के पास भेड़िए की मौजूदगी की सूचना मिली थी। रेस्क्यू टीम को देखकर भेड़िया खेतों की ओर भागने लगा, जिसके बाद शूटर ने उसे गोली मार दी। चेहरे पर गोली लगने से भेड़िया मौके पर ही ढेर हो गया।

इससे पहले, रविवार को भी वन विभाग की टीम ने इसी इलाके के बिरजा पकड़िया क्षेत्र में एक भेड़िए को शूट किया था। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गश्त के दौरान भेड़िए को देखा गया और पीछा करने के बाद उसे गोली मार दी गई। उन्होंने बताया कि मारा गया भेड़िया मादा है और उसकी उम्र लगभग चार साल थी। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक कुल आठ भेड़िए मारे जा चुके हैं।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति ने एसपी को दिया शिकायत पत्र



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद मे पत्रकार समाज कल्याण समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक गोन्डा को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही कि मांग की गई है ।मामला बीते दिनों सदन मे नेता प्रतिपक्ष द्वारा खुले मंच पर पत्रकारों को बदनाम करने का कार्य किया गया है ।नेता प्रतिपक्ष श्री पाण्डेय ने देश के चौथे स्तंभ को बदनाम करना चाहा और सदन मे कहा कि खबर लगाने को लेकर पत्रकारों द्वारा मोटी रकम मांगी जाती है न देने पर गाड़ी का तेल के लिए कहा है। जिसकी पत्रकार समाज कल्याण समिति घोर निन्दा करता है तथा इसी को लेकर पुलिस अधीक्षक गोन्डा विनीत जायसवाल को जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता की अगवानी मे शिकायत पत्र दिया गया है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कभी भी पत्रकारों के उत्पीड़न की चर्चा सदन मे नही की और न कभी पत्रकारो के सम्मान की बात की लेकिन पत्रकारो के मान–सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए किसी एक तथाकथित पत्रकार द्वारा किये गये कार्यों की बात को खुले मंच पर कह दिया इससे जनपद के पत्रकारों मे रोष व्याप्त है और कुंठित मानसिकता के नेता प्रतिपक्ष श्री पाण्डेय को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। पत्रकार समाज कल्याण समिति गोन्डा के सैकड़ों पत्रकार साथियों ने इस तरह अपमानित करने के मामले मे बढचढ कर साथ दिया और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय को माफी मांगने की बात कही। इस अवसर पर सैकड़ों पत्रकार साथी मौजूद थे।

## पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने समीक्षा कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

समृद्धि न्यूज़




**गोंडा।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर की जा रही मिशन शक्ति समीक्षा में मंगलवार को थाना पयागपुर जनपद बहराइच व थाना कौड़िया जनपद गोण्डा की समीक्षा की गयी। इस दौरान आईजी अमित पाठक द्वारा थाना प्रभारी पयागपुर जनपद बहराइच से नाबालिग गुमशुदा बालिका की बरामदगी की स्थिति एवं थाना प्रभारी द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।

थाना प्रभारी द्वारा किये गए प्रयास संतोषजनक ना होने पर आईजी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा 01 हफ्ते में बालिका को बरामद करने के निर्देश दिए गए। वहीं थाना पयागपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान में निर्धारित स्ह्क्क के अनुरुप कार्यवाही की गई तथा निरोधात्मक कार्यवाही में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिशन शक्ति टीम को नकद पुरस्कार देने के निर्देश दिए गए। थाना कौड़िया जनपद गोण्डा द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रियान्वयन सही ढंग से नही किया गया। महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, महिला बीट रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही, फीडबैक गुणवत्ता एवं जनसुनवाई रजिस्टर एवं इससे जुड़ी कार्यवाही/क्रियान्वयन निर्धारित स्ह्क्क के अनुरूप एवं गुणवत्तायुक्त नही पाया गया। जिस पर आईजी अमित पाठक द्वारा नाराजगी प्रकट की गई। आइजी अमित पाठक द्वारा अपहृत/गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**महोत्सव** | खादी व ग्रामोद्योग महोत्सव-2025-26 का जनपद के प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन

## विभिन्न प्रकार के लाभार्थियों को चेक, सिलाई मशीन व किट वितरित

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कॉलेज, (टामसन) में मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग महोत्सव-2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 29 दिसंबर,2025 से 07 जनवरी,2026 तक रहेगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री कारागार विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान जी के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, सांसद गोण्डा/केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में



गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।उद्घाटन उपरान्त अतिथियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में लगी विभिन्न दुकानों का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा निर्मित खादी वस्त्र, हथकरघा उत्पाद, हस्तशिल्प, मधुमक्खी पालन, अगरबत्ती, साबुन, मसाले, आचार, पापड़, जैविक उत्पाद एवं अन्य ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा अत्यधिक सराहना मिली। प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान जी ने अपने संबोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होते हैं और स्थानीय कारीगरों को सम्मानजनक आजीविका मिलती है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग द्वारा चयनित लाभार्थियों को चेक, सिलाई मशीन एवं आवश्यक किटों का वितरण किया गया। लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस सहयोग से उन्हें अपना व्यवसाय सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जनपद में खादी एवं ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने स्वरोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।

महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला उद्योग केन्द्र एवं संबंधित विभागों की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्र, जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन विवि को सशक्त बनाने व सभी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

## दिव्यांगजन व पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तिकरण की दिशा में योगी सरकार उठा रही ठोस कदम, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मिली गति

**पेंशन और नि:शुल्क बस सेवा से सामाजिक सुरक्षा हुई मजबूत, खेल, कला और कौशल से दिव्यांग प्रतिभाओं को मिला मंच**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों, दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग, के सर्वांगीण सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। शिक्षा, पेंशन, नि:शुल्क परिवहन, कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से सरकार का लक्ष्य इन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करना है। इसी क्रम में योगी सरकार की ओर से दिव्यांग विश्वविद्यालयों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि योगी सरकार की नीतियां केवल सहायता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। सात दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता, प्रयागराज और ललितपुर में दिव्यांग पुनर्वासन पर राष्ट्रीय कार्यशालाएं, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी एवं बागपत में चित्रकला व हस्तकला प्रदर्शनी एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

### दिव्यांग विश्वविद्यालयों को सशक्त बनाने पर सरकार का फोकस

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि ये संस्थान दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने मंडल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर अधिक से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति तथा निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए गए।

### दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा और सुविधाओं का विस्तार

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में 11,88,425 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 13,357 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन, नि:शुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत, 16,97,319 दिव्यांगजन एवं उनके सहयोगियों को लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य निधि का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हित में किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की सख्त मॉनिटरिंग

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी जब उनका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री ने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने और कमजोर प्रगति वाले जिलों में जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में=शादी अनुदान योजना से 72,690 लाभार्थी लाभान्वित, छात्रवृत्ति योजना के तहत 12,76,303 विद्यार्थियों को सहायता, कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में 25,588 'ओ' लेवल एवं 9,304 'सीसीसी' प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया।

# स्नातक, शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस तैयार, 11 सीटों पर पर्यवेक्षक घोषित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी इन चुनावों को संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के अवसर के रूप में देख रही है। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राज्य की 11 विधान परिषद सीटों के लिए पर्यवेक्षकों की घोषणा की। कांग्रेस नेतृत्व ने स्नातक और शिक्षक वर्ग को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से वरिष्ठ नेताओं, सांसदों और पूर्व सांसदों को जिम्मेदारी सौंपी है। लखनऊ स्नातक और शिक्षक क्षेत्र के लिए किशोरी लाल शर्मा सांसद और पीएल पुनिया पूर्व सांसद को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं वाराणसी क्षेत्र की जिम्मेदारी भगवती प्रसाद चौधरी और पशुपति नाथ राय को दी गई है। आगरा क्षेत्र में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के साथ विवेक बंसल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मेरठ स्नातक और शिक्षक क्षेत्र के लिए इमरान मसूद सांसद और हरेन्द्र अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इलाहाबाद स्नातक क्षेत्र में उज्जवल रमण सिंह सांसद और नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अलावा बरेली-मुरादाबाद क्षेत्र के लिए कुंवर दानिश अली और फूल कुंवर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### युवक की हत्या, धारदार हथियार से सिर-चेहरे पर कट लगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गई है। किसी धारदार हथियार से उसका सिर और चेहरे पर कट लगाए गए हैं। जहां उसका शव पड़ा मिला वहीं पास में उसकी चप्पलें पड़ी हैं। मृतक का मोबाइल फोन गायब है। रविवार को वह घर से लापता हुआ था। घरवालों ने पुलिस में आज (मंगलवार) सुबह गुमशुदगी लिखवाई थी। गुमशुदगी के कुछ ही देर बाद किसी ने थाने में सूचना दी कि मऊ नहर पुल से हुलासखेड़ा मार्ग पर एक शव पड़ा है। शव के चेहरा बुरी तरह कूंचा हुआ है। पुलिस पहुंची। शिनाख्त कराने लगे तो यह उसी युवक का शव निकला जो एक दिन पहले लापता हुआ था। मृतक की पहचान जेल रोड निवासी अलमास सिद्दीकी (23) के रूप में हुई। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पहुंची। शव के पास मृतक की चप्पलें पड़ी थीं। मृतक के मामा का बेटा अरशद ने बताया रात से ही परिजन उसे खोज रहे थे लेकिन कुछ पता नहीं चला। आज दोपहर में सोशल मीडिया से जानकारी हुई कि मौत हो चुकी है। मृतक अलमास के पिता रवी मोहम्मद ने सुबह ही मोहनलालगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### अपार्टमेंट में स्प्रे छिड़कने से डरे आवंटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित इकबाल नगर के रजा अपार्टमेंट में बीती रात एक महिला घुसकर फ्लैटों के दरवाजे खटखटाने लगी और लोगों पर स्प्रे करने लगी। अचानक हुई इस घटना से अपार्टमेंट में रहने वाले लोग डर गए और शोर मचाने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुरुआत में तीन संदिग्ध महिलाओं के अपार्टमेंट में घुसने की बात सामने आई थी। आरोप था कि महिलाएं अलग-अलग फ्लैटों के दरवाजे खटखटाकर अंदर मौजूद महिलाओं पर नशीला स्प्रे छिड़क रही थीं। हंगामा बढ़ने पर लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, इसी दौरान दो महिलाएं मौके से फरार हो गई। जबकि एक महिला को पकड़ लिया गया। पकड़ी गई महिला से पूछताछ के दौरान पुलिस कर्मियों के ऊपर भी स्प्रे करने लगी। जब उसे थाने ले जाकर बैठाया गया और पूछताछ की गई वहां भी वह वो चिल्लाने लगी। पुलिस जांच में सामने आया कि पकड़ी गई महिला मानसिक रूप से कमजोर है। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर के अनुसार महिला घर से बिना बताए निकल गई थी और भटकते हुए रजा अपार्टमेंट पहुंच गई।

### सड़क के किनारे मिले व्यक्ति की मौत, सिर पर चोट के निशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विकास नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क के किनारे एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर विकास नगर आलोक सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली कि सड़क के किनारे करीब 50 साल का व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उसे इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आलोक सिंह ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय निवासियों से पूछताछ के आधार पर मृतक की पहचान लाला राम वर्मा (50) पुत्र सालिकराम, निवासी ग्राम चंदेशुआ, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि लाला राम वर्मा विकासनगर रोड के पास लाई-चना बेचता था। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ज्वाइंट सीपी ने चलाया चेकिंग अभियान, वाहनों की चेकिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर नए साल के चलते ज्वाइंट सीपी ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्क्वॉड समेत कई टीम में मौजूद रहीं। चौराहे से गुजरने वाली हर गाड़ियों की चेकिंग की गई। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे पुलिस टीम चौराहे पर चेकिंग करने उतरी। इस दौरान बिना हेलमेट और नियमों का उल्लंघन करने वालों की गाड़ी को रुकवाया गया। कई ऐसे चालक रहे जो पुलिस को देखकर भागते नजर आए। वही जिन्हें रोका गया वह अलग-अलग बहाने बनाते रहे। जितनी गाड़ियां रोकी गई उसमें कई गाड़ियों में हेलमेट मिला। हालांकि किसी ने लगा नहीं रखा था। डीएल मांगने पर कई चालक दिखा नहीं सके। इस दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने कई लोगों को हिदायत देकर छोड़ा।

### चप्पल कारीगर की संदिग्ध हालत में मौत, घर में मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सहादतगंज थाना क्षेत्र में एक चप्पल कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव घर में पीछे के कमरे में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल परिवार ने कोई आरोप नहीं है। सहादतगंज वजीरबाग तिहाई निवासी मो. आरिफ (42) चप्पल कारीगर थे। वह पत्नी परवीन, बेटे आतिफऔर बेटी शिफा के साथ रहते थे। पत्नी परवीन घर के पास ही अपने मायके गई हुई थी। जब वह लौटी तो बच्चे पीछे के कमरे में गए। उन्होंने देखा कि आरिफ जमीन पर गिरे थे। परिजन जब उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सहादतगंज इंस्पेक्टर संतोष आर्या ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके कर पहुंची तो परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करने से इनकार कर दिया।

### उपचार के दौरान गर्भवती की मौत, परिजनों ने हंगामा किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में मंगलवार सुबह एक गर्भवती विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2026 को राज्य के लिए एक अहम साल बताते हुए कहा**

# नवाचार में मानक स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा 2025

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वर्ष 2026 को राज्य के लिए एक अहम साल बताते हुए कहा कि वर्ष 2025 को टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा-संचालित नवाचार में नए मानक स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे वर्ष 2026 के लिए एक विशेष संकल्प लें और अपने आसपास पांच बच्चों को कंप्यूटर और एआई के विषय में जागरूक करें। मुख्यमंत्री ने योगी की पाती शीर्षक से पोस्ट की गई अपील में कहा, यह आंग्ल वर्ष 2026 में प्रवेश का समय है। 2025 का वर्ष टेक्नोलॉजी, एआई व डेटा में नवाचार के नए मापदंड स्थापित करने के लिए स्मरण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश भविष्योन्मुखी विकास के नए मानक गढ़ रहा है।

प्रदेश के डिजिटल भविष्य को दिशा देने और निवेश का केंद्र बनाने में सरकार को आशातीत सफलता मिल रही है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में आगे कहा, निवेश तभी सुरक्षित रह सकता है, जब समाज और राज्य सुरक्षित हों। प्रदेश में सुशासन के राज ने विश्व भर में ब्रांड यूपी को सशक्त किया है।

### अब निवेशकों के विश्वास का राज्य बना उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के विश्वास का राज्य बन गया है। आदित्यनाथ ने एआई तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी बसाने की तैयारी है। जेवर में 3,700 करोड़ रुपये से

सेमीकंडक्टर इकाई का निर्माण हो रहा है। स्वदेशी सेंटर, सुरक्षित डेटा को ध्यान में रखकर बनी डेटा सेंटर नीति की सफलता दिखने लगी है। पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक उपयोग प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा, डेटा सेंटर क्षेत्र में 30 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य है। नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए गए हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल उत्पादन में भी हम नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। एआई प्रज्ञा के माध्यम से 10 लाख नागरिकों को एआई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हजारों नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा, मैं चाहूंगा कि मेरे युवा साथी वर्ष 2026 के लिए एक विशेष संकल्प लें। आप अपने आसपास पांच बच्चों को कंप्यूटर और एआई के विषय में जागरूक करें। हर सप्ताह कम से कम एक घंटा ज्ञानदान के लिए निकालें। उन्होंने कहा, सरकार और आपका प्रयास संयुक्त रूप से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को पूरा करेगा, अपितु उत्तर प्रदेश को विज्ञान-प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने में भी सहायक होगा।

# रोशनी से सराबोर और सुरक्षित हुआ लखनऊ

**लखनऊ।** वर्ष 2025 लखनऊ नगर निगम के लिए आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा। महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव कुमार के कुशल निर्देशन में नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग ने शहर को बेहतर, सुरक्षित व रोशन बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। सड़क, चौराहे, कॉलोनियां व सार्वजनिक मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत कर रोशन लखनऊ की नई पहचान दी गई। 2025 के दौरान मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा शहर में 142 नए विद्युत पोल स्थापित किए गए। मार्ग प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 29 नए सेमी हाई मास्ट लगाए गए, प्रमुख चौराहों, व्यस्त सड़कों और संवेदनशील क्षेत्रों में रोशनी की पहुंच सुनिश्चित की जा सकी।

# जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने एक्सटेंडेड एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम किया पेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों पर एश्योर्ड बाय बैक प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की, ताकि ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना और अधिक आसान व सुगम हो सके।

इस घोषणा के बाद जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया देश का पहला कार ब्रांड बन गया है, जो अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा 3 साल से 5 साल तक की अवधि के लिए एश्योर्ड बायबैक प्रदान कर रहा है। इस प्रोगाम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन के खरीदारों को निर्धारित अवधि के बाद अपने वाहन के लिए फिक्स्ड रिसेल वैल्यू मिल सकेगी। इस इनोवेटिव बायबैक प्रोग्राम के बारे में जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुराग महरोत्रा ने बताया कि ''एमजी ने एक ग्राहक केंद्रित ब्रांड के रूप में बी-ए-ए-एस और ई.वी बैटरी पर लाईफ टाईम वॉरंटी जैसे प्रोग्राम पेश किए हैं, ताकि ई.वी का स्वामित्व मोबिलिटी का बेहतरीन अनुभव प्रदान करे। ई.वी के खरीददार रिसेल वैल्यू को बहुत ज्यादा महत्व देते हैं। लॉकटन इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग एंड एडवाईज़री लिमिटेड द्वारा जुनो जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी में पेश किए जा रहे हमारे एमजी वैल्यू प्रॉमिज़ प्रोग्राम के माध्यम से हम एमजी के मालिकों को 3 से 5 साल की अवधि के लिए एश्योर्ड रिसेल वैल्यू प्रदान कर रहे हैं, ताकि ग्राहक पूरे सुकून के साथ एमजी इलेक्ट्रिक वाहन खरीद सकें।

# नए साल में होगा योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, नामों पर लगने लगीं अटकलें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी कैबिनेट के अगले महीने होने वाले विस्तार को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। मंत्रिमंडल के विस्तार में मंत्री पद का तोहफा पाने वालों के नामों पर अटकलें लगने लगी हैं। पश्चिमी यूपी से कई नामों पर चर्चा तेज है। तीन नाम सबसे आगे हैं। इन तीन में एक का मंत्री बनना तो तय ही माना जा रहा है। कुछ विधायकों ने पैरवी शुरू कर दी है।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों की झलक मंत्रिमंडल विस्तार में दिखाई देगी। गुणा भाग लगाया जाने लगा है कि कौन कहां से मंत्री पद पा सकता है। जातीय समीकरणों के लिहाज से योगी कैबिनेट में संतुलन दिखेगा। मुरादाबाद मंडल से एक मंत्री तय है। चंदौसी से विधायक गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री हैं। रामपुर से बल्देव औलख कृषि राज्य मंत्री हैं। भूपेंद्र चौधरी कैबिनेट में पंचायतराज मंत्री रहे हैं। उनको मंत्री रहने के दौरान ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। भूपेंद्र चौधरी के स्थान पर पंकज चौधरी को प्रदेश भाजपा संगठन की कमान सौंपी गई है। भूपेंद्र चौधरी का भाजपा में बड़ा कद है। पार्टी उन्हें सम्मान जनक स्थान देगी। जाट बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले भूपेंद्र चौधरी के बहाने जाट बेल्ट में पार्टी संदेश दे सकती है। उन्हें दोबारा कैबिनेट मंत्री बनाया जाएगा। सपा महासचिव आजम खां के गढ़ में भाजपा का परचम लहराने वाले आकाश सक्सेना के नाम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। आजम के गढ़ में भाजपा आकाश को और तवज्जो दे सकती है। मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र से उप चुनाव में रिकार्ड मतों से जीते ठाकुर रामवीर सिंह का नाम भी चर्चा में है। मुख्यमंत्री समेत पार्टी के बड़े नेता कई बार संबोधन मे कुंदरकी में रामवीर सिंह के जीत की मिसाल देते रहे हैं। देखना है कि इसमें किसकी किस्मत चमकती है। क्या गुजरात का प्रयोग यूपी में भी दोहराया जाएगा। ऐसी चर्चा ने कई मंत्रियों की नींद उड़ा दी है, तो बहुतों की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। नये साल के आगाज के साथ ही भाजपा यूपी में मिशन-2027 की तैयारियां तेज कर देगी। संगठन से लेकर सरकार तक सबकुछ दुरुस्त करने की तैयारी है। संगठन के प्रमुख बदलाव के बाद अब जिलों और संगठनात्मक मंडलों में टीम बनाने की कवायद शुरू की जा रही है। भाजपा ने 2022 का विधानसभा चुनाव स्वतंत्रदेव सिंह के प्रदेश अध्यक्ष रहते लड़ा था और पूर्ण बहुमत से सरकार में वापसी की थी। भाजपा ने 2027 के चुनाव में जाने से पहले पंकज चौधरी के रूप में फिर कुर्मी चेहरे को प्रदेश संगठन की कमान सौंपकर पुराना टोटका फिर दोहराया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में जाने से कुछ माह पहले भी मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था। जातीय गुणा-गणित के तहत कई चेहरों को टीम योगी में शामिल किया गया था। कई मंत्रियों के कामकाज को लेकर तमाम शिकायतें हैं।

# अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लोगों को मिला लाभ

समृद्धि न्यूज



**मच्छर जनित बीमारियों पर कसा शिकंजा, ई-संजीवनी, टेलीमेडिसिन, एंबुलेंस सेवाएं, टीबी उन्मूलन में प्राप्त की उल्लेखनीय उपलब्धि**

**वर्ष 2025 में तमाम नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण एवं नए अस्पतालों का हुआ शिलान्यास**

**लखनऊ।** वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश की अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का आमजन को भरपूर लाभ मिला। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस वर्ष आधारभूत ढांचे के विस्तार से लेकर अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं तक अनेक बड़ी उपलब्धियां हासिल की। इन प्रयासों का सीधा लाभ प्रदेश की करोड़ों जनता को मिला है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनीं।

यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में इमरजेंसी कोविड रिलीफ पैकेज के तहत प्रदेश में चिकित्सा ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती दी गई। वर्ष 2025 में कुल 83 नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण किया गया तथा एक बड़े अस्पताल का शिलान्यास हुआ। इनमें 26 आईपीएचएल लैब, 38 पचास बेड के फील्ड अस्पताल, 13 जनपदीय ड्रग वेयरहाउस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीसीबी यूनिट और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके साथ ही सीतापुर में 200 बेड के जिला चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया गया। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 1800 और जिला अस्पतालों में 1029 आईसीयू बेड स्थापित किए गए। ऑक्सीजन आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम (एमजीपीएस) सहित 49 एलएमओ स्टोरेज टैंक स्थापित किए गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके तहत 42 बेड वाले पीडियाट्रिक केयर यूनिट जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्थापित किए गए। वहीं 32 बेड वाले सभी 23 पीडियाट्रिक यूनिट पूरी से संचालित हुईं। इसके अलावा नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए प्रदेश में 412 न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट्स (एनबीएसयू)की स्थापना की गई

### नगर आयुक्त को पत्र देकर की टैक्स समाप्त करने की मांग

**लखनऊ।** शराब की कंपोजिट शॉप पर नगर निगम द्वारा बढ़ाएं जा रहे टैक्स के विरोध में राजधानी के कंपोजिट शराब के अनुज्ञापियों में आक्रोश ब्याप्त है। उन्होंने नगर आयुक्त से मिलकर 1 जनवरी से बढ़ाई जा रहे टैक्स को लेकर के लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शराब कारोबारी संजय जयसवाल शोभित आनंद प्रमोद यादव विजय जायसवाल हर्षल गुप्ता संजय जयसवाल शिवकुमार शिवजी रामजी जयसवाल ऋषि सम्राट राजवीर सिंह कुलदीप शर्मा देवेश जायसवाल आदि शराब लाइसेंसी नें नगर आयुक्त को सौपे पत्र में कहा है कि शराब की कम्पोजिट शॉप का नगर निगम द्वारा नगर निगम अधिनियम 1959 के तहत जो कर,टैक्स आरोपित किया जा रहा है, वह वर्तमान परिस्थितियों एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप नहीं है।

# इंस्पेक्टर उपेन्द्र सिंह का दांव हुआ फेल पुलिस कमिश्नर ने किया लाइन हाजिर

समृद्धि न्यूज

**मोटी रकम के आगे इंस्पेक्टर भूले नियम-कानून मनमानी की हदें पार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के तमाम कोशिशों के बावजूद जिम्मेदार स्टेशन अफसर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। राजधानी के कई थाना क्षेत्रों में भूमाफिया व गरीब मजलूमों की जमीनें कौड़ियों के भाव हड़प कर ले रहे हैं। इसमें कुछ पुलिस वालों ने भी उनकी मदद की है।

पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने मंगलवार को जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों की नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने सबसे पहले दागी मिले इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेन्द्र सिंह तत्काल प्रभाव से लाइन कर दिया है।

एक रसूखदार सरेआम स्वस्तिका सिटी में आम रास्ता बंद कर निर्माण शुरू किया और इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजान बने रहे। इंस्पेक्टर उपेन्द्र सिंह पर अवैध वसूली और जमीन कब्जा कराने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नर ने लाइन हाजिर करने के साथ-साथ जांच के भी निर्देश दिए हैं।

## गुमशुदा की तलाश



**नाम गुमशुदा**-राखी 9149234098,
**पति**-उधन सिंह 9389083683 **ग्राम**-श्योगनपुर थाना मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद। **हुलिया**-आँख, नाक, कान औसद, एकहरा बदन कद करीब 5 फुट रंग गोरा उम्र करीब 26 वर्ष। **विशिष्ट पहचान**-कोई निशान नहीं। **कपड़े**-काली साड़ी छीट व पैर में काले सेन्डल
**विवरण**- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा राखी उपरोक्त दिनांक 14.10.2025 को समय सुबह 10.00 बजे अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई घर वापस नहीं आई और तब से लापता हो गई व रिश्तेदारी व अन्य परिवारी जन से सम्पर्क किया, परन्तु कोई पता नहीं चल सका जिसके सम्बन्ध में गुमशुदा राखी के पति उधन सिंह पुत्र दाताराम जाटव निवासी ग्राम-श्योगनपुर थाना मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद ने दिनांक 19.10.2025 को थाना मेरापुर पर गुमशुदी दर्ज करायी है यदि किसी व्यक्ति को उक्त गुमशुदा राखी उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई जानकारी होती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करे।

| (उ0नि0 राकेश कुमार) | थानाध्यक्ष | क्षेत्राधिकारी कायमगंज |
|---|---|---|
| थाना मेरापुर, फर्रुखाबाद | थाना मेरापुर, फर्रुखाबाद | जनपद फर्रुखाबाद |
| मो0नं0 8077367101 | मो0नं0 9454403328 | मो0नं0 9454401450 |

## गुमशुदा की तलाश



**नाम गुमशुदा**-मुश्कान, **पति**- वीकेश 9389083683
**ग्राम**-श्योगनपुर थाना मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद। **हुलिया**-आँख, नाक, कान औसद, एकहरा बदन कद करीब 5 फुट 5 इंच रंग गोरा उम्र करीब 22 वर्ष। **विशिष्ट पहचान**- कोई निशान नही। **कपड़े**-गुलावी साड़ी छीट व पैर में काली जूती।
**विवरण**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा मुश्कान उपरोक्त दिनांक 14.10.2025 को समय सुबह 10.00 बजे अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई घर वापस नहीं आई तब से लापता है व रिश्तेदारी व अन्य परिवारी जन से सम्पर्क किया, परन्तु कोई पता नहीं चल सका। जिसके सम्बन्ध में गुमशुदा मुश्कान के पति वीकेश पुत्र दाताराम जाटव निवासी ग्राम-श्योगनपुर थाना मेरापुर ने दिनांक 19.10.2025 को थाना मेरापुर पर गुमशुदी दर्ज करायी है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त गुमशुदा मुश्कान उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई जानकारी होती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

| (उ0नि0 राकेश कुमार) | थानाध्यक्ष | क्षेत्राधिकारी कायमगंज |
|---|---|---|
| थाना मेरापुर, फर्रुखाबाद | थाना मेरापुर, फर्रुखाबाद | जनपद फर्रुखाबाद |
| मो0नं0 8077367101 | मो0नं0 9454403328 | मो0नं0 9454401450 |

**अभियान** — शहर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से महापौर के निर्देशन में लालबाग क्षेत्र में चला सघन अभियान

# अतिक्रमण के खिलाफ स्वयं सड़कों पर उतरीं महापौर सुषमा खर्कवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शहर को अतिक्रमणमुक्त, स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देशन में लालबाग क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया।

इस अभियान की विशेष बात यह रही कि महापौर स्वयं सड़कों पर उतरकर पूरे अभियान की निगरानी करती नजर आईं। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा।अभियान का नेतृत्व नगर आयुक्त गौरव कुमार ने किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी जोन-1 ओपी सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह, माननीय पार्षदगण सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। महापौर के निर्देशानुसार यह अतिक्रमण विरोधी अभियान स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्रारंभ होकर शुभम सिनेमा, कैसरबाग चौराहा, पुराना एलडीए ऑफिस रोड, नावेल्टी सिनेमा रोड समेत पूरे लालबाग क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के दौरान सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण, अस्थायी दुकानों और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले सामान को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रिपेयर की जा रही दो गाड़ियों को नगर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया। संबंधित वाहन स्वामियों के चालान काटे गए।

### नगर निगम ने रचा नया पर्यावरणीय इतिहास

**ग्रीन मॉडल सिटी नगर निगम लखनऊ द्वारा कुल 1,37,312 पौधों का रोपण**

**लखनऊ।** वर्ष 2025 लखनऊ नगर निगम के इतिहास में पर्यावरण संरक्षण, हरित विस्तार और सतत विकास के लिहाज से एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुआ। महापौर सुषमा खर्कवाल की दूरदर्शी सोच और नगर आयुक्त गौरव कुमार के प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व में नगर निगम लखनऊ ने ॠहरित लखनऊॠ की संकल्पना को धरातल पर साकार किया। वर्ष भर चले व्यापक वृक्षारोपण अभियानों, मियावाकी पद्धति से विकसित घने वनों और नए उपवनों ने राजधानी की हरियाली को नई पहचान दी। वृक्षारोपण वर्ष 2025 के अंतर्गत वन विभाग की नर्सरियों से प्राप्त पौधों के माध्यम से नगर निगम लखनऊ द्वारा कुल 1,37,312 पौधों का रोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कि पहल एक पेड़ मान के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना एवं महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल द्वारा हर मंगलवार को शहर में पार्क व नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता रहा है।

### नववर्ष 2026 में नगर निगम और मजबूत करेगा पशु संरक्षण व्यवस्था'

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने वर्ष 2025 में पशुओं के संरक्षण, उपचार, बचाव और नियंत्रण के साथ-साथ नगर निगम की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महापौर खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद राव के मार्गदर्शन और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव के नेतृत्व में विभाग ने वर्ष भर जनहित और पशु हित में कई प्रभावी कार्य किए। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में कुल 2104 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर नगर निगम की गौशालाओं में सुरक्षित रखा गया।

# डीएम-सीडीओ ने तनाव मुक्त रहकर कार्य करने के अनुभव किए साझा

- अटल ऑडिटोरियम में 600 अधिकारियों-कर्मचारियों को मोटिवेशनल पुस्तकें वितरित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तनाव से मुक्त रहकर कैसे करें कार्य, पर आधारित विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। गोष्ठी में सभी एसडीएम, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, लेखपाल एवं पंचायत सचिवों सहित 600 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगभग 100 प्रकार की पुस्तकें डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा भेंट की गई। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि गोष्ठी का उद्देश्य है कि घर परिवार एवं कार्य के बीच में कैसे संतुलन करके खुश रह कर कार्य करना है। कभी भी कोई कार्य बोझ समझकर नहीं करना चाहिए, अपने आप को कभी भी बड़ा मत समझे, इससे दूर रहे तो बेहतर तरीके से जनता से जुड़कर कार्य कर सकेगे। डीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों को मोटिवेशनल क्लासेज, संघर्ष भरी कहानियों को सुनाकर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत से काम करना है अपने को जोखिम में नहीं डालना है। छोटे-छोटे कामों से पहचान बनती है। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह से तनाव से मुक्त होकर कार्य करना है साथ ही घर परिवार और बच्चों का भी ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि जीवन जीने का समय कठिन होता जा रहा है लोगों को तनाव को समझने की जरूरत है। किताबों को खरीदने से ज्यादा पढ़ना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्य के साथ-साथ तनाव से मुक्त रहना है और खुद को भी स्वस्थ रखना है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों को अच्छे से निभाते हुए लोगों की मदद करें, जिससे लोग हमेशा याद रखें। सभी को लोगों से भावात्मक जुड़ाव रखना है। सभी लोग दिमाग की एक्सरसाइज करते रहें, जिससे दिमाग एक्टिव बना रहे। उन्होंने कहा कि जनवरी-फरवरी एवं मार्च के कार्य के आधार पर प्रत्येक तहसील से तीन-तीन लेखपाल एवं सचिवों को कार्य के आधार पर पुरस्कृत करेंगे। उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी के भी अपने कार्यों में प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्यों को अच्छे से करके एक अच्छा आइडियल बने। अंत में डीएम ने सभी लोगों के समन्वय से अच्छा कार्य करने पर जनपद की अच्छी रैंकिंग के लिए सबको बधाई देते हुए कहा इसी तरीके से आगे भी कार्य जारी रखना है। सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गोष्ठी से सभी को मंच मिलता है, और कुछ करने का जज्बा मिलता है।जब हम टेंशन न ले तो कोई काम ही न करे। लोग कहते है कि नौकरी है, तो बीपी-शुगर हो ही जाता है, हम बुध्द नहीं बन पाएगे, बस टेंशन मुक्त होने की कला सीखनी है। डीएम सर जैसे अधिकारी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, हम सबको। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने भी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की चार पंक्तियों से अपने विचारों को साझा किया और कहा कि जिंदगी में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है, अपने कार्य को एकाग्रता से करते चलिए। एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल व लेखपालों, सचिवों ने भी अपने अनुभवों को साझा कर सकरात्मक ऊर्जा का मैसेज दिया। गोष्ठी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा अधिकारियों को प्रेरित किया। गोष्ठी में सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, एडीएम न्यायिक राशिद अली, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, डीडीओ ऋषिपाल सिंह सहित उप जिलाधिकारी, लेखपाल, सचिव आदि मौजूद रहे।





## जमीन पर दबंग द्वारा अवैध कब्जा, महिला ने एसडीएम से की शिकायत

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव याकूबपुर निवासी महिला शांति देवी पत्नी नंगू ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद मंगलवार दिन के 2:30 बजे बताया कि गांव की गाटा संख्या 14 सरकारी जमीन है इससे पूर्व यह आरजी शांति देवी के नाम थी जो कि उसके पति की विरासत के बाद उसे मिली थी जिस संबंध में कोर्ट में मामला विचारा धीन चल रहा है और उसकी यथा स्थिति का स्टे हो चुका है उसके बाद भी दबंग भूमि माफिया छोटे लाल पुत्र झम्मन लाल निवासी मोहल्ला बाबू नगर में अपनी दबंगई के बल पर अवैध तरीके से दुकान व मकान बनवा रहे हैं जिससे राज्य सरकार को खुला चूना लगाया जा रहा है महिला ने अवैध निर्माण तत्काल रुकवायें जाने की मांग की है।

# सीसीटीवी कैमरे का एक सप्ताह का रिकार्ड संरक्षित रखेंगे पंप स्वामी: एडीएम

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष अभियान 19 दिसम्बर से 17 जनवरी को चलाने के लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद के सभी पेट्रोल-डीजल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में ऐसे दो पहिया वाहनों चालकों को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएगा।

उक्त दिशा निर्देश एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा बिस्मिल सभागार में अधीनस्थों को दिए। उन्होंने कहा कि जो चालक व सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो, किसी भी पम्प स्वामी के द्वारा यदि दो पहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट के पेट्रोल की बिक्री की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।



पेट्रोल पम्प मालिक अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से संचालित रखेंगे। निकट भविष्य में यदि जनपद स्तर से कोई अन्य अधिकारी द्वारा किसी पेट्रोल पम्प पर उक्त के सम्बन्ध में आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा तो सम्बन्धित पेट्रोल पम्प के सीसीटीवी कैमरे की एक सप्ताह की रिकोर्डिंग भी चेक की जाएगी। इसलिए सभी पंप मालिक अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे का एक सप्ताह का रिकार्ड संरक्षित रखेगे। अपने-अपने पेट्रोल व डीजल पम्प पर स्थापित शौचालयों को साथ-सुथरा बनाए रखेगें। जिससे पम्प पर शौचालय को प्रयोग करने वाले आमजनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, पेट्रोल-डीजल पम्प पर पुरुष व महिला के लिए प्रयोग किये जाने वाले पृथक-पृथक स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पेट्रोल व डीजल पम्पों पर शौचालय की समय-समय पर शिफ्टवार साफ- सफाई को सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। पेट्रोल पम्प पर आम जनमानस हेतु शीतल, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनाये रखेगें। इस दौरान डीएसओ चमन शर्मा समेत अन्य संबधित अधिकारी व पंप मालिक मौजूद रहे।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से प्रतिनिधिमंडल की हुई वार्ता



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से लखनऊ में मुलाकात की। सर्वप्रथम प्रतिनिधिमंडल ने नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी विमुक्त ने उनको अवगत कराया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल के नेतृत्व में गत 7 नवंबर एवं 11 नवंबर को आपसे मुलाकात संपन्न हुई थी जिसमें संगठन ने पुरानी पेंशन बहाली एवं 8 वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा की थी।

उसी चर्चा को आगे बढ़ाते हुए पंकज चौधरी से आग्रह किया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संगठन वित्त मंत्रालय के साथ आपके मार्गदर्शन में एक बैठक करते हुए पेंशन बहाली पर विस्तृत रिजॉल्यूशन के साथ वार्ता करने की अपेक्षा करता है जिस पर वित्त राज्य मंत्री ने दिल्ली पहुंचकर विस्तृत वार्ता करने हेतु पुनः आश्वस्त किया है। जल्द ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल के नेतृत्व में पेंशन बहाली विषय पर वित्त मंत्रालय के साथ निर्णायक बैठक करेगा। 8 वें वेतन आयोग की आगामी बैठकों में भी आपको संगठन की भूमिका दिखाई देगी। आप सभी साथीगण संगठन पर विश्वास बनाए रखें। आज की वार्ता संयोजन प्रदीप सिंह सरल प्रदेश संयोजक के नेतृत्व में किया गया है। वार्ता में प्रदेश महासचिव नीरज पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रेयश चन्द्र सक्सेना, प्रदेश संयुक्त मंत्री अमित भटनागर, प्रदेश आई टी सेल प्रभारी हेमंत सक्सेना उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने पंचायत घर को बनाया निशाना, कंप्यूटर सहित कीमती सामान की चोरी

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र खुटार के गांव रुजहा खुर्द में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा पंचायत घर का निशाना अज्ञात चोरों के द्वारा बीती रात किसी समय गांव के बाहर स्थित पंचायत घर को निशाना बना लिया गया चोरों के दौरा पहले सीसीटीवी कैमरे के तार काटे के उसके बाद ताले को काटकर पंचायत घर के कमरे में रखें कंप्यूटर कीबोर्ड माउस बा जरुरी कागजात संबंधी फाइल इत्यादि को चोरी कर लिया गया। रुजहा खुर्द के ग्राम प्रधान मदन पाल ने बताया कि पंचायत घर में रखें कीमती सामान की चोरी कर ली गई थी जिसकी सूचना मुझे पंचायत सहायक के द्वारा फोन के माध्यम से सुबह दी गई थी। जिसके पास मैं मौके पर पहुंचा था तो मुझे पंचायत घर के बिजली के तार कटे मिले व सीसी टीवी कैमरे बा कंप्यूटर इत्यादि में सामान ब जरुरी कागजात संबंधी फाइल चोरी मिले अलमारी के ताले टूटे मिले। मेरे द्वारा फोन के माध्यम से पुलिस को चोरी की सूचना दी गई है अभी तक किसी भी प्रकार की कोई तहरीर थाने पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। पुलिस की तस्दीक मेरे सामने होने के बाद थाने पर जाकर में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग करूंगा साथी साथ ग्राम प्रधान के द्वारा बताया गया कि चोरों ने जल्दबाजी के चक्कर में अपना एक प्लास पंचायत घर के कमरे में छोड़कर चले गए।

### गांव फतेहपुर बिरिया में महिला के घर की जमीन पर जबरन मिट्टी डालकर दबंग कर रहे निर्माण

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव फतेहपुर बिरिया निवासी महिला गीता देवी पत्नी विश्वनाथ ने उप जिलाधिकारी जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देने के बाद मंगलवार दिन के 2:00 बजे बताया कि गांव में उनका मकान है जो बरसों पुराना मकान है उनके मकान के सामने शौचालय बना हुआ है एवं कंडे का बठिया आदि रखा हुआ है परंतु गांव के ही दबंग अरुण कुमार आदि उनकी जमीन पर जबरन मिट्टी डालकर रास्ता बनाने लगे हैं जिसको लेकर सिविल न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है परंतु उसके बाद भी वह जबरन मिट्टी डालकर रास्ते का निर्माण कर रहे हैं जिनको रोका जाना अति आवश्यक है महिला ने प्रार्थना पत्र देकर अवैध निर्माण रूकवाये जाने की मांग की।

### भारतीय कृषक दल का सत्याग्रह नौवे दिन जारी



**तिलहर, शाहजहांपुर।** सत्याग्रह स्थल पर संबोधित करते हुए बीकेडी के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक ने कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारी जनता की पीड़ा सुन नही सकते तो उन्हे कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। नौकरी से त्यागपत्र दे देना चाहिए। जनता के टैक्स के पैसा से ही उनको सरकार वेतन देती है। इसलिए सरकार की नीति का उनको अनुपालन करना होगा। अधिकारी बताए कि क्या सरकार ने उनको भ्रष्टाचार करने की छूट दी है अगर नहीं तो धान खरीद एवं एमएसपी घोटाला तहसील में कैसे हो रहा। छुट्टा आवारा गाय सांडों की समस्या पर तहसील प्रशासन मौन क्यों है? क्या उनको किसानो की पीड़ा पता नहीं है , क्या गौशाला में गौवंश की दयनीय स्थिति से अधिकारी अवगत नहीं हैं। तहसील की समस्याएं,राजस्व की समस्याएं स्थानीय समस्याएं एसडीएम तहसीलदार बीडीओ नही सुनेंगे तो उनको कौन सुनेगा। तहसील के भ्रष्टाचारी प्रशासन के जनविरोधी रवैया से क्षेत्र के आमजन में आक्रोश पनप रहा है और शासन प्रशासन एवं सरकार के प्रति अविश्वास की भावना बढ़ रही है इसका पूरी तरह से तहसील प्रशासन जिम्मेदार है।

### युवाओं की आवाज उठाने बाले ओमेंद्र अब जिला पंचायत के चुनाव में आएंगे नजर



**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने बाले युवा नेता ओमेंद्र यादव अब जिला पंचायत सदस्य के चुनाव द्वितीय वार्ड से चुनाव में नजर आएंगे। उनका कहना है लोगों से जनसपंर्क कर रहे है। जिसमे युवाओं के साथ साथ महिलाओं व बुजुर्गों का अधिकतर समर्थन मिल रहा है। गांव चकऊदन निवासी ओमेंद्र यादव पुवायां द्वितीय जिला पंचायत सदस्य पद के आगामी चुनाव के दमदार प्रत्याशी के रूप में नजर आ रहे है। द्वितीय वार्ड में गांव नगरिया, फूटाकुआं, नवलपुर, कनपारा, कोंप, खानपुर, मीरपुर, हरदुआ आदि गांव लगते है। ओमेंद्र यादव का कहना है कि राजनीति कोई फायदा लेने के लिए नही बल्कि समाज सेवा के रूप में करना है। दवे कुचले लोगों को उनका हक दिलाना हमारा उद्देश्य है। जहां पर विकास की किरण नही पहुँच सके है वहां पर सबसे विकास कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा जिला पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए कमर कस ली है ओर क्षेत्र की जनता से जनसंपर्क जारी है साथ ही बताया कि आज युवाओं को राजनीतिक में अधिक मौके देने की जरूरत है युवा ही देश की तस्वीर और तकदीर बदल सकते है। आजादी काल से लेकर अभी तक जो बड़े परिवर्तन हुए है उसने युवाओं की अहम भूमिका रही है।

# किसान नियमित रूप से खेतों की करें निगरानी: संजय

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद में पड़ रही भीषण ठंड के दृष्टिगत आलू एवं अन्य महत्वपूर्ण फसलों में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीट व रोग से फसलों को सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा कमर कस ली गई है। फसलों को सुरक्षित रखने को जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया है कि आलू सब्जी की एक प्रमुख फसल भारतवर्ष में आलू के कुल उत्पादन का लगभग 43 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में किया जाता है। आलू रबी की फसल है, परन्तु मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के कारण विभिन्न प्रकार के कीट व रोग का प्रकोप हो जाता है। उन्होंने बताया कि आलू में विशेष रूप से ब्लाइट झुलसा रोग का प्रकोप होता है, यह एक फफूंदी जनित रोग है। यह दो प्रकार का होता है। पहला शाकीय भागों को प्रभावित करता है, जिसमें पत्तियों में गोल-गोल रिंग आकार के संरचना बनने लगती है तथा उस स्थान पर पत्तियां गलने लगती है और गोलाकार रूप में आगे बढ़ने लगती है। अल्टरनेरिया नामक फफूंदी से होता है, जिसे अल्टरनेरिया ब्लाइट भी कहते है। यह पत्तियों के भोजन बनाने वाले क्षेत्र को कम कर देता है। जिससे भोजन बनने की प्रक्रिया कम हो जाती है तथा उत्पादन प्रभावित होता है। दूसरी सबसे घातक बीमारी को लेट ब्लाइट पछेती झुलसा कहते है। पछेती झुलसा फाइटोप्थोरा नामक फफूंद से होता है। यह पौधों को अन्दर से संक्रमित करता है तथा बहुत तेजी से बढ़ता है। जब तापमान में कमी होती है, आसमान में बादल छाये होते है और हल्की बूंदा-बांदी होती है। ऐसे मौसम की स्थिति में यह बीमारी बहुत तेजी से प्रकोपित होती है और एक सप्ताह के अन्दर सम्पूर्ण फसल झुलस कर नीचे की ओर लटक जाती है। देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि फसल को जला दिया गया हो। इससे गुणवत्ता एवं उत्पादकता दोनों 20 प्रतिशत से लेकर कर 100 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है। उक्त के नियन्त्रण हेतु कॉपर आक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लूपी की 2 किग्रा मात्रा या जिनेब 75 प्रतिशत मात्रा 2 किग्रा या हेक्साकोनाजोल 2 मिली प्रति लीटर या मेटेलेक्सिल 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बना कर स्प्रे करें। साथ ही साथ लगातार अपनी फसल की देख-रेख करते रहें। वही सरसों की फसल में माहू कीट से अत्यधिक क्षति होने की आंशका रहती है। वर्तमान मौसम के अनुसार इसमें विशेष निगरानी करते रहे। प्रकोप की शुरूआत में नीम ऑयल 1.5 मिली प्रति लीटर घोल से नियन्त्रण किया जा सकता है। यह जैविक एवं सुरक्षित विधि है। इसके अतिरिक्त अधिक प्रभाव होने पर डाइमेथोएट 2 मिली प्रति लीटर या क्लोरपाइरीफॉस 1.5 मिली प्रति लीटर या क्लोरो साइपरमेथीन 1.0 मिली प्रति लीटर या इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मिली प्रति लीटर का छिड़काव कर सकते है। रोगो से बचाव के लिए आवश्यक है कि, किसान लोग नियमित रूप से खेतों की निगरानी करे तथा कीट व रोग का प्रकोप दिखते ही तत्काल उपचार करें। दवा का छिड़काव केवल साफ मौसम में ही करें।



## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर, बड़गांव में सोमवार की रात में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब मंगलवार सुबह परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मृतक की पहचान सुरेश पाल के 30 वर्षीय बेटे अमित पाल के रूप में हुई है। मृतक अमित पाल अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित भी था। अमित जैतीपुर कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास किराने की दुकान चलाता था। सोमवार शाम को वह दुकान बंद कर घर वापस लौटा था। रात को खाना खाने के बाद वह अपनी चौपाल पर सोने चला गया। रात को किसी समय उसने चौपाल पर बने एक कमरे में फांसी लगा ली। मंगलवार सुबह लगभग 6:00 बजे अमित के पिता सुरेश पाल चौपाल पर गए, तभी उन्होंने अपने बेटे को फांसी पर लटका देखा। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक रोहिताश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से पूछताछ की, परिजनों ने किसी भी प्रकार के आपसी विवाद से इनकार किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने जांच के लिए अमित पाल का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी इतेश तोमर ने बताया कि मीरपुर में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना की जांच की जा रही है।



## हिंदू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हिंदू युवा वाहिनी में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (ब्रज एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश) बनाए जाने के उपरांत संगठनात्मक गतिविधियों के क्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने चंडीगढ़ स्थित श्रीमाँ बगलामुखी धाम में संगठन के संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ से स्नेहिल भेंट की। मुलाकात के दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती एवं आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने पर बल दिया, वहीं स्वामी कृष्णानंद महाराज ने संगठन को धर्म, राष्ट्र और समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ाने का आशीर्वाद प्रदान किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को ब्रज एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।



## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की तिथियां संशोधित

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित तिथियों के अनुसार अब

- मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को होगा
- अब मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 6 मार्च 2026 को होगा

मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है। 6 जनवरी से 27 फरवरी तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च को किया जाएगा।

# अपर नगर आयुक्त ने संभव में सुनी शिकायतें

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अपर नगर आयुक्त एसके सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 8 समस्यायें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 02 शिकायतें का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।




## संबंध विच्छेद

मैनें अपने पुत्र अवनीश कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामवती उर्फ क्रांति देवी पत्नी स्व. रामसरन निवासी- कस्बा/थाना-बंडा, जनपद- शाहजहांपुर।

# डीएम ने देररात चेक किए ठंड से बचाव के इंतजाम

- चीनी मिल डालमिया निगोही, सीएचसी पुवायां का किया औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में पड़ रही भीषण ठंड में जिला प्रशासन द्वारा आमजन को ठंड से बचाव व सुरक्षित रखने की निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में बीती सोमवार की रात्रि 11:15 बजे डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने चीनी मिल डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड शुगर यूनिट निगोही का औचक निरीक्षण किया। मिल यार्ड के निरीक्षण के दौरान ओवरलोड ट्राले खड़े पाए, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये गये थे, कि दुर्घटना से बचाव के निमित्त सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में ट्रालों में गन्ने की दुलाई न हो। चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा उक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया। जिस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने को कहा। गन्ना तौल के लिए प्रतीक्षारत कृषकों के विश्रामालय का निरीक्षण करने पर कृषक फर्श व जमीन पर सोते हुए पाये गये। यार्ड के निरीक्षण के दौरान भी उपर्युक्त अव्यवस्था पर असन्तोष व्यक्त करते हुए समुचित प्रबन्ध करने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु चीनी मिल प्रबन्धन की घोर लापरवाही की जा रही। डीएम द्वारा विधिक कार्यवाही जुर्माना करते हुए, कृषकों के ठहरने, पेयजल, प्रसाधन तथा ठंड से बचाव के लिए मिल यार्ड में अलाव की सुदृढ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गन्ना तौल प्रतीक्षारत में कृषक धरवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गिरगिचा द्वारा डीएम से एसएमएस पर्चियों का निर्गमन एवं तौल के लिए अवधि अत्यल्प होने, कृषक शिवम निवासी ग्राम नकटिया द्वारा गन्ना तौल की प्रतीक्षा अवधि को अत्यधिक 8 घण्टे होने की शिकायत दर्ज की गयी। जिस पर डीएम ने कार्यवाही कर समाधान के लिए एडीएम वित्त व एआरटीओ प्रशासन, जिला गन्ना अधिकारी, एवं चीनी मिल प्रबन्धन को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# 'संस्था लगातार समाज को टीबी मुक्त कराने के लिए करती रहेगी कार्य'

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




उड़ान एक उम्मीद संस्था ने विहास डेवलपमेंट सोसाइटी के साथ मिलकर गोद लिए हुए 20 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। बता दें कि संस्था ने पोषण पोटली का कार्य पिछले वर्ष शुरू किया था, जिसके पहले भावलखेड़ा सामुदायिक केंद्र पर जाकर 10 मरीजों को गोद लिया था।मरीजों को दवा सरकार द्वारा निःशुल्क मिल जाती है और पोषण पोटली संस्था बांटती है। छह महीने पूरे होने पर दूसरे 10 मरीजों को गोद लेकर संस्था पोषण पोटली बांटने का कार्य करती है। पिछले 5 माह से सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा भी इस कार्य में संस्था के साथ है। जिससे मरीजों की संख्या 20 हो गई, अब तक 20 मरीजों को पोषण पोटली दी जाती है। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि उनको मरीजों को स्वस्थ देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है और संस्था लगातार यह काम करती रहेगी जब तक समाज टीबी मुक्त नहीं हो जाता। आज के इस अवसर पर उपाध्यक्ष रेखा मोदी, महामंत्री शैली गुप्ता, सह सचिव रश्मि गुप्ता के अतिरिक्त डीटीओ ओमेंद्र राठौर, डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता, डीपीपीसी आरती सिंह, मनीष शर्मा, मोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीजेए चुनाव में आनंद शर्मा अध्यक्ष, सुशील शुक्ला महामंत्री निर्वाचित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) शाहजहांपुर का सत्र 2026 के लिए चुनाव मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा एडवोकेट की देखरेख में मतदान से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया पूरी कराई गई। चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान सहायक चुनाव अधिकारी, प्रेमशंकर गंगवार चुनाव अधिकारी तथा राजीव रंजन मीडिया प्रभारी रहे। चुनाव टीम के अनुसार अध्यक्ष पद पर आनंद शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमित सक्सेना को पराजित कर जीत दर्ज की। महामंत्री पद पर सुशील शुक्ला विजयी रहे, जबकि उनके मुकाबले संतोष उपाध्याय को कम मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विमलेश पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव टीम का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि जिले में यह पहली बार हुआ जब किसी पत्रकार संगठन का चुनाव पूर्णतः लोकतांत्रिक तरीके से मतदान द्वारा कराया गया। पूरे दिन चुनाव को लेकर गहमागहमी बनी रही। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में पत्रकार मतदान के लिए पहुंचे, जिससे उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। अचानक चुनाव स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केपी गुप्ता ने पत्रकारों द्वारा इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाए जाने पर प्रसन्नता जताई और निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। वरिष्ठ पत्रकार संजीव गुप्ता ने इस चुनाव प्रक्रिया को पत्रकार संगठनों के लिए एक स्वस्थ और अनुकरणीय परंपरा बताया। सीजेए के इस चुनाव की चर्चा न केवल जिले में बल्कि आसपास के जनपदों में भी हो रही है।

# मुख्यमंत्री से भेंट कर राइस मिलर्स ने समस्याओं से अवगत कराया

- शिष्टमंडल में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एकांश व सचिव पंकज गुप्ता रहे शामिल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के शिष्ट मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से लखनऊ कार्यालय में भेंट कर कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए मिलर्स की समस्याओं से अवगत कराया ।

प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के शिष्टमंडल में शामिल प्रदेश उपाध्यक्ष मुरादाबाद के एकांश गुप्ता, प्रदेश सचिव तिलहर के पंकज गुप्ता, मुरादाबाद के राइस मिलर संदीप गुप्ता व राइस मिलर शशांक ने मंगलवार को लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगीआदित्य नाथ से भेंट कर मिल एफआरके चावल की आपूर्ति सुचारू रूप से ना हो पाने तक 30 जनवरी, 2026 तक नॉन एफआरके चावल को भारतीय खाद्य निगम में उतारे जाने की अनुमति माननीय प्रहलाद जोशी खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री, भारत सरकार से कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

दूसरा एफआरके की उपलब्धता ना हो पाने के कारण राइस मिलों से चावल का प्रेषण भारतीय खाद्य निगम में नहीं हो पा रहा है जिस कारण से सीएमआर चावल 30 दिन में नहीं उतर पाने के कारण राइस मिलर्स को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन की धनराशि का नुकसान हो रहा है। इस कार्य अवधि को 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन करने का अनुरोध किया जाए। धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान अभी भी नहीं तुल पा रहा है ट्रालियों की लाइन लगी हुई है क्योंकि मंडियों में धान केन्द्रों पर खरीदे गए धान का उठान एफआरके की आपूर्ति सुचारू रूप से ना हो पाने के कारण नहीं हो पा रहा है। उसके बाद भी सहकारिता विभाग के सभी धान क्रय केन्द्रों के कांटे सिंगल कर दिए गए हैं। अत शाहजहांपुर का धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाते हुए पुनः धान कृय केंद्रों पर दो कांटों की स्वीकृति प्रदान की जाए। वर्तमान सीजन 2025-26 में राइस मिलर्स के बिलों से होल्डिंग चार्ज की वसूली बिल्कुल भी ना किए जाने का आदेश खाद्य एवं रसद विभाग एवं अन्य धान क्रय एजेंसियों को भेजा जाना भी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इस वर्ष राइस मिलों में धान प्रेषित एवं प्राप्त हो जाने के बाद एफआरके की उपलब्धता ना हो पाने के कारण राइस मिलर सीएमआर चावल समय से भारतीय खाद्य निगम के डिपो में प्रेषित नहीं कर पा रहा है। सीएम योगी ने शिष्टमंडल को राइस मिलर्स की समस्याओं का निराकरण किए जाने का भरोसा दिलाया।

# नाला निर्माण में भेदभाव का आरोप, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 जलालनगर बाहर चुंगी में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पंचमी तिराहे निगोही रोड से चांदनी वाली पुलिया तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण में भेदभाव और अनियमितता के आरोप लगे हैं। यह कार्य लखनऊ की कंपनी फर्म एसएस इंफ्रा को आवंटित है, जिसके ठेकेदार अमरेश प्रताप सिंह बताए जा रहे हैं। आरोप है कि नगर निगम से 15 मीटर चौड़ाई में नाला निर्माण का समझौता होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा कुछ स्थानों पर नाला महज 7.30 मीटर या उससे भी कम चौड़ाई में बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार कथित रूप से कुछ लोगों से मिलीभगत कर नाले की खुदाई से निकली मिट्टी को बेच रहा है और निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। इस मामले को लेकर वार्ड की पार्षद रीता राठौर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्षद का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है, बल्कि नगर निगम की छवि भी धूमिल हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटिया निर्माण के कारण नाले की क्षमता कम हो जाएगी, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि नाले की दोबारा नाप कराकर गुणवत्ता की जांच कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाए तो ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फिलहाल नगर निगम की ओर से मामले में जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

# एसपी सिटी ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

- अभिलेखों, कार्यप्रणाली, अनुशासन और स्वच्छता का किया मूल्यांकन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सिटी ने थाना मदनापुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों, कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं स्वच्छता व्यवस्था का व्यापक मूल्यांकन किया।

एसपी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा थाना मदनापुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं समग्र पुलिस व्यवस्था का गहन अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण की शुरुआत अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जी.डी., चालान व मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के परीक्षण से की गई। इसके उपरांत द्वारा सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की गई। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए एसपी सिटी ने मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क-महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा विभिन्न कार्यालय शाखाओं की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान थाने में साफ-सफाई, शिस्त, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण, फरियादियों के प्रति व्यवहारिक शालीनता एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर विशेष बल देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। थाना स्टाफ को जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण, महिला-सुरक्षा से संबंधित मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गश्त-पिकेटिंग में सतर्कता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए। अंत में सभी पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन, स्वच्छता, व्यवहारिक सौम्यता एवं प्रोफेशनल दक्षता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दामाद, समधी, समधन सहित पांच के विरुद्ध दर्ज करवाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे के अवधेश कुमार ने अपनी नवविवाहिता बेटी के पति, सास, ससुर सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मिर्जापुर कस्बे के निवासी अवधेश कुमार ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि वह नोएडा में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। जबकि उसका परिवार कस्बे में ही रहता है। कस्बे के ही उसके रिश्ते के फूफा सतीश वैश्य और बुआ गीता वैश्य के परिवार का उसके घर आना जाना था। आरोप है कि सतीश वैश्य और बुआ गीता वैश्य ने उसकी पत्नी और बेटी ऊषा गुप्ता को बहला फुसलाकर बेटी ऊषा की शादी अपने पुत्र शलभ वैश्य उर्फ शालू के साथ करने के लिए राजी कर लिया। जब उसे इस रिश्ते की जानकारी हुई तो उसने अपनी बेटी ऊषा की शादी शलभ के साथ करने से मना कर दिया। उसके शादी करने से मना करने पर सतीश वैश्य और उनकी पत्नी गीता वैश्य ने कहा कि वह बिना दहेज शादी करेंगे। तब उसने अपनी बेटी ऊषा की शादी बीती 20 अप्रैल 2025 को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर कर दी। शादी के दो माह बाद ही बेटी के ससुराल वाले दहेज में दस लाख रुपए की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर शादी के महज छेह माह बाद ही दामाद शलभ, समधी सतीश वैश्य, समधन गीता वैश्य ननद अंशी पुत्री सतीश वैश्य व पारुल पत्नी राहुल उसकी बेटी ऊषा गुप्ता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने उसकी बेटी को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। मिर्जापुर पुलिस ने सतीश वैश्य, गीता वैश्य, सुलभ गुप्ता उर्फ शालू, अंशी वी पारुल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# स्कूल जाने को निकलीं दो नाबालिग दलित बहनें हुईं लापता

- एसपी ग्रामीण की गठित टीम सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटीं
- कैमरे में मुख्य चौराहे पर ई रिक्शा पर बैठते देखी गईं

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल जाने को घर से निकली दलित चचेरी-तहेरी दो वहनों के लापता होने के मामले में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे कोतवाली पहुंची। उन्होंने किशोरियों का सुराग लगाने के लिए सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। सीओ ज्योति यादव ने कोतवाल के साथ नगर के तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगाले। नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी संतोष कुमार की 14 वर्षीय पुत्री मधु तथा उनके बड़े भाई श्री कृष्ण की 16 वर्षीय बेटी प्रियांशी जीजीआईसी जाने को 29 दिसंबर सुबह साढ़े नौ बजे स्कूल ड्रेस में तैयार होकर निकली थी। कॉलेज की छुट्टी के के बाद भी जब वह दोनो घर नहीं पहुंची तो उनकी तलाश की गई। सुराग न लगने पर पीड़ित पिता ने बेटी व भतीजी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार को एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे कोतवाली पहुंची और कोतवाल राकेश कुमार सिंह से मामले की जानकारी ली। एसपी ग्रामीण के निर्देश पर सीओ ज्योति यादव व कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने सर्विलांस सेल की टीम के साथ घर से स्कूल तथा स्टेशन रोड तक लगे सीसीटीवी कैमरोंनका अवलोकन किया। सीसीटीवी में स्कूल ड्रेस में दोनों लड़कियों के मुख्य चौराहे वीरियगंज से स्टेशन की ओर सुबह 9 55 मिनट पर एक ई रिक्शा में बैठते हुए देखा गया। इसके बाद उन्हें राधा टॉकीज के सामने से रिश्ते पर बैठे हुए निकलते हुए देखा गया। फिलहाल किशोरियों का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है। सीसीटीवी कैमरे में दोनों चचेरी बहनें एक ई रिक्शा मे बैठकर बाईपास चौराहे की तरफ आते दिख रही हैं। पुलिस ने ई रिक्शा चालक को पूंछतांछ के लिए हिरासत में ले पूंछताछ कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस बरेली मोड़ तथा कटरा की ओर जाने वाले रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाने के लिए जुट गई है।

# नराकास की 30वीं बैठक में मेरा युवा भारत कार्यालय को मिला प्रशस्ति पत्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आयुध वस्त्र निर्माणी (ओसीएफ) शाहजहांपुर द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की 30वीं बैठक में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मेरा युवा भारत, शाहजहांपुर कार्यालय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में किए गए श्रेष्ठ कार्य निष्पादन को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय राजभाषा कार्यालय गाजियाबाद से पधारे विशिष्ट अतिथि श्री अजय कुमार चौधरी तथा आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर के मुख्य महाप्रबंधक एवं नराकास अध्यक्ष श्री अमित सिंह (आईओएफएस) ने जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत, शाहजहांपुर मयंक भदौरिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं।

अतिथियों ने कार्यालय द्वारा हिंदी के प्रयोग-प्रसार और राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य विभागों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर नराकास से जुड़े विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत चंद्रासा खुर्द, विकास खण्ड ईसानगर-खीरी

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/ सामग्री आपूर्ति निविदा सूचना प्रकाशन-2025-26 दिनांक- 30.12.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चंद्रासा खुर्द , विकास खण्ड ईसानगर में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य कराना है। जिसके लिए रजिस्टर्ड सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों से दिनांक 03.01.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक शर्तों के अधीन सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र आमंत्रित तिथि दिनांक 31.12.2025 से दिनांकः 03.01.2026 तक के कार्य दिवस में निविदाएं प्राप्त किए जा सकते हैं तथा दिनांकः 03.01.2026 को अपरान्ह 2 बजे तक जमा किए जा सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा एवं प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 04 बजे सार्वजनिक रूप से उपस्थिति निविदादाताओं एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी निहित होगा। इच्छुक पंजीकृत फर्म निर्धारित समय के अन्दर अपनी निविदाएं प्रस्तुत कर सकते हैं। जीएसटी अनुमन्य अलग से देय होगा। आवश्यक शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस में मालूम की जा सकती है। समस्त विवादों का निस्तारण ग्राम पंचायत मुख्यालय होगा। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामाग्री का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट | 762 बैग |
| 2. | ईंटा | 48821 नग |
| 3. | मौरंग | 67.88 घन मी. |
| 4. | गिट्टी | 44.35 घन मी. |
| 5. | गिट्टी (40रू) | 34.1 घन मी. |
| 6. | टीन शेड | 87.50 Sqm |
| 7. | सरिया | 727.68 किग्रा. |
| 8. | एंगल आयरन | 8.26 किग्रा. |
| 9. | इण्टर लॉक | 3072 नग |

**ग्राम प्रधान**
**श्रीमती गोमती देवी**
**ग्राम पंचायत चन्द्रसा खुर्द**
**विकास खंड**
**ईसानगर ( खीरी )**

**ग्राम विकास अधिकारी/**
**पंचायत सचिव**
**श्री अमन सिंह**
**विकास खंड**
**ईसानगर ( खीरी )**


# सर्वसमाज हितैषी डॉ. के.पी. गुप्ता ने फिर दिखाई दरियादिली

- कलेक्टर गंज व जनता हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 190 मरीजों को मिला लाभ

**शाहजहांपुर।** अर्नव सर्जिकेयर अस्पताल के ओनर व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.पी. गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को जलालाबाद क्षेत्र के कलेक्टर गंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के करीब 140 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं भी मुफ्त वितरित की गईं। शिविर के आयोजन में स्थान चयन, व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में वरिष्ठ पत्रकार संतोष उपाध्याय (एक हिन्दी दैनिक अखबार) एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक द्विवेदी (एक हिन्दी दैनिक अखबार) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग को देखते हुए आयोजकों की ओर से दोनों वरिष्ठ पत्रकारों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उसी दिन जनता हॉस्पिटल में भी दूसरा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जहां लगभग 50 मरीजों को निःशुल्क जांच एवं दवाओं का लाभ मिला। इस मौके पर डॉ. के.पी. गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही ऐसे शिविरों का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय पहल बताया।

# अटलजी भारतीय राजनीति में विचार, संवाद और सहमति की संस्कृति के प्रतीक रहेः मिथिलेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




लोकसभा आंवला क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बिथरी चैनपुर के खुशहाली फार्म पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। सम्मेलन में सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अटलजी के विचारों, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों को स्मरण किया। अपने संबोधन में सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति में विचार, संवाद और सहमति की संस्कृति के प्रतीक रहे। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से अटलजी के आदर्शों को अपनाकर समाज और देश के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि अटल जी के अप्रतिम नेतृत्व, अलौकिक वाणी और दूरदर्शी दृष्टि ने न केवल राष्ट्र के सपनों को आकार दिया, बल्कि देशवासियों के हृदय में आशा और प्रेरणा का अविस्मरणीय दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि इस स्मरणीय अवसर पर उनके आदर्शों, नीति-निर्देशों और संवेदनशील राजनीतिक दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए यह अनुभव हुआ कि अटल जी का युग और उनका व्यक्तित्व आज भी हमें नैतिक, सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से मार्गदर्शन प्रदान करता है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद आंवला धर्मेंद्र कश्यप, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, आदेश प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष आंवला, राणा प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक संचालनकर्ता राहुल दीक्षित, रविन्द्र गुर्जर जिला मंत्री, घनश्याम शर्मा जिला महामंत्री युवा मोर्चा, नानकराम सागर जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप कठेरिया जिला मंत्री युवा मोर्चा आदि मौजूद रहे।

## उन्नाव पीड़िता को थोड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर के उस आदेश के लागू होने पर स्टे ऑर्डर जारी किया, जिसमें सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर उन्हें अपील लंबित रहने तक जमानत दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, श्विशेष तथ्यों को देखते हुए, जहां दोषी एक अलग अपराध में भी सजा काट रहा है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश को लागू करने पर रोक लगाते हैं। इस प्रकार, आरोपी को उक्त आदेश के तहत रिहा नहीं किया जाएगा।इस फैसले से एक बड़ी राहत पीड़िता को मिली है, क्योंकि अब यह तो तय हो गया है कि बलात्कार के दोष में कुलदीप सिंह सेंगर जेल में ही रहेगा, अब भी पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के एक अलग मामले में वह 10 वर्ष की सजा काट ही रहा है। इसमें उसे जमानत नहीं मिली है और अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद है। लेकिन अगर इस मामले में भी जमानत मिल जाती तब तो पीड़िता के लिए खतरा और ज्यादा बढ़ जाता। सेंगर ने केवल एक नाबालिग मासूम का बलात्कार ही नहीं किया, बल्कि अपने राजनैतिक दबदबे का इस्तेमाल उसकी इंसाफकी लड़ाई को रोकने में भी किया। इसलिए जब हाईकोर्ट ने सेंगर को जमानत दी थी, तो उसने इस नाइंसाफी के खिलाफआवाज उठाई थी। उसका साथ देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना सामने आईं। हालांकि यह देखकर बेहद अफसोस हुआ कि इंसाफके लिए लड़ रहे इन लोगों को पुलिस प्रशासन ने कुचलने की तमाम कोशिशें कीं। इंडिया गेट से लेकर संसद और हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जहां भी कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने का विरोध करने के लिए पीड़िता के साथ लोग इकट्ठे हुए उन्हें वहां से बलपूर्वक भगाने की कोशिशें हुईं। समझ नहीं आता कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों से किस बात का खतरा सरकार को दिखाई देता है। देश में कितने ही मामले ऐसे सामने आते हैं जहां गुंडे कभी रेस्तरां, कभी पार्क में बैठे लोगों को परेशान करने, प्रताड़ित करने पहुंच जाते हैं। तब पुलिस पता नहीं कहां गायब हो जाती है। अभी देहरादून में अंजेल चकमा नाम के युवा को नस्लभेदी नफरत के कारण मार दिया गया। उसे चायनीज और मोमो जैसे शब्द बोलकर अपमानित किया गया। वह कहता रहा कि वह भारतीय है, फिर भी उसकी जान ले ली गई। हालांकि वह भारतीय न भी होता, सच में चीन या किसी और देश का नागरिक होता, तब भी नस्लीय नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। लेकिन ऐसे उत्पीड़न जब हो रहे होते हैं, तब पुलिस वहां नहीं पहुंचती। भाजपा के शासन में पुलिस का भी राजनीतिकरण करने के जो आरोप लगते हैं, वो ऐसी घटनाओं के बाद सही लगते हैं।कुलदीप सेंगर मामले में शर्मनाक बात यह है कि भाजपा के कई नेता उसके समर्थन में खुलकर आ गए हैं। ब्रजभूषण शरण सिंह ने सेंगर को जमानत देने का स्वागत किया था, योगी सरकार में मंत्री ओ पी राजभर ने भी पीड़िता का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि उसका घर उन्नाव में है तो दिल्ली में प्रदर्शन की क्या जरूरत। इसके बाद भाजपा पर कुलदीप सेंगर को राजनीतिक संरक्षण देने का जो आरोप लगा है, वह भी प्रमाणित होता दिखाई देता है। सब जानते हैं कि बलात्कार का गंभीर आरोप लगने के बावजूद लंबे समय तक कुलदीप सेंगर को गिरफ्तार नहीं किया गया।

# फास्ट फूड की मीठी लत और कड़वी सच्चाई

**डॉ. शिवानी कटारा**



**प्रारंभ में गैस, एसिडिटी, कब्ज़, थकान, त्वचा की समस्याएं , दांतों में केविटीज, मसूड़ों का इन्फेक्शन और एकाग्रता की कमी जैसी छोटी परेशानियां होती हैं, जिन्हें सामान्य मानकर अनदेखा कर दिया जाता है। लेकिन लंबे समय में यही आदतें मोटापा, टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बनती हैं। इन खाद्य पदार्थों में फाइबर और पोषक तत्व कम, जबकि चीनी, नमक और हानिकारक वसा अत्यधिक होती है। इससे आंतों के लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं, सूजन बढ़ती है और पाचन तंत्र कमजोर पड़ता है। बच्चों और किशोरों में इसका प्रभाव और भी गंभीर होता है, क्योंकि इसी अवस्था में शरीर और आदतें दोनों आकार ले रही होती हैं। यह केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है। इन रोगों का इलाज सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी बोझ डालता है, कार्यक्षमता घटती है और स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च गरीब और मध्यम वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करता है।**

कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से आई एक खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया। 16 वर्ष की एक किशोरी, जो लंबे समय से अत्यधिक फास्ट फूड खा रही थी, गंभीर रूप से बीमार पड़ी। डॉक्टरों के अनुसार उसकी आंतें आपस में चिपक चुकी थीं, पाचन तंत्र लगभग पूरी तरह नष्ट हो चुका था। पेट में तरल भर गया था, रक्त संचार कम हो गया था और संक्रमण आंतों से फैलकर फेफड़ों तक पहुंच गया। ऑपरेशन हुआ, लेकिन जीवन नहीं बच सका। यह घटना मात्र एक वायरल खबर नहीं, बल्कि हमारे समय के लिए एक भयावह चेतावनी है। यह हमें ठहरकर सोचने को मजबूर करती है-जिस फास्ट फूड को हम बेफिक्र होकर खाते हैं, क्या वह वास्तव में उतना ही मासूम है, या फिर चुपचाप एक ऐसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है, जिसकी कीमत हम आने वाली पीढ़ियों से चुका रहे हैं?

सीधे-सीधे कहें तो फास्ट फूड वही खाना है जो झटपट मिल जाए और झटपट खा लिया जाए। न अधिक इंतजार, न अधिक मेहनत । इसकी पहली वजह है समय की कमी-तेज रफ्तार जीवन में लोगों के पास घर पर खाना बनाने या बैठकर खाने का समय नहीं बचा। दूसरी बड़ी वजह है हर जगह उपलब्धता। फास्ट फूड हर समय सामने है। तीसरी वजह है तीखा और लुभावना स्वाद। नमक, चीनी और तेल अधिक होता है, जो जीभ और दिमाग दोनों को तुरंत आकर्षित करता है। और अंत में, सोशल फैक्टर-पार्टी, बर्थडे, आउटिंग और दोस्तों के साथ मिलने-जुलने में फास्ट फूड अब सामान्य हिस्सा बन चुका है।

फास्ट फूड की लत केवल आदत का विषय नहीं, बल्कि मस्तिष्क की रसायनिकी से जुड़ा हुआ है। अत्यधिक मीठा, नमकीन और तला हुआ भोजन मस्तिष्क में 'डोपामिन' नामक रसायन का स्राव बढ़ाता है, जो तात्कालिक सुख और संतोष का अनुभव कराता है। धीरे-धीरे मस्तिष्क उस स्वाद को उसी सुखद अनुभूति से जोड़ लेता है। यहां तक कि उस भोजन को देखने या उसके बारे में सोचने मात्र से वही प्रतिक्रिया शुरू हो जाती है। तनाव, थकान, उदासी या अकेलेपन की स्थिति में व्यक्ति अनजाने में ऐसे भोजन की ओर खिंचता है, क्योंकि वह तुरंत अच्छा लगने का एहसास देता है। यही कारण है कि फास्ट फूड धीरे-धीरे कम्फर्ट फूड बन जाता है, जबकि वास्तविकता में वह शरीर के लिए सबसे अधिक असुविधा और रोगों का कारण बनता है। फास्ट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई देता है।

प्रारंभ में गैस, एसिडिटी, कब्ज़, थकान, त्वचा की समस्याएं , दांतों में केविटीज, मसूड़ों का इन्फेक्शन और एकाग्रता की कमी जैसी छोटी परेशानियां होती हैं, जिन्हें सामान्य मानकर अनदेखा कर दिया जाता है। लेकिन लंबे समय में यही आदतें मोटापा, टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बनती हैं। इन खाद्य पदार्थों में फाइबर और पोषक तत्व कम, जबकि चीनी, नमक और हानिकारक वसा अत्यधिक होती है। इससे आंतों के लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं, सूजन बढ़ती है और पाचन तंत्र कमजोर पड़ता है। बच्चों और किशोरों में इसका प्रभाव और भी गंभीर होता है, क्योंकि इसी अवस्था में शरीर और आदतें दोनों आकार ले रही होती हैं।

यह केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है। इन रोगों का इलाज सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी बोझ डालता है, कार्यक्षमता घटती है और स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च गरीब और मध्यम वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करता है। दूसरे शब्दों में, फास्ट फूड का सस्ता होना एक भ्रम है-इसकी वास्तविक कीमत अस्पताल, दवाइयों और खोए हुए जीवन वर्षों के रूप में समाज चुका रहा है। आज फास्ट फूड केवल प्लेट में परोसा गया खाना नहीं है, यह एक आक्रामक व्यवस्था है। चमकदार विज्ञापन, बच्चों को लुभाने वाले खिलौने, भारी छूट, मोबाइल ऐप्स की एक क्लिक सुविधा-सब मिलकर इसे हर उम्र, हर वर्ग तक पहुंचा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि भारत में फास्ट फूड उद्योग तेजी से फैल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत का फास्ट फूड बाजार लगभग 18.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था और इसके 2033 तक 35.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, यानी यह उद्योग लगभग 7 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है। इस विस्तार का सबसे बड़ा असर बच्चों और युवाओं पर दिखाई देता है। विभिन्न भारतीय अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि स्कूल और कॉलेज आयु वर्ग में फास्ट फूड का सेवन 30 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की व्यापकता दिखाता है। अर्थात यह अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य आदत बन चुकी है । इसके बावजूद, नीति स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। तंबाकू और शराब जैसे उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनियां, कर और विज्ञापन नियंत्रण लागू हैं, लेकिन जंक फूड/फास्ट फूड –जो बच्चों के शरीर और मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करता है,अब भी अपेक्षाकृत ढीले नियमन के दायरे में है।

विधायिका और सार्वजनिक नीति विमर्श में जंक फूड और शीतल पेयों पर चर्चा का अनुपात अत्यंत सीमित पाया गया है, जो यह संकेत देता है कि बढ़ते जोखिम के बावजूद इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पर्याप्त गंभीरता से नहीं लिया गया है, जिससे स्वाद और सुविधा के नाम पर एक गहरा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट चुपचाप आकार ले रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार माना गया है।

आयुर्वेद स्पष्ट कहता है कि आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य जीवन के तीन स्तंभ हैं, और इनमें आहार सर्वोपरि है। भोजन सही विधि से लिया जाए तो वह औषधि है, और गलत विधि से लिया जाए तो वही विष बन जाता है। विरुद्ध आहार–जैसे ठंडे पेय के साथ तला-मसालेदार भोजन–को आयुर्वेद ने सदियों पहले ही रोगों का कारण बताया था। शांत स्थान पर, उचित समय पर, आत्म-परीक्षण के साथ भोजन करने की सीख आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विडंबना यह है कि जिस देश में इतनी स्पष्ट आहार-दृष्टि उपलब्ध है, वहीं आधुनिक नीति निर्माण में भोजन को केवल बाज़ार का विषय बना दिया गया है, स्वास्थ्य और संस्कृति का नहीं।

## विचार

# भारत में नववर्ष की परंपराएं

**श्वेता गोयल**



नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सूई से जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजी का धूम-धड़ाका शुरू हो जाता है। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे।

दुनिया भर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं। हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवतः दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत् और विक्रमी संवत् दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत् के अनुसार नव वर्ष की शुरूआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत् के अनुसार नए साल की शुरूआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत् के आधार पर नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है। बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत

**आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है। बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे।**

किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्येक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

जम्मू-कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष बैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरूआत एक अप्रैल से होती है।

## 2026 से पहले खुद में साइबर कानून की बुनियादी समझ पैदा करें

बेंगलुरु की एक फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी में कार्यरत पोलेपल्ली अविनाश से 31 जनवरी 2023 को रिजवान नाम के एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को एक्सिस बैंक प्रतिनिधि बताया और क्रेडिट कार्ड का ऑफर दिया। बैंक ने अविनाश से आधार, पैन और सैलरी स्लिप ले ली। कुछ ही समय बाद अविनाश को बताया गया कि उनका आवेदन रिजेक्ट हो गया है और उन्हें कार्ड नहीं मिलेगा। लेकिन उनके पास 14.2 लाख रुपए का बिल पहुंचा दिया गया।

अविनाश ने कहा कि इतनी बड़ी रकम खर्च करना तो दूर, उन्हें तो कार्ड ही नहीं मिला है। लेकिन बैंक अधिकारियों का कहना था कि कार्ड एक्टिव है और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उससे कथित भुगतान भी किया है। रिकवरी एजेंट जब अविनाश के घर आने लगे तो 6 जुलाई 2023 को उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस से संपर्क किया और बैंक के अधिकृत एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। 10 जनवरी 2024 तक उन्हें पता चला कि इस फर्जी कार्ड के कारण उनका सिबिल स्कोर भी प्रभावित हुआ है।

बैंक ने शुरुआत में कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन बाद में चुप्पी साध ली। इधर, रिकवरी का दबाव बढ़ता जा रहा था। मजबूरन अविनाश ने 2024 में बैंक पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। नोटिस मिलने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष पेश नहीं हुआ और मामला एकतरफा चला। आयोग ने पाया कि बैंक ने न तो सही जांच की, न ही पुलिस में शिकायत दी और इन विसंगतियों के बावजूद रिकवरी के प्रयास जारी रखे। आयोग ने कथित एजेंट से वॉट्सएप चौट, रिकवरी रिकॉर्ड और पुलिस रिपोर्ट का हवाला देते हुए नवंबर 2025 में एक्सिस बैंक को 14.2 लाख रुपए की यह रिकवरी रोकने और मुकदमा खर्च के तौर पर 2 हजार रुपए चुकाने का आदेश दिया।

एक अन्य घोटाले में ठगों ने मुंबई की एक महिला से 3.75 करोड़ रुपए हड़प लिए। एक व्यक्ति ने खुद को 'जस्टिस चंद्रचूड़' बताते हुए वर्चुअल कोर्ट सुनवाई कराई। उसने महिला से मनी लॉन्ड्रिंग केस को लेकर पूछताछ की और उसकी जमानत खारिज करने की बात कही। जबकि महिला कहती रही कि वह दोषी नहीं है। महिला से कहा गया कि वह अपनी पूरी संपत्ति जांच के लिए जमा कराए और सभी म्यूचुअल फंड भी रिडीम करे। अगस्त से अक्टूबर के बीच महिला ने 3.75 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन पैसा वापस नहीं मिला तो वह पुलिस के पास पहुंची।

जांच के बाद पुलिस ने सूरत के 46 वर्षीय जितेंद्र बियाणी को पकड़ा, जिसको बुजुर्ग महिला से ठगी गई रकम के 1.7 करोड़ रुपए मिले थे। हम कब समझेंगे कि भारतीय कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई अवधारणा नहीं है? कब जानेंगे कि आरबीआई नियमों के मुताबिक यदि हम क्रेडिट कार्ड से हुए अनधिकृत ट्रांजेक्शन की सूचना तीन कार्यदिवस में दे दें तो हमारी जिम्मेदारी शून्य हो जाती है? यदि बैंक 30 दिनों में शिकायत का समाधान नहीं करता या आपको नजरअंदाज करता है, जैसा एक्सिस बैंक के मामले में हुआ- तो मामला आरबीआई बैंकिंग लोकपाल तक ले जाना चाहिए।

हमें यह भी पता होना चाहिए कि सिबिल डिस्प्यूट रिजोल्यूशन पोर्टल इस्तेमाल करके कोई भी अनधिकृत अकाउंट की शिकायत कर सकता है और मामला निपटने तक उसे हटाने की मांग कर सकता है। चूंकि डिजिटल लेनदेन अब जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है तो हस्ताक्षर करके दिया गया हमारा हर दस्तावेज ठगों के हाथ में जाने का खतरा है। ऐसे में कानून की बुनियादी जानकारी से खुद को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस और कानूनी एजेंसियां आप-हम जैसे आम लोगों को धमकाने के लिए नहीं होतीं। वे हमारी सुरक्षा के लिए हैं। वो हमारे साथ ठगों के जैसे बात नहीं करते। वो तो अपराधियों से बात करने का लहजा होता है और हर आम आदमी अपराधी नहीं होता।



## राशिफल

**मेष:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृश्चिक:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# वर्तमान समय में कांग्रेस पर मंडराते संकट के बादल



**जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि अपने एक सौ चालीस साल के इतिहास में कांग्रेस एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ी हुई है। ऐसे में इस पार्टी का पुनरुत्थान भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए विपक्ष की संभावनाओं की कुंजी भी साबित हो सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अतीत की विफलताओं से सबक लेकर कांग्रेस पार्टी नये साल में नये तेवरों के साथ जनता के दरबार में जाएगी।**

निस्संदेह, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को फिलहाल बेहद मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव दर चुनाव उसका दायरा लगातार सिमटता ही जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चुनावी मोर्चे पर भी कांग्रेस के लिए बीत रहा साल निराशाजनक ही रहा है। कांग्रेस पार्टी को दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना भी करना पड़ा है। हालांकि, पार्टी ने 'वोट चोरी' मुहिम को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उसके परंपरागत वोट फिर लौटकर नहीं आए। बल्कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को भी सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल सका।

पार्टी के लिए आने वाला साल एक नई चुनौती लेकर आ रहा है। आने वाले साल में असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व का आत्मविश्वास से भरा रवैया दिखाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा। इस आयोजन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो सदैव हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश व्यक्ति के हितों के लिए खड़ी रही है।' वहीं इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़्गे ने घोषणा की कि 'कांग्रेस एक विचारधारा का नाम है और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं।' लेकिन वास्तव में एक कड़वी सच्चाई यह है कि पार्टी के अस्तित्व पर संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है।

पार्टी संगठन में असंतोष की आहटें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं। यह असंतोष किस हद जा पहुंचा है, हालिया घटनाक्रम इसकी पुष्टि करता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की कुशल संगठनात्मक रणनीति की प्रशंसा और ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी थी। निश्चय ही आम कार्यकर्ता पर इसका सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा होगा। दरअसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। देखा जाए तो गाहे-बगाहे कांग्रेस संगठन से शीर्ष स्तर पर गहरे तक जुड़े रहे दिग्गज कांग्रेस नेताओं के पार्टी लाइन से हटकर दिए गये बयान पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं।

जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं। इस पूंजी को चुनावी लाभ में परिवर्तित किया जा सकता है या नहीं, यह बयानबाजी से कम और पार्टी में सुधार, संगठन के पुनर्गठन और जनता से प्रभावी ढंग से पुनरू जुड़ने की क्षमता पर अधिक निर्भर करता है। ऐसे समय में, जब राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा का एकछत्र वर्चस्व बना हुआ है और यह कह सकते हैं कि सभी क्षेत्रों में इसका दबदबा कायम है, भाजपा ने तो यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस 'चापलूसों की सेना' है। साथ ही उसे भारतीय लोकतंत्र की 'सबसे कमजोर कड़ी' तक करार दे दिया है। निस्संदेह, यह आलोचना, जो काफी हद तक सच के करीब है, कांग्रेस को आत्ममंथन करने और मौजूदा स्थिति में बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करेगी। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि अपने एक सौ चालीस साल के इतिहास में कांग्रेस एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ी हुई है। ऐसे में इस पार्टी का पुनरुत्थान भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए विपक्ष की संभावनाओं की कुंजी भी साबित हो सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अतीत की विफलताओं से सबक लेकर कांग्रेस पार्टी नये साल में नये तेवरों के साथ जनता के दरबार में जाएगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते पांच गिरफ्तार




**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध जुआ एवं सट्टा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस द्वारा दिनांक– 29 दिसम्बर 2025 की सायं को अवैध जुआ के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम उपनिरीक्षक श्रीकृष्ण वैश्य, उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव, हेड कांस्टेबल चन्द्रजीत तथा कांस्टेबल बिनोद कुमार,कांस्टेबल अभिषेक सक्सेना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुढारी रेलवे क्रासिंग के आगे झाड़ियों के पास सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है , गिरफ्तार अभियुक्तगणों के कब्जे से मालफड़ 4410 रूपये जामातलाशी 1960 रूपये कुल 6370 रूपये तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। अभियुक्तगणों को थाने पर ही जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में मुकदमा धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है। पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों में नईम पुत्र उस्मान, प्रेम नारायण पुत्र किशनलाल,अरसद अंसारी पुत्र इसराज, प्रमोद कुमार पुत्र जयराम, शोएब पुत्र शाबिर अंसारी शामिल हैं।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की दर्दनाक मौत

**कुलपहाड़/महोबा।** थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमालपुरा निवासी 80 वर्षीय दिल्लीपत सोमवार को सर्दी से बचाव के लिए आग तापने के लिए लकड़ी लेने खेत की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि तभी झांसी–मानिकपुर रेलवे ट्रैक पार करते समय निकली ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक को कम सुनाई देता था। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाया, हालात बिगड़ने से जिला अस्पताल के लिए रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** हमीरपुर की सीमा से सटे महोबा क्षेत्र के गांव की एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसकी हालत गंभीर होते देखा परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत में सुधार न होते देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महोबा क्षेत्र के गांव खन्ना निवासी संतोष की 17 वर्षीय पुत्री बंदना की परिजनों से मामूली कहा सुनी हो गई जिससे वह छुब्ध होकर जहरीला पदार्थ( सल्फास) का सेवन कर लिया यह देख परिजनों के हाथ पैर फूल गए गंभीर अवस्था में परिजनों ने मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालात चिंता जनक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सड़क पर टहल रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** सड़क में टहल रहे एक वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिससे वह सड़क पर गिर गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे परिजनो ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सा ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बे के मोहल्ला फतेहपुर निवासी सिद्धा पुत्र मोतीलाल 60 वर्ष अपने घर के पास ही रोड पर टहल रहा था तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिससे वह सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख परिजनों ने आनन फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कंबल वितरण का किया आयोजन



**मौदहा(हमीरपुर)।** विकास खण्ड क्षेत्र के फतेपुरवा गांव में मंगलवार दोपहर को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद व विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किया। कंबल लेने के लिए गांवों के काफी संख्या में महिलाएं व बुजुर्ग पहुंचे थे। सर्दी में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि विपिन पाण्डे ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूत न रहे वह ग्राम प्रधान सियाराम विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से 268 गरीबों कम्बल भेंट किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश वर्मा, लेखपाल राघवेन्द्र चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सियाराम विश्वकर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद मौजूद रहे।

### खजुराहो से कानपुर जाने वाली मेमू तीन घंटे देरी से आई




**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ने लगा है। मंगलवार को खजुराहो कानपुर पैसेंजर सुबह 3 घंटे की देरी से आई। इससे यात्री परेशान रहे। इसके अलावा सभी ट्रेनें घंटों देरी से चली मंगलवार को सुबह खजुराहो से कानपुर सेंट्रल तक जाने वाली मेमू पैसेंजर 8:10 बजे की बजाय 11:14 बजे पर यहां आई। इसी तरह तड़के जबलपुर से लखनऊ जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस कोहरे के कारण 46 मिनट देरी से यहां आई। सुबह कानपुर से मानिकपुर तक जाने वाली मेमू पैसेंजर 8:14 के स्थान पर 10:01 पर यहां आई। यह ट्रेन एक घंटे 47 मिनट की देरी से यहां पहुंची। इसी तरह दोपहर में कानपुर से चलकर मानिकपुर होकर प्रयागराज तक जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 46 मिनट की देरी से आई। ट्रेनों के देरी से चलने से यात्री ठंड में ठिठुरने को मजबूर रहे। दैनिक यात्री राजकुमार, महेश गुप्ता,गुड्डू गुप्ता,धीरू यादव आदि ने बताया कि कोहरे के चलते ट्रेनों के संचालन में विपरीत असर पड़ा है। यह निर्धारित समय से घंटों देरी से आ रही है। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि कोहरे के कारण मंगलवार को खजुराहो कानपुर पैसेंजर सर्वाधिक प्रभावित हुई, अन्य ट्रेनें ज्यादा देरी से नहीं आई है।

### ठंड बढ़ने से सरसों, मटर, मसूर में पाले की आशंका हुई बलवंत

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** एक पखवारे से लगातार पड़ रहे कोहरे से दलहनी–तिलहनी फसलों की सेहत खराब होने लगी है। ठंड एवं कोहरा का सर्वाधिक विपरीत असर सरसों, हरे मटर के साथ मसूर की फसलों में पड़ रहा है। किसानों को आशंका सता रही है कि यह फसलें पाले की चपेट में आ रही हैं। मौसम साफ होने के बाद नुकसान का आकलन हो सकेगा। मंगलवार के पूरे दिन सूर्य देव नजर नहीं आए। ठंड भी पिछले दिनों से मंगलवार को कुछ ज्यादा ही रही। लोग ठंड से बचाव के लिए पूरे दिन अलाव से चिपके रहे। ठंड से पशु पक्षी बेहाल नजर आए बगैर बरसात के कहर बरपा रहा कोहरा फसलों को सर्वाधिक नुकसान पहुंचा रहा है। गेहूं को छोड़कर अन्य सभी फसलें कोहरे से प्रभावित हो रही हैं। किसान मानसिंह, प्रदीप गुप्ता, उदयभान यादव, सुरेश कुमार, नवीन यादव, इंद्रपाल यादव आदि के अनुसार बगैर बरसात के पड़ रहे कोहरा सरसों, मटर, मसूर की फसलों को सर्वाधिक प्रभावित कर रहा है लगातार बढ़ रही ठंड से इनमें पाला पड़ने की आशंका है पाले से होने वाले नुकसान का अंदाजा मौसम साफ होने के बाद ही लगेगा। प्रकृति के इस कहर से किसान सहमा हुआ है। पूर्व वीडियो कृषि रामसनेही साहू का भी मानना है कि कोहरा दलहनी–तिलहनी फसलों पर विपरीत असर डाल रहा है। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजीत कुमार शुक्ला ने कहा कि कोहरा दलहनी–तिलहनी फसलों के लिए घातक साबित हो सकता है। किसानों को पाले से फसलों को बचाने के लिए मेड़ों में धुआं आदि के इंतजाम करने चाहिए।

### ओएसआर के दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पंचायतों की अपनी आय सशक्त स्थानीय शासन की नींव के तहत ब्लाक सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी प्रधानों के साथ पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में डीपीआरसी की सीनियर फैकल्टी मैनेजर प्राची गुप्ता ने ग्राम पंचायतों को अपनी आमदनी (ओएसआर) बढ़ाने का प्रशिक्षण प्रदान करके उनके अधिकारों के बारे में बताया गया प्रशिक्षणदाता राम अवतार नामदेव, श्यामजी मिश्रा, पूजा अरजरिया, इरफान खान आदि ने बताया कि पंचायतें धारा 33, 34, 37, 38, 40, 41, 99 आदि का उपयोग करके अपनी आय बढ़ाकर पंचायतों का विकास करा सकती है। इन धाराओं के अलावा आधा दर्जन धारायें और हैं जिनसे आमदनी के स्रोत बनाए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान छेदीलाल निषाद, अनिरुद्ध सिंह, रामफूल निषाद, रंजीत यादव, कामता प्रसाद वर्मा, रामखिलावन श्रीवास, जीवन श्रीवास सहित पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# धरती माता बचाओ निगरानी समिति एवं स्केल ऑफ फाइनेन्स की बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति एवं स्केल ऑफ फाइनेन्स (वित्तमान निर्धारण वर्ष 2026-27) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलास्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति के सह-अध्यक्ष एवं दोनों समितियों के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निम्न निर्देश दिये गये। उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी दो दिन के अन्दर तहसील स्तरीय व ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों का सक्रिय करते हुए रबी सीजन की बैठक अवश्य करा लें। इसके लिये सभी पंचायत सचिवों/लेखपालों/ग्राम प्रधानों को आज ही निर्देशित कर दिया जाए। समितियों के गठन की सूचना तत्काल जिलास्तरीय निगरानी समिति को उपलब्ध करा दिया जाय। सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे गोष्ठी/किसान पाठशाला में ही गाम पंचायत स्तरीय निगरानी समितियों की प्रथम बैठक आयोजित करा लिया जाय। जनपद में वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। फिर भी यदि किसी क्षेत्र में उर्वरकों की कमी महसूस हो रही है तो तत्काल इसकी सूचना जिला कृषि अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) को दिया जाय तथा त्वरित गति से सम्बन्धित क्षेत्र में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपजिलाधिकारी कृषित भूमि के क्षेत्रफल के आधार पर अपने तहसील क्षेत्र के 25-25 बड़े ग्रामों की सूची एक सप्ताह के अन्दर जिला स्तरीय निगरानी समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इन ग्रामों में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु किसानों को प्रेरित करने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलाताल के नेतृत्व में कृषि, सहकारिता, उद्यान मिलकर एक कार्य योजना बनाकर उसके अनुरूप प्रभावी कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त फसलो/मत्सय/पशुपालन एवं उद्यान विभाग अपने से सम्बंधित संशोधित वित्तमान का निर्धारण कर बैंकर के सहमति उपरान्त अनुमोदन कराले ताकि वर्ष 2026-27 में कृषकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस ने पाया लगातार सातवीं बार पहला स्थान

- मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक सहित टीम को किया सम्मानित



**महोबा।** सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा नवम्बर 2025 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100फीसद अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद के लिए लगातार सातवीं बार प्राप्त हुई है, जो महोबा पुलिस की कार्यकुशलता,त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक,तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह तथा सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

## पुलिस ने किया थाने में वर्षों से लंबित माल मुतफर्रिक का विनष्टीकरण

- किया गया 91 पोटली माल का निस्तारण

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में लंबित माल के विधिक निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ से प्राप्त माल विनष्टीकरण आदेश के अनुपालन में आज थाना महोबकंठ में दाखिल माल मुतफर्रिक (पर्चा जात मृतकगण) का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें कुल 91 पोटली माल मुतफर्रिक, जो किसी भी आपराधिक प्रकरण से संबंधित नहीं था, का विधिवत निस्तारण किया गया। वर्षो से संचित अनुपयोगी माल के विनष्टीकरण से थाना परिसर में साफ-सफाई, सुव्यवस्था एवं अभिलेखीय प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा, साथ ही भविष्य में माल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### खेल-खेल में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर किशोर की मौत

**महोबा।** मध्यप्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के प्रकाश बम्हौरी थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बदौरा कलां निवासी 10 वर्षीय प्रियांश सोमवार को घर के पास ही दोस्तों के साथ खेल रहा था। बताया जाता है कि तभी खेलते समय पास में स्थित पानी से भरे गड्ढे में असंतुलित होकर गिर गया। आवाज सुनकर पास में मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों द्वारा रेस्कयू कर कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। परिजन उसे जीवित समझकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उपनिरीक्षक योगेश रावत मय हमराह हेड कांस्टेबल सुमित कुमार यादव,हेड कांस्टेबल शिवप्रताप सिंह व कांस्टेबल गौरव सविता के नेतृत्व में टीम ने थानाक्षेत्र के टिडवा नाला की पुलिया मुढारी-बेलाताल को जाने बाली रोड पर ग्राम मुढारी के पास से चेकिंग के दौरान अभियुक्त शैलेन्द्र राजपूत पुत्र बृजलाल राजपूत उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम मुढारी को एक तमंचा 315 बोर,एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**चंडौत सरीला, हमीरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के भेड़ी डांडा स्थित राजकीय हाईस्कूल में वार्षिक खेलकूद महोत्सव उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। जिसमें सर्वप्रथम बालक बालिका वर्ग खो-खो,कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता संम्पन हुई. तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाने वाली छात्र-छात्राएं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार एवं बृजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर राजकीय हाईस्कूल चंडौत के प्रधानाचार्य मेहर कुमार, अनीता, लक्ष्मी यादव, नवल किशोर, सुधीर श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# स्टेडियम में खेल के एवज में वसूली के आरोप

- खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी से दर्ज कराई शिकायत
- जांच करा कर कार्रवाई की उठाई मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिला स्पोर्ट्स स्टेडिमय में खिलाड़ियों ने खेल के नाम पर कोच के द्वारा वसूली करने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। खिलाड़ियों को कहना है कि रुपये न देने पर पिच में पानी भर दिया जिससे खेलने में परेशानी हो रही है।

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलने वाले जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलते है। मगर अस्थाई कोच के द्वारा क्रीडाधिकारी के नाम पर 500-500 रुपये की मांग की जा रही है। पूर्व में खिलाड़ियों ने पैसा दे दिए मगर अब मना करने पर पिच में पानी भर दिया गया जिससे वह मैच नहीं खेल पा रहे है। कोच के द्वारा स्टेडियम से भगाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित कैफ नवाज, तेज प्रताप, राजसिंह, मोहित अनुरागी, तौफीक अली, मकबूल हुसैन, प्रदीप मिश्रा आदि ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग उठाई है।

### खिलाड़ियों के आरोप बेबुनियादः क्रीड़ाधिकारी

**महोबा।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। जिन खिलाड़ियों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है उनको कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। बिना रजिस्ट्रेशन के खिलाड़ियों को इंट्री नहीं दी जाती है। जिनका कार्ड नहीं है उनको कार्ड बनाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। खिलाड़ियों के द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। खिलाड़ियों के द्वारा शुल्क देने का अगर कोई साक्ष्य है तो जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

## चंदूपुर के पंचायत भवन में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

- नेत्र शिविर में 65 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें 12 मरीज मोतियाबिंद के पाये गये

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चन्दूपुर गांव में नेत्र शिविर में संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी व डा शी पी गुप्ता नेत्र सर्जन जिला अस्पताल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। मरीजों के चश्मे की जांच रवि सचान नेत्र परीक्षण अधिकारी ने किया शुगर की जांच राजेश सचान रुञ्ज ने किया और ब्लडप्रेशर की जांच सुप्रिया सचान CHO ने किया रजिस्ट्रेशन ओमप्रकाश ने किया जिसमें 65 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 12 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये। 7 मरीज नाखूना के मिले 10 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया मरीजो के आँख के पर्दे की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने बताया कि अधिक शर्दी होने के कारण मरीज कम आये और सभी मरीजों को आंख को सुरक्षित कैसे रखखा जाये व सावधानी बताई और कहा कि आँखों को साफ पानी से धोये और हरी सब्जियों का उपयोग करे और समय समय पर आखो की जांच करते रहना चाहिए कम दिखने पर या आँख लाल हो जाये या आखो में जलन खुजली हो तो तुरंत आँख के डॉक्टर को दिखाना चाहिये और जिन मरीजो का ऑपरेशन होना है उनको ऑपरेशन के बाद एक महीने तक सावधानी बरतनी चाहिये एक महीने गले के नीचे से नहाना चाहिए।

## कुरारा ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड परिसर स्थिति ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। तथा बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने की। उक्त अवसर पर बैठक में मौजूद विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।ए डी ओ पंचायत धर्मेद्र पाल ने ग्राम विकास विभाग द्वारा शौचालय के संबंध में जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने वृक्ष रोपण व नर्सरी के संबंध में जानकारी दी। विद्युत विभाग के अवर अभियंता दयानंद ने विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में एक मुश्त समाधान योजना में सरचार्ज में छूट होने की जानकारी दी। मनकी कला प्रधान ने गांव में सार्वजनिक स्थान पर लगी हाई मास्क लाइट का कनेक्शन किए जाने की शिकायत की।आंगनवाड़ी मुख्य सेविका ने विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लाक प्रमुख ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप, एपीओ मनरेगा, सचिव नीरज सचान, जमाल अहमद, बलजीत कुमार, मधु गुप्ता, निशा, सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### फालोअपः मुकदमा नहीं लिखा तो आज मुख्यालय में हिंदूवादी संगठन करेंगे प्रदर्शन

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत 25 दिसंबर की रात श्रीगायत्री तपोभूमि प्रांगण की कथा स्थल पर जन्मदिन पार्टी के बहाने अश्लील डांस कराने के मामले में कार्यवाही के नाम पर पुलिस की हीलाहवाली से नाराज हिंदूवादी संगठन बुधवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करके कार्रवाई की मांग करेंगे। बजरंग दल के जिला कार्य समिति सदस्य आशीष सिंह अल्लू, नैतिक सोनी, आदर्श तिवारी, संस्कार त्रिपाठी, राम जी, उत्कर्ष सैनी आदि का आरोप है कि गत 25 दिसंबर को तपो स्थली में जन्मदिन पार्टी के बहाने ईसाई मिशनरी के इशारे पर कार्यक्रम का आयोजन कराकर अश्लील डांस कराकर जन-जन की आस्था का केंद्र तपोभूमि की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। इस प्रकरण में तपोभूमि के महंत के नेतृत्व में पुलिस को 26 दिसंबर को सुबह तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई थी लेकिन पुलिस ने अभी तक आयोजको से पूछताछ के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की है इससे हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश पनप रहा है। बजरंग दल के जिला कार्य समिति सदस्य आशीष सिंह अल्लू ने मंगलवार को बताया कि थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लेने के आश्वासन दिया था अगर मुकदमा नहीं दर्ज किया जाता है तो वह मुख्यालय में बुधवार को प्रदर्शन करके कार्रवाई की मांग करेंगे। बजरंग नेता का आरोप है कि पुलिस आयोजकों को बचाने में जुटी है थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि सभी आरोप निराधार है जांच में कुछ भी नहीं मिला है।

### बिजली बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** उमरी गांव में बिजली विभाग ने कैंप लगकर वसूली अभियान में लगभग एक लाख बीस रुपये बकाया बिल का राजस्व जमा कराया गया। आयोजित कैंप में 55 बड़े बकाएदारो के कनेक्शन भी काटे गए। उमरी गांव में छोटेलाल कोटेदार के आवास के पास इमिलिया पावर हाउस के अवर अभियंता अवधेश कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम में संदीप कुमार, अरविन्द्र सोनी,हर्ष लवलेश,के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाये जा रहे बिजली राहत योजना के तहत 30 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया और वही लगभग 55 बड़े बकाएदारो के द्वारा बिल न जमा किये जाने पर उनके कनेक्शन काटे गए तथा एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण करते हुए लगभग एक लाख बीस रुपये बकाया जमा कराया गया।

## बुन्देलखण्ड विवि की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी की चल रही के विषम सेमेस्टर की परीक्षाए शांति पूर्वक एवम सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई जा रही है वही हरपाल सिंह कन्या मैमोरियल महाविद्यालय बिवार में शाम पाली को एक छात्र की परीक्षा होनी थी छात्र परीक्षा देने नही आया कालेज प्रशासन दो घण्टे करता रहा छात्र का इंतजार कस्बा बिवांर में संचालित हरपाल सिंह कन्या मैमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र बहादुर ने बताया की शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय चित्रकला की परीक्षा के लिए एक छात्र पंजीकृत था जो अपनी परीक्षा देने नही आया जिसके लिए महाविद्यालय में केंद्राध्यक्ष,सहायक केन्द्राध्यक्ष,दो कक्ष निरीक्षक, एक सहायक कक्ष निरीक्षक ,दो आंतरिक उड़ाका दल सहित दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित नौ लोग एक छात्र की परीक्षा कराने के लिए दो घंटे इंतजार करते रहे छात्र अपनी परीक्षा देने परीक्षा केंद्र नही आया।हीरानन्द पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ अभिनंदन सिंह ने बताया की मंगलवार की शाम पाली में आयोजित हुई बीए प्रथम सेमेस्टर विषय चित्रकला की परीक्षा के लिए 10 छात्राए पंजीकृत थी जो सभी सामिल रही। वहीं गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के प्राचार्य डॉ लोकेंद्र पांडेय ने बताया कि मंगलवार की शाम में 4छात्राओं ने अपनी परीक्षा दी।इसी प्रकार अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवमंगल तिवारी ने बताया कि शाम में सम्पन्न हुई परीक्षा के लिए 3 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 2 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी।वही बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के केंद्राध्यक्ष डॉ अरविंद पांडेय ने बताया कि शाम पाली मेंआयोजित हुई बीए प्रथम सेमेस्टर विषय चित्रकला की परीक्षा के लिए 15 छात्राये पंजीकृत थी जिसमे 2 अनुपस्थिति रही।

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षामित्र को दी गई भावभीनी विदाई



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक विद्यालय ज्योरी मे बीते 20 वर्ष शिक्षामित्र के रूप मे सेवा प्रदान करने वाले शिक्षामित्र मंशाराम के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को मसौली चौराहा स्थित पूर्व प्रधान राममूर्ति उर्फ़ लल्लू यादव के प्रतिष्ठान पर शिक्षा मित्र संघ द्वारा अंगवस्त्र एव साईकिल प्रदान कर विदाई दी गयी। ए आरपी आदित्य वर्मा एव राजेश यादव ने कहा कि शिक्षण कार्य से जुड़ा व्यक्ति कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है बल्कि जीवन भर समाज को सेवा देता है सेवानिवृत्त शिक्षामित्र मंशाराम के सरल व्यक्तित्व और छात्र छात्राओं के शैक्षणिक विकास मे योगदान की सराहना की। पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव ने सेवानिवृत्त शिक्षामित्र के 20 वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मंशाराम शिक्षण कार्य से भले ही मुक्त हुए है लेकिन समाज को नई दिशा देने मे उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा एडवोकेट रोहित यादव ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में शिक्षा मित्रों का अहम योगदान है। उनके योगदान की सराहना होनी चाहिए उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका कभी समाप्त नहीं होती है। इस मौके पर शिक्षामित्र देवेंद्र वर्मा, देवेंद्र यादव, संदीप वर्मा, लवलेश यादव, अमरीश वर्मा, अनीता विश्वकर्मा, नीलू वर्मा, राम कुमार वर्मा, संतोष वर्मा सहित शिक्षामित्र संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षामित्र को भावभीनी विदाई देते हुए साईकिल प्रदान की।

# खाकी को सैल्यूट: गायब रूपयों से भरा बैग पाकर गदगद हुआ पीड़ित



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली नगर कोतवाली के उप निरीक्षक ने बढ़ाया खाकी का मान, रुपयों का बैग कही गिरने पर मिली सूचना के बाद नगर कोतवाल ने बनाई थी थी टीम, साढ़े चार लाख रुपयों से भरा बैग ढूंढ निकाला एसआई अखिल तोमर की टीम ने, व्यापारी ने कहा असम्भव काम को सम्भव बना दिया।

नगर कोतवाली पुलिस ने, उप निरीक्षक अखिल तोमर मौजूदा समय में शहर कोतवाली क्षेत्र के जहानाबाद चौकी की कमान संभाल रहे हैं।

## बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को शिक्षा अधिकारियों ने किया सम्मानित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विकास खंड सिरौलीगौसपुर की उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा की पूर्व छात्रा वर्तमान मे फतेहचंद सफदरगंज कॉलेज की छात्रा बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके पूर्व पूजा पाल द्वारा अपने बनाए गए मॉडल को जापान तक प्रस्तुत किया गया।इसी उपलक्ष्य मे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र गुप्ता,खंड शिक्षा अधिकारी निंदूरा सुषमा सेंगर खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्र शेखर यादव , स्टेनो राहुल शुक्ला,पुनीत श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

# युवकों को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल, छह पर मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर से मेला देखकर लौट रहे दो युवकों को गांव के दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर जान से मरने की धमकी दिये जाने के बाद पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने आधा दर्जन लोगो पर मुकदमा दर्ज किया।

मसौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत त्रिलोकपुर निवासी मोहम्मद वसीक पुत्र मुनीर अहमद शनिवार की रात करीब साढ़े 9 बजे अपने रिश्तेदार मोहम्मद तौसीफ पुत्र मुदस्सिर हुसैन एवं मोहम्मद सूफियान पुत्र अब्बास अली के साथ कस्बा त्रिलोकपुर स्थित हजरत आकिल शाह बाबा के मेले से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रईस, वफील उर्फ लल्लन, अनीस, कफील पुत्रगण अमीर एवं समीर पुत्र रिजवान व चंदू पुत्र नूरे निवासीगण त्रिलोकपुर में अपने अन्य साथियों के साथ सभी को घेर कर जबरन दबंगई के बलपर गंदी गंदी गालिया देना शुरू किया तो इन दोनों ने विरोध किया तो वे लोग जो लोहे के राड़ व लाठी से हमला करके प्रार्थना को अधिक घायल कर दिया तथा दोनों को धमकी दी कि इस घटना की कही शिकायत की तो जान से मार देंगे। दबंगों की धमकी से परेशान पीड़ित ने थाना मसौली मे शिकायत की जिनकी तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप ने निकाला जुलूस

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे क्रूर अत्याचारों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की हैदरगढ़ इकाई द्वारा मंगलवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे रामेश्वरम शिवाला से नगर के मुख्य चौराहे तक जुलूस निकाला गया। बंगलादेश विरोधी नारेबाजी के साथ हैदरगढ़ मुख्य चौराहे पर पहुंचे लोगों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मो. यूनुस का पुतला दहन कर हिंदू समाज पर अत्याचार करने वाले लोगों को करारा जवाब दिया। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय, मो. यूनुस मुर्दाबाद, बंगलादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। विश्व हिंदू परिषद हैदरगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरि भाई के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े देव शंकर शुक्ला, इंदु श्रीवास्तव, गणेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा माता-पिता धाम के सर्वेसर्वा पंकज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भीख त्रिवेदी, विजय हिंदुस्तानी, व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला, योगेश द्विवेदी, शिक्षक नेता विवेक गुप्ता, विकास पांडे विक्की, सोनू द्विवेदी, भाजपा नेता गौरी शंकर पांडे, राहुल दीक्षित,पूर्व बूथ अध्यक्ष नीलू मिश्रा, सभासद हरिराम, शिव वर्मा, हनुमान विश्वकर्मा महेश नारायण अग्रवाल नागेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# परशुराम सेना के प्रदेश प्रभारी बने विजय मिश्रा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली के विजय मिश्रा को ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ परशुराम सेना का प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजय मिश्रा को सोशल मीडिया पर तमाम प्रकार के मुद्दों को उठाना सामाजिक स्थिति के दायित्व को समझना गरीब बेसहारा की मदद करना कई ऐसे कार्य विजय मिश्रा को समाज के प्रति उत्तेजित करते हैं।

विजय मिश्रा ने ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के संयोजक अरविंद तिवारी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा जो आपने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसका मैं भली-भांति सम्मान करूंगा।संगठन और समाज के लिए आपका समर्पण और सेवा भाव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। संगठन के समस्त उच्च अधिकारियों ने भगवान



परशुराम के तहत विजय मिश्रा के ऊपर उनके जिम्मेदारी सौंपते हुए उनके कल्याण का आग्रह किया है। वहीं लखनऊ से रायबरेली अमेठी सुल्तानपुर बाराबंकी उन्नाव हरदोई फतेहपुर कानपुर तक ब्राह्मणों को जो परेशानी होती है तो उसके लिए मैं और मेरा संगठन आपके साथ खड़ा मिलेगा। फिलहाल उनके प्रदेश प्रभारी बनते ही जनपद में खुशी का माहौल भी देखने को मिल रहा है। वही प्रमोद तिवारी विजय तिवारी अनिल कुमार मिश्रा राजेश कुमार मिश्रा नेहा अभय पांडे आदर्श तिवारी समस्त लोगों ने विजय मिश्रा के कार्यों को व उनके आगे बढ़ाने की कामना की है वह संगठन को मजबूत बनाने की बात कही है।

# पुरस्कार वितरण के साथ विधायक खेल स्पर्धा संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बाराबंकी द्वारा बीजापुर खेल मैदान में आयोजित विधानसभा स्तरीय दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का समापन किया गया ।

जिसमें एथलेटिक्स वॉलीबॉल कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार मेडल ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को विधायक प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर श्रीमती आरती रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया था। सीनियर लंबी कूद में कन्हैया लाल सीनियर वालीबाल में सालपुर की टीम जूनियर वॉलीबॉल में सिद्धौर की टीम जूनियर वॉलीबॉल बालिका में देवपुरा की टीम विजेता रही। सब जूनियर कबड्डी में बालिका वर्ग में हैदरगढ़,जूनियर बालिका कबड्डी में बीजापुर की टीम विजेता रही। विभिन्न वेट कैटेगरी में कुश्ती की प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई गईं।400 मी सीनियर बालक में अमन तिवारी 400 मीटर जूनियर दौड़ में अमर बहादुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अरविंद बाजपेई , ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेंद्र किशोर पांडे, शिक्षक भावना मिश्रा, रुद्रकांत बाजपेई एवं ग्राम प्रधान बीजापुर गौतम पाठक आजाद सिंह फुटबॉल कोच आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार पलटा गम्भीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, थाना कोठी क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी धीरज पुत्र हरिश्चंद्र रावत अपने साथी सनी वर्मा पुत्र अवधेश के साथ मोटरसाइकिल पर खीरा लादकर हैदरगढ़ मंडी आ रहे थे। हैदरगढ़ बस स्टेशन के निकट बने स्पीड ब्रेकर पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पलट गई।

हादसे में दोनों युवक गिरकर घायल हो गए और सड़क पर खीरा बिखर गया। घायल धीरज ने बताया कि स्पीड ब्रेकर दिखाई न पड़ने के कारण बाइक अनियंत्रित हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां स्पीड ब्रेकर तो बना दिया गया है, लेकिन उस पर संकेतक पट्टी नहीं है।

# 2025 सेवा समर्पण और सहयोग की रही मिसाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय वानर सेना रायबरेली ने वर्ष 2025 में उल्लेखनीय कार्य करते हुए एक नई मिसाल कायम की है। वानर सेना ने जनपद में लगभग 35 लाख रुपये से अधिक का सहयोग जुटाकर 50 से अधिक जरूरतमंद परिवारों की सहायता की, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



वानर सेना के अध्यक्ष धीरज चौहान ने बताया कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पूरी टीम, संरक्षकों और रायबरेली की जागरूक जनता के सहयोग से संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग से मिले सहयोग ने वानर सेना को और अधिक मजबूती प्रदान की है। संस्था के संरक्षक अजित प्रताप सिंह लगातार टीम का मनोबल बढ़ाते रहे और हर अभियान में मार्गदर्शन देते रहे। वहीं जनपद रायबरेली के संरक्षक हरिहर सिंह जी, बृजेश सिंह का सहयोग भी संगठन के लिए प्रेरणास्रोत रहा। इस सेवा अभियान में टीम के सक्रिय सदस्यों महेंद्र सिंह, राजन सिंह, विकास सिंह, अभिवेक सर, वरूणेंद्र, प्रांशु, सचिन, अभय, विक्रांत सहित कई समाजसेवी युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी को जनपद के दैवदूत कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों के लिए कार्य किया। वानर सेना का यह प्रयास न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बना, बल्कि समाज में सहयोग, एकता और संवेदनशीलता का संदेश भी दे गया। संगठन ने भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है।

# खोया मोबाइल फोन उसके धारक को किया सुपुर्द

▸ मोबाइल स्वामी ने पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि की प्रशंसा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को सकुशल उनके स्वामियों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अमर सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा



खोए, गुमशुदा मोबाइल फोन अपअव कीमती करीब 15,000 रूपये को पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारक संदीप कुमार निवासी नेवादा धरनागा थाना कोतवाली देहात सीतापुर को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामी द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# बैसवारा सेवा संस्थान के तत्वावधान में नेत्र शिविर आयोजित

▸ मरीजों की आंखों की जांच, मुफ्त दवाएं व चश्मे हुए वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बैसवारा सेवा संस्थान के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह प्रताप सिंह ने रायबरेली महोत्सव में सिविर लगाकर हजारों लोगों को बांटे निशुल्क चश्मा हजारों लोगों की आंखों की जांच, मुफ्त दवाएं और चश्मे वितरित रायबरेली महोत्सव समिति के प्रबंधक राकेश गुप्ता ने कहा आगे भी ऐसी सेवा निरंतर रहेगी जारी नगर वासियों के साथ-साथ जनपद वासियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो यह मेरी प्राथमिकता रायबरेली के रायबरेली महोत्सव में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया बैसवारा सेवा संस्थान एवं रायबरेली महोत्सव समिति द्वारा सद्गुरु नेत्र



चिकित्सालय की डॉक्टरो की टीम के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी आशीष पाठक और राजू भाई के सौजन्य से शिविर की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संपन्न हो सकीं। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की। इसमें आंखों की रोशनी, मोतियाबिंद, जलन, धुंधलापन और अन्य नेत्र रोगों की पहचान की गई। बड़ी संख्या में बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं सहित हजारों जनपद वासियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर बैसवारा सेवा संस्थान के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 12 सितंबर 2025 से लगातार क्षेत्र के गांव गांव जाकर ग्रामीणों की आँखो की जाँच कर लगभग 121 दिन में 14367 लोगों को हम लोगों ने निःशुल्क चश्मा वितरण कर चुके है क्षेत्र वासियों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए,ऐसे शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। जनपद वासियों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### यातायात को दुरुस्त रखने के लिए खुद उतरे सीओ ट्रैफिक



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** ट्रैफिक सीओ अमित सिंह ने सिविल लाइन चौराहे समेत शहर के अन्य चौराहों पर यातायात को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए अभियान चलाया, उद्देश्य एक शहर को जाम के जाम से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर तैनात यातायात कर्मियों को यातायात नियमों के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल, और पटरी दुकानदारों ई रिक्शा चालकों एवं तमाम निजी वाहन चालकों को यातायात के नियम समझाएं और सड़क किनारे गलत पार्किंग और अतिक्रमण न की सलाह दे यातायात के नियमों को न मानने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई की सख्त चेतावनी देते हुए ऐसे लोगों के ऊपर कार्यवाही करें।

### संपूर्ण जीवन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए रहेगा समर्पित : प्रभात कुमार शर्मा

**बिसवां,सीतापुर।** बार काउंसिल ऑफ़उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव के मद्देनज़र प्रत्याशी एवं लखनऊ के अधिवक्ता प्रभात कुमार शर्मा ने तहसील बिसवां परिसर में अधिवक्ताओं से व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने तख्त-दर-तख्त जाकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। अपने संबोधन में प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि यदि उन्हें चुनाव में विजय प्राप्त होती है तो उनका संपूर्ण जीवन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता का मत देकर सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर तहसील परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### धर्मार्थ चिकित्सा हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत मंगलवार को गांव रायपुर फुलवारी में धर्मार्थ चिकित्सा सेवा हॉस्पिटल द्वारा एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष हरि शंकर जायसवाल के मार्ग दर्शन में डा.जी.के.यादव एमबीबीएस के जन्म दिन पर लगाया गया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण का कार्य रायपुर फुलवारी नजदीक कस्बा अमेठी में किया गया। इस आयोजन में कवि समीर मिश्रा, जन सेवक हरिशंकर जायसवाल के साथ साथ कई सम्मानित लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि समीर मिश्रा ने डा.जी.के. यादव को शुभ कामनाऐं दी तथा कार्यक्रम में अंत में हरिशंकर जायसवाल ने अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. जी.के. यादव एक योग्य डॉक्टर के साथ साथ एक नेक इंसान भी हैं। हमारे रायपुर फुलवारी में आकर आपका निःशुल्क इलाज करना इसी बात का प्रतीक है।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो दंपती पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु मंगलवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उसे आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष की माता की पुण्यतिथि पर बांटे गये कंबल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

माता जी की 5वी पुण्यतिथि पे हरीपुर पुरेजीत स्थित दुर्गा उपवन स्थापित समाधि पर जाकर व्यापार मंडल के टीम ने पांचवीं पुण्यतिथि पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की उसके उपरांत बाबा बालेश्वर धाम में गरीबों को कंबल वितरण किया। इस मौके पर सौरभ सिंह ने अपने परिवार सहित आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया हुआ वह महिलाओं को अंग वस्त्र प्रदान किया अध्यक्ष राहुल भदोरिया ने कहा किया एक नेक पहल है इसमें समाज को एक अच्छा संदेश जाता है बालेश्वर में ठंड में कंबल पाकर खुशी जाहिर की और



आशीर्वाद दिया इस मौके पर जगदीश सिंह विनय सिंह कमल सिंह व व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदोरिया उपाध्यक्ष सचिन सिंह अभिनव सोनी मनोज सिंह अभी गुप्ता राकेश पटवा सुरेश गुप्ता राहुल सिंह सर्वेश सिंह सौरभ सिंह शिवांश सिंह लक्ष्य सिंह शुभम सिंह अमन वाजपेई सूरज मिश्रा शिव प्रताप सिंह रामसन गुप्ता अभिषेक सोनीआज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण की परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु हुई समीक्षा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति आर. की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में सोमवार को सड़क निर्माण की परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क निर्माण से संबंधित जो भी लम्बित कार्य है उन्हें समयप पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है उन्हें गुणवत्ता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। 84 कोसीय मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुये कहा कि जो कार्य चल रहे हैं उनमें गतिशीलता लायी जाये तथा मानक के अनुरूप ही कार्य



किये जायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे सड़कों के कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये तथा नई सड़कों की जानकारी ली। मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं उनकी मरम्मत करा दी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के किनारे पटरियों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाये। सड़क सुरक्षा के मानकों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैकस्पाट पर मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग दुर्घटना के उपरान्त निर्धारित समयावधि में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाये तथा यातायात सुचारू रखने हेतु समुचित प्रबंध किये जायें। राष्ट्रीय राज्यमार्गों एवं मुख्य मार्गों के निकट स्थित विद्यालयों के पास सुरक्षा मानक पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यों में समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बजट की मांग हेतु समय से उपभोग प्रमाण.पत्र एवं मांग पत्र समय से प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विलम्बित परियोजनाओं के लिये नियमानुसार कटौती भी की जाये।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मिथलेश वर्माए राघवेन्द्र सिंहए रीमा सोनकरए बुद्धि सागर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में चयनित हुए 349 अभ्यर्थी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि श्री निषादराज अखंडानंद पी.जी. कॉलेज किटियावां शाहगढ़ में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले में कॉलेज के प्रबंधक शिव प्रसाद कश्यप द्वारा अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मेले में कुल 11 प्रतिष्ठित कंपनियों के मानव संसाधन प्रतिनिधियों (एचआर) द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। मेले में कुल 547 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 349 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।

# 88 वर्षीय वृद्ध के कूल्हे का हुआ सफल प्रत्यारोपण

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में आर्थो सर्जन डॉ राजीव शुक्ला द्वारा एक 88 वर्षीय वृद्ध के कूल्हे का प्रत्यारोपण किया गया। तहसील क्षेत्र अमेठी के रामनगर निवासी शिवप्रसाद उम्र 88 वर्ष बीते 25 दिसम्बर बृहस्पतिवार को फिसल कर गिर जाने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए दूसरे दिन उन्हें जिला अस्पताल लाकर डॉ राजीव शुक्ला को दिखाया डॉ शुक्ला ने जांच के उपरान्त पाया कि उनके कूल्हे की हड्डी टूटी हुई है जिसका



इलाज बिना ऑपरेशन के संभव नहीं है। उन्होंने वृद्ध को भर्ती कर दूसरे दिन शनिवार को ऑपरेशन कर वृद्ध का कूल्हा प्रत्यारोपित कर दिया। बातचीत में भर्ती वृद्ध शिवप्रसाद ने बताया कि हम 88 वर्ष के है, उन्होंने अपनी लगी हुई चोट पर खेद व्यक्त करते हुए डॉ राजीव शुक्ला का आभार व्यक्त किया।

## छत के रास्ते घुसे चोरों ने जेवरात सहित नकदी की साफ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जयलाल दुबे का पुरवा मजरे चिलौली गांव में बीती रात छत के रास्ते घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि कड़ाके की ठंड के चलते हरी प्रसाद पुत्र स्व राम सतन पासी अपने घर में गहरी नींद में सोया हुआ था, वहीं चोरों ने ठंड का फायदा उठाते हुए हरी घर के पिछवाड़े से घुसकर घर में रखी हुई गृहस्थी खंगाल डाला और घर में रखे बख्शे लेकर गांव के बाहर एक बाग में ले जाकर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात और नकद पच्चीस हजार रुपए लेकर फरार हो गए और बाग में बख्शे फेंक दिए। सुबह जब गृहस्वामी की नींद टूटी सामान अस्त व्यस्त दिखाई देने पर उसने अपने घर में रखे हुए बख्शे पर नजर डाली तो बख्शे गायब थे।

# डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत 38 वाहनों की हुई नीलामी

## 4.83 लाख रुपये का राजस्व हुआ प्राप्त, समिति की निगरानी में संपन्न हुई नीलामी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश भर में थानों पर खड़े जब्त वाहनों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत कोतवाली तिर्वा परिसर में धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त कुल 38 वाहनों की नीलामी कराई गई। नीलामी से मय जीएसटी कुल 4,83,800 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। नीलामी न्यायालय के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति के समक्ष कराई गई। नीलामी समिति में उपजिलाधिकारी तिर्वा (अध्यक्ष), उपसंभागीय परिवहन अधिकारी कन्नौज, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी कन्नौज, क्षेत्राधिकारी तिर्वा तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिर्वा शामिल रहे। नीलामी में कुल 38 वाहन शामिल थे, जिनमें 37 दोपहिया तथा एक चार पहिया वाहन थे। नीलामी में कुल 22 बोलीदाता उपस्थित हुए। समिति की देखरेख में नियमानुसार बोली प्रक्रिया कराई गई। नीलामी में सर्वाधिक बोली दिलीप कुमार पुत्र श्रीराम, निवासी इंद्रानगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज द्वारा लगाई गई, जिनके पक्ष में समिति द्वारा वाहनों का विक्रय नामित किया गया। नीलामी से प्राप्त कुल 4,83,800 रुपये की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन अभियान के माध्यम से थानों में वर्षों से खड़े जब्त वाहनों का निस्तारण कर न केवल परिसर को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, बल्कि सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।

## शीतलहर के चलते आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अवकाश घोषित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** शीतलहर और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में जनपद में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर 30 दिसंबर 2025 से 9 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा विभागीय कार्य नियमित रूप से संपादित किए जाएंगे। इसमें लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण, बच्चों का वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र तथा आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं संदर्भन सहित अन्य शासकीय कार्य शामिल हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निर्देशित किया कि अवकाश अवधि में बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराए कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अथवा सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र या मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगी।

# घर से निकले युवक का नाले में मिला शव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकले एक युवक का शव नगर के पश्चिमी बाईपास पर नाले में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार सुबह नगर के पश्चिमी बाईपास पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास नाले में युवक का शव देखे जाने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान मोहल्ला पश्चिमी बाईपास स्थित मोहल्ला केशव नगर निवासी आकाश दुबे के रूप में हुई। पुलिस ने आकाश के पिता बबलू दुबे को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे पिता अपने पुत्र का शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि आकाश उनके बुढ़ापे का इकलौता सहारा था। उसका कोई भाई-बहन नहीं था और मां का पहले ही निधन हो चुका था। आकाश शराब का आदी था और रोजाना नशे में रहता था। वह पूर्वी बाईपास पर एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप में सेल्समैन का काम करता था। पिता ने बताया कि आकाश रात में पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाइक भिड़ंत में दो युवक घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज।** बाइक से घर वापस आ रहे युवक के पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मारने से दोनों बाइको के सवार घायल हो गये मंगलवार को गुरसहायगंज फर्रूखाबाद रोड़ कन्नौज कोल्ड स्टोरेज के पास सुबह 11 बजे क्षेत्र के ग्राम झूसीनागर निवासी देबू सिंह 18 वर्ष पुत्र रामस्वार्थ सिंह किसी काम से बाइक से गुरसहायगंज गया था वहां से वापस आते समय पीछे से अपनी बाइक से आ रहे ग्राम तेराजाकेट निवासी अंकित दुबे 25 वर्ष पुत्र विपिन बिहारी दुबे ने जोरदार टक्कर मार देने से दोनों बाइक सवार घायल हो गये साथ ही दोनों की बाइके क्षतिग्रस्त हो गई स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल देबू सिंह को समधन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइको को उठावाकर समधन चौकी पुलिस को सुपुर्द कर दी समधन चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि किसी बाइक सवार की तरफ से तहरीर नहीं मिली है मिलने पर पुलिस कार्रवाई अमल में लायेगी।

# विवाह के बाद महिला राशन कार्ड यूनिट स्थानांतरण की सुविधा शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने जनपद के समस्त राशन कार्डधारकों को सूचित करते हुए बताया कि विवाह के कारण जनपद के भीतर अथवा जनपद से बाहर निवास करने वाली महिलाओं के राशन कार्ड यूनिट स्थानांतरण की सुविधा अब खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर उपलब्ध है। इस सुविधा के अंतर्गत पात्र कार्डधारक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के उपरांत अधिकतम तीन दिवस के भीतर उस चयनित जनपद के राशन कार्ड में यूनिट स्थानांतरित कर दी जाएगी, जहां विवाह के बाद महिला निवास कर रही है। इसके लिए मूल जनपद तथा स्थानांतरित जनपद दोनों के राशन कार्ड संख्या की आवश्यकता होगी।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार माह दिसम्बर 2025 में इस प्रकार के कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कार्रवाई पूर्ण करते हुए यूनिट स्थानांतरण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। पूरी आवेदन प्रक्रिया मोबाइल फोन के माध्यम से भी की जा सकती है, जिससे कार्डधारकों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने जनपद के राशन कार्डधारकों से अपील की है कि जिन्हें यूनिट स्थानांतरण की आवश्यकता है, वे समय से ऑनलाइन आवेदन कर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# चंद्रशेखर आजाद की जनसभा की बनी रूपरेखा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

▸ आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी की बैठक पूरी

सौरिख के ईजलपुर स्थित निजी गेस्टहाऊस में आयोजित आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी की बैठक में 4 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद की जनसभा के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। लोगों की उम्मीदें अब सिर्फ चंद्रशेखर आजाद से बंधी हैं, क्योंकि वे शोषितों वंचितों की लड़ाई जमीनी स्तर पर लड़ रहे हैं। इस जनसभा से कन्नौज में पार्टी से लोगों का जुड़ाव और मजबूत होगा। मंडल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि बहुजन समाज का एकमात्र नेता अब चंद्रशेखर आजाद हैं। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने ऐलान किया कि कन्नौज में विशाल रैली होगी, जिसमें एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इस रैली से सत्ता और विपक्ष दोनों की नींद उड़ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश को बर्बाद करने वाली बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम सिर्फ आजाद समाज पार्टी ही करेगी। बैठक में जोन प्रभारी शिवप्रकाश विश्वकर्मा, कानपुर जिलाध्यक्ष रविंद्र पाल फौजी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, पूर्व जिला संयोजक गुड्डू कठेरिया, जिला महासचिव चांद खां, जिला प्रभारी शेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, अनंत शाक्य, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, शिवकुमार कठेरिया, अरशद खां, सुशील, अंकित, पवन, विजय आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच वर्षों से हर मंगलवार को कर रहे प्रसाद वितरण



▸ प्राचीन हनुमान मंदिर में रबी जायसवाल कर रहे नेक कार्य

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख बहवलपुर रोड पर बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में आज मंगलवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिवा इंटरप्राइजेज के मालिक और पीओपी पेंटिंग ठेकेदार रबी जायसवाल ने हनुमान जी को भोग लगाकर पूरी सब्जी का ताजा प्रसाद वितरित किया। पिछले पांच वर्षों से वे हर मंगलवार को इस मंदिर में प्रसाद बांटने का पुण्य कार्य कर रहे हैं, जो भक्तों के बीच उनकी लोकप्रियता का प्रतीक बन चुका है। रबी जायसवाल ने अपनी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस नेक कार्य में उनका सहयोग ही सफलता का आधार है। उन्होंने टीम को हौसला देते हुए बताया कि हर मंगलवार की तरह आगे भी यह परंपरा इसी उत्साह से जारी रहेगी। हनुमान जी की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा हनुमान जी राम भक्तों के संकट मोचक हैं। उनकी कृपा से जीवन की हर बाधा दूर होती है। हमारा यह छोटा-सा प्रयास समाज में सकारात्मकता फैलाने का माध्यम बन रहा है। जायसवाल परिवार सहित टीम के सदस्यों ने प्रसाद वितरण में सक्रिय सहयोग किया, जिससे मंदिर परिसर भक्ति भाव से गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

# फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी दे रहा युवक-युवतियों के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर सीखने का मौका



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

युवक-युवतियों को फ्री कंप्यूटर सीखने का मौका मिल गया है इसके साथ-साथ अगर आप अंग्रेजी बोलना भी नहीं जानते हैं और आप अच्छी नौकरी के लिए तैयार होना चाहते हैं। तों आपके लिए समधन नगर में अनीभोझ रोड मंदिर के पास फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी ( एफईए) जो एएएम फाउंडेशन द्वारा फ्री कंप्यूटर कोचिंग सेंटर संचालित है युवाओं को रोजगार कौशल सिखाती है। छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर सिखा रहे अंशु कुशवाह ने हमारे संवाददाता फहीम शेख को जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से ऊपर वाले युवक युवतियां कम्प्यूटर सीख सकते हैं यहां सेंटर पर अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण, डिजिटल स्किल्स एवं जॉब स्किल्स,करियर गाइडेंस व मेटरशिप कोर्स फीस पूरी तरह निशुल्क कोर्स की अवधि एक वर्ष होती है। संस्थान का उद्देश्य है कि युवाओं को आत्मनिर्भर, रोजगार योग्य बनाकर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर लें जाना हैं। खास तौर पर गरीब, ग्रामीण और कम आय वाले परिवार के युवाओं के लिए काम करतीं हैं ताकि वह अच्छी अंग्रेजी बोल सकें।

# इंस्टाग्राम यूजर्स को चंद्र म्यूजिक ने किया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

चंद्र म्यूजिक कंपनी द्वारा भरथना में आयोजित भव्य कार्यक्रम में स्थानीय तीन इंस्टाग्राम यूजर्स को सम्मानित किया गया। मातृभाषा के प्रसिद्ध कलाकार कृष्णलाल यादव व शशि यादव ने ट्रॉफी भेंट कर इंस्टाग्राम यूजर्स जितेन मोहन पांडेय, अभिषेक राजपूत एवं अंकित शाक्य को पुरस्कृत किया। जितेन ने बताया कि अब तक फर्रूखाबाद में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छिबरामऊ से किसी को सम्मान नहीं मिला था। कंपनी के डायरेक्टर गौरव यादव ने कन्नौज के इत्र पर आधारित गीत भी रचा है। यह पहला अवसर है जब छिबरामऊ के सोशल मीडिया प्रेमियों का मान बढ़ा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाओं का प्रदर्शन भी हुआ।

# शिक्षामित्र स्नेह लता को दी भावपूर्ण विदाई

▸ जिले का हुआ ऐसा पहला भव्य समारोह

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगला तिजू प्राथमिक विद्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षामित्र स्नेह लता को गर्मजोशी से अभिनंदित कर शानदार विदाई दी गई। माल्यार्पण के साथ शाल, धार्मिक चित्र, गीता सहित अन्य उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। यह जिले में किसी शिक्षामित्र को भव्य समारोह आयोजित कर सम्मानित करने वाला पहला कार्यक्रम था, जो शिक्षा जगत में एक मिसाल कायम करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाध्यापक शैलेंद्र दुबे लालू ने स्नेह लता के 19 वर्षों के समर्पित कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा, शक्षामित्र स्नेह लता ने 16 मार्च 2006 को कार्यभार ग्रहण किया था। आज उनका अंतिम दिवस है। उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अकादमिक स्तर पर छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन दिया, बल्कि नैतिक मूल्यों की सीख देकर सैकड़ों बच्चों के जीवन को संवारा। उनकी मेहनत से विद्यालय की साक्षरता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे समर्पित शिक्षक दुर्लभ होते हैं, जिनकी कमी हमेशा खलेगी। रेशू मिश्रा के संचालन में चले इस कार्यक्रम में एआरपी अच्युत त्रिपाठी, सुशील कुमार दुबे, अर्चना चतुर्वेदी, राजेश गौतम, योगेश यादव, सहायक अध्यापक आदित्य कुमार, शिवकुमार, आकाश व शिक्षा मित्र प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने स्नेह लता को भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**खबर का असर**

# घटिया नाला निर्माण पर एसडीएम सख्त, दिये जांच के निर्देश

**माधौगढ़ ,जालौन समृद्धि न्यूज।**

▸ क्षतिग्रस्त नाला तोड़कर होगा पुनर्निर्माण

नगर पंचायत माधौगढ़ के वार्ड नंबर 4 अंबेडकर नगर में कराए गए नाला निर्माण में घटिया गुणवत्ता को लेकर प्रकाशित समाचार का असर दिखाई देने लगा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी माधौगढ़ ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि वार्ड नंबर 4 से सरकारी ट्यूबवेल तक कराए गए इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य में मानकविहीन सामग्री का प्रयोग किया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ ही दिनों बाद नाला कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। बारिश और गंदे पानी के जमाव से स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासी नीरज समाधिया ने इस संबंध में पूर्व में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मीडिया में मामला उजागर होने पर प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम माधौगढ़ ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 82 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में उरई कोतवाली की पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोतवाली उरई प्रभारी हरिशंकर चंद एवं थाना एएनटीएफ टीम जिला बाराबंकी की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 81.824 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही एक अल्टो 800 कार तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार अपराध नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, वाहन चोरी, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोतवाली उरई क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गांजा की बड़ी खेप लेकर कुछ लोग इकलाशपुरा चौराहे के पास से गुजरने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संयुक्त पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर एक अल्टो 800 कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को देखकर कार सवार भागने लगे। सतर्कता दिखाते हुए टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया।

## शासकीय कार्यों को समय से निपटायें, जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी व नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लेखपालों राजस्व कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। मीटिंग में एसडीएम ने निर्देश दिये कि जरुरतमंदों तथा पात्र लोगों को कम्बल का वितरण गतिशीलता से कराया जाये। तथा शासकीय कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से व तेजी से निस्तारण किया जाये। तहसील सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शासन के द्वारा किसानों तथा ग्रामीणो के हितों के लिये जो भी योजनाएं हैं उस पर प्राथमिकता से कार्य किया जाये। उन्होंने बताया कि ठंडक के मौसम में पुख्ता इंतजाम किये जायें तथा कंम्बल वितरण किए जाएं।

## सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम फर्रुखाबाद शाखा में रागिनी पुत्री अशोक कुमार की पॉलिसी संख्या 264906633 है। समस्त आधिकारिक दस्तावेजों में प्रतिभा सिंह पुत्री अशोक कुमार दर्ज है अतः रागिनी एवं प्रतिभा सिंह दोनों मेरे ही नाम है। निवासी ग्राम जिरखापुर पोस्ट लहरा ब्लाक कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल**

**जनपद : फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश-209505)**

E-Mail: ulbkampil@gmail.com Con. No. : 05690-297431

**पत्रांक- 531/न0पं0कम्पिल/नि0सू0/2025-26** **दिनांक 30/12/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कम्पिल वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में इण्डियामार्का ॥ हैण्डपम्प अधिष्ठापन कार्य (मशीन रहित) कराना चाहती है। जिसके लिये शीलबन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 31/12/2025 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने का दिनांक 09/01/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। कार्य के आगणन की 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य को ऑनलाइन नगर पंचायत कम्पिल में भारतीय स्टेट बैंक कम्पिल के खाता संख्या-43182181216, आई0एफ0एस0सी0 कोड SBIN0017587 में अथवा ऑफलाइन कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में एम0एस0सी-5 द्वारा जमा कराया जा सकता है। धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य के कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। किसी भी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना सूचना के निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त नियम व शर्तों की जानकारी के लिये किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में आकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 09/01/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। नियत दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उसे निरस्त समझा जावेगा।

**राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य**

| क्र | मद | कार्य का नाम | अनुमनाति धनराशि (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त आयोग/ नगर निधि | नगर पंचायत कम्पिल के विभिन्न स्थानों पर इंडियामार्का ।। हैण्डपम्प का अधिष्ठापन कार्य (मशीन रहित) | 07.48 | 15,000 | 500/- | 03 माह |

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

**(राजवती )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

## उधारी के रुपए मांगने पर दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** उधार दिए रुपये वापस मांगने पर विपक्षियों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी श्यामजी ने पुलिस को बताया कि उसने गांव के ही एक युवक को रुपये उधार दिए थे। सोमवार की देर शाम वह उनके यहां रुपये वापस मांगने गया तो उन्होंने गाली, गलौज कर वहां से भगा दिया। इसके बाद वह घर आ गया और घर के बाहर आग तापने लगा। इसी दौरान विपक्षी अपने साथियों के साथ लाठी, डंडे लेकर उसके घर आ धमके। उनसे बचने के लिए वह घर के अंदर घुस गया तो वह लोग भी घर के अंदर आ गए और लाठी, डंडों से उसकी पिटाई करने लगे।

# भरे पानी में मिला ग्रामीण का शव,फैली सनसनी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार की सुबह खर्रा गांव के बाहर पुलिया के नीचे पानी में एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। पत्नी ने गांव के ही दो व्यक्तियों पर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा है। जिनसे पुलिस पूछतांछ कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा में गांव के बाहर पुलिया के नीचे पानी में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे गांव के लोग जब बाहर निकले तो पुलिया के नीचे शव को पड़ा हुआ देखा। जब लोगों ने शव की पहचान का प्रयास किया तो पता चला कि शव गांव के ही हरनारायण उर्फ पटालम का है। जिसके सिर के पास किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था। जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए। पूछतांछ में मृतक की पत्नी भारती ने पुलिस को बताया कि गांव में एक निमंत्रण था। जिसमें जाने की बात कहकर पति घर से गए थे। शाम को बेटी नीलम ने फोन किया तो पहली बार में कई आवाजें आ रही थीं। जब दूसरी बार फोन किया तो पति ने बताया कि वह लोग खाना खाकर सो जाएं। वह खाना खाकर देर रात तक घर आएंगे। लेकिन रात में वह घर नहीं पहुंचे, सुबह उनके शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही छोटेलाल और श्यामाचरण के साथ उनका उठना बैठना था।

## 72 घंटे बाद भी आरोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**जालौन,उरई।** चुंगी नंबर चार पर रंगबाजी दिखाते हुए कुछ युवकों ने हरी मटर बेचकर जा रहे युवक की स्टेट हाइवे किनारे लाठी, डंडों से पिटाई कर दी थी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन तीन दिन बाद भी पुलिस मामले में आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी राजा भईया 28 दिसंबर को हरी मटर बेचने के लिए जालौन आया था। रात करीब साढ़े नौ बजे हरी मटर बेचकर घर वापस जाते समय औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास वह ट्रैक्टर खड़ा करके दुकान से कुछ सामान खरीदने लगा।

# बीएलओ पर मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप

**ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से की शिकायत**


वोटर लिस्ट दिखाते ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गाँव जयसिंहपुर निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र दयाशंकर लगभग एक दर्जन ग्रामीणों के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत जयसिंहपुर, रमापुर दबीर के बीएलओ पवन कुमार यादव शिक्षा मित्र हैं, जबकि बीएलओ की पत्नी विनीता यादव मौजूदा समय में ग्राम प्रधान हैं। जिसके चलते बीएलओ ने अपने राजनैतिक फायदे को देखते हुए अपने बीएलओ पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी ही ग्राम पंचायत में अपने चहेतों जिनकी उम्र लगभग 14, 15, 16 वर्ष व 13 वर्ष के भी शामिल हैं तथा अपने चहेतों के जिनकी शादियाँ हो गयी हैं तथा अपने रिश्तेदारों के वोट मतदाता सूची में शामिल कर दिए हैं तथा बीएलओ द्वारा कई मतदाताओं के पिता व पुत्र के नाम गलत कर दिए हैं जिससे वे मतदान करने से वंचित रह जाए तथा इसी प्रकार का कृत्य पिछले पंचायत चुनाव मे भी किया था तथा बीएलओ द्वारा जान बूझकर कई मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने से वंचित रखा है। ऐसे बीएलओ के खिलाफ उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जाँच कराकर बीएलओ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने की कृपा करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान नरवेद सिंह, जयपाल, रवि सक्सेना, सत्यपाल, लालू सक्सेना, प्रभान, नवनीत, रक्षपाल, राजीव, रामकुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# आढ़तियों ने सचिव के खिलाफ की नारेबाजी


नारेबाजी करते आढ़ती

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्थान बदले जाने से नाखुश दो दर्जन से अधिक आढ़तियों ने सचिव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

बताते चलें कि आढ़तियों को मुख्य स्थान से हटाकर मंडी के पीछे स्थानांतरित किया जा रहा है। जानकारी करने पर पता चला कि आलू की बिक्री शुरू होने से सब्जी व्यापारियों को पीछे किया गया है। कल से नवीन मंडी में आलू की खरीददारी शुरु होगी। सब्जी मंडी वाली जगह को आलू मंडी के लिए चयनित किया गया है। मंडी सचिव ने लॉटरी डालकर सब्जी के थोक विक्रेताओं को कार्यालय के पीछे जगह आवंटित की है। मंडी कर्मचारी ने बताया की नवीन मंडी में आलू खरीद व बिक्री केंद्र विकसित किया जाएगा।

किसानों से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा आलू लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। आलू खरीद फरोख्त के लिए जगह पर्याप्त रूप से वहां पर नहीं थी इसलिए सब्जी विक्रेताओं को पीछे की साइड में जगह आवंटित की गई है। जल्द से जल्द वहां पर लाइट एवं अन्य व्यवस्थाएं बहाल की जाएंगी। विरोध जताने वाले व्यापारियों में पिन्टू कश्यप, अनिल विश्नोई, लाल सिंह धनीराम आदि एक दर्जन आढ़ती उपस्थित रहे।

## कुत्ते के हमले में फेरी विक्रेता घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव लालपुर पट्टी निवासी देवदास उम्र 50 वर्षीय पुत्र मिठाईलाल बढ़ती ठन्ड को लेकर साईकिल द्वारा गर्म कपड़ों की फेरी लगाकर बेचने का काम करता है। मंगलवार को कपड़े की फेरी लगाने के लिए जा रहा था। उसी दौरान आवारा कुत्ते ने उसके पैर पर हमला कर काट लिया। जिससे वह घायल हो गया। उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उपचार जारी है।


घायल फेरी विक्रेता

# रामनगरिया मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर साधु संतों में रोष


बैठक के दौरान मौजूद साधु संतगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला श्री रामनगरिया में अव्यवस्थाओं को लेकर साधु संतों ने बैठक कर नाराजगी जाहिर की। आक्रोशित संतों ने कहा कि यदि शीघ्र ही व्यवस्थायें दुरुस्त नहीं हुई, तो प्रशासन की ईंट से ईंट बजा दी जायेगी। जानकारी के अनुसार मेला का शुभारंभ आगामी 03 जनवरी 2026 को होना है। जिसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं, लेकिन अभी भी मेले में कई व्यवस्थायें हैं। जिसको लेकर मंगलवार को साधु संतों ने बैठक कर नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि यदि जल्द ही व्यवस्थायें दुरुस्त नहीं की गयी, तो प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला जायेगा। साधु संतों ने कहा कि अभी में रास्तों का समतलीकरण नहीं कराया गया है तथा शौचालय, पानी, बिजली की भी समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है।

जिससे यहां कल्पवास कर रहे कल्पवासियों व साधु संतों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेले में अलाव की भी व्यवस्था नहीं की गयी है। जिससे सर्दी के मौसम में काफी लोग बीमार हो रहे हैं। बैठक के दौरान पंचदश नाम जून अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज, रामताल आश्रम के मोहनदास, कन्हैया महाराज, महंत परशुराम दास, श्यामपुरी, विरेंद्रपुरी, श्यामपुरी, रामगिरी आदि साधु संतगण मौजूद रहे।

# अजगर निकालने की सूचना से ग्रामीणों में मचा हड़कंप


श्रंगीरामपुर घाट पर अजगर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम श्रंगीरामपुर स्थित घाट पर उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक विशाल अजगर निकल आया। अजगर को देखते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही संबंधित वन विभाग को अवगत कराया गया। सर्दी के चलते अगर ज्यादा चल फिर नहीं रहा था। फिलहाल अजगर को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। वहीं एतियातन ग्रामीणों को घाट से दूर रहने की सलाह दी गई है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी।

# मेला रामनगरिया में 490 दुकानों का हुआ आवंटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आबाद मेला श्री रामनगरिया का शुभारंभ आगामी 03 जनवरी 2026 को होना है। इससे पूर्व दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरु है। अब तक कुल 490 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ मास में पांचाल घाट पर मेला श्री रामनगरिया लगा है। जिसका विधिवत शुभारंभ आगामी 03 जनवरी 2026 को होगा। इससे पूर्व मेले में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। दूरदराज जनपदों से आकर दुकानदार दुकानों की आवंटन प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। मेले में कुल 712 दुकानें हैं। जिसमें से 490 दुकानों का आवंटन अभी तक हो चुका है। दुकानों की कीमत 10 हजार से लेकर 20 हजार रुपये तक है। वहीं कुछ दुकानदारों ने दुकानों के आवंटन में अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में जब मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा से जानकारी की गयी, तो उन्होंने बताया कि दुकानों का पैसा सरकारी कीमत पर लिया जा रहा है कोई भी अवैध पैसा नहीं लिया जा रहा है। दुकानदारों का आरोप बेबुनियाद है।


दुकानों की चल रही आवंटन प्रक्रिया

# दंपति के परिवारीजनों ने पीटा


पीड़ित घायल दंपति

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मामूली बात पर परिवारीजनों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दंपति ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गाँव कमरूददीन नगर निवासी पिन्टू यादव उम्र 27 वर्षीय पुत्र रामनरेश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके पिता ने मवेशियों के लिए चारा काट कर रखा था। उस चारे को पिन्टू अपनी पत्नी रिंकी के साथ बोरी में भरने लगा। इसी बात पर गुस्साए भाई गुरुदेव, विकास और उसके पिता आते ही बेटे व बहू के साथ गाली-गलौज करने लगे। पिन्टू के द्वारा गालियों का विरोध करने पर भाई व पिता ने जमीन पर गिराकर लात-घूसों से पिटाई करने लगे। पति को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई पत्नी रिंकी के साथ लात- घूसों से पिटाई कर दी। जिससे पति-पत्नी घायल हो गये। पुलिस ने पति पिन्टू सहित पत्नी रिंकी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# मेला श्री रामनगरिया में स्वास्थ्य कैंप का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में लगे स्वास्थ्य कैंप का सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देस दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने मेले में लगे स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने तैनात चिकित्सकों को निर्देश दिये कि कैंप में आने वाले श्रद्धालुओं व साधु संतों का विधिवत परीक्षण कर उन्हें दवायें मुहैया करायी जायें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि कैंप में एलोपैथिक के अलावा आयुर्वेदिक तथा हम्योपैथिक दवायें भी साधु संतों व श्रद्धालुओं को उपलब्ध करायी जायेंगी। इसके अलावा गंभीर मरीजों के लिए एंबूलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिससे उन्हें समय रहते लोहिया अस्पताल भेजा जा सके।


स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण करते सीएमओ

## दो सगे भाइयों की पत्नियां गायब गुमशुदगी दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव श्योगनपुर निवासी ऊधन सिंह व वीकेश पुत्रगण दाताराम ने अपनी-अपनी पत्नियों की गुमशुदगी दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई गुमशुदगी में बड़े भाई ऊधन ने कहा है कि मेरी पत्नी राखी घर से बिना बताए कहीं चली गई। वहीं दूसरी गुमशुदगी में छोटे भाई वीकेश ने कहा कि मेरी पत्नी मुस्कान घर से बिना बताए कहीं चली गई। ऊधन ने बताया की मेरी पत्नी राखी व मेरे छोटे भाई वीकेश की पत्नी मुस्कान दोनों सगी बहनें हैं। पुलिस दोनों गुमशुदा महिलाओं की खोजबीन करने में जुटी है।

# कृषि गोष्ठी में किसानों को सरकार की योजनाओं से कराया अवगत


गोष्ठी में मौजूद कमल भारद्वाज व कृषि अधिकारीगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड नवाबगंज में किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज ने किसानों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि रविंद्र कुमार, एडीओ पंचायत नवाबगंज कृष्णपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरीश चंद्र, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 विकास राजन चौधरी, प्रभारी राजकीय बीज भंडार कृषि पंकज कुमार राजपूत, लघु उद्योग प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक योगेंद्र सिंह राठौड़ समेत समस्त कृषि विभाग कर्मचारी एवं सभी किसान भाई उपस्थित रहे।

# लिंजीगंज बाजार में पकड़ा गया कई कंपनियों का नकली माल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के लिजीगंज बाजार में कई कंपनियों का नकली सामान पकड़े जाने से सनसनी फैल गई। नकली सामान को गत्तों में भरकर सप्लाई करने के लिए ई-रिक्शे से ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने ई-रिक्शे को कब्जे में ले लिया। इस बात की जानकारी मिलते ही संबंधित व्यापारी कादरीगेट थाने पहुंचे। उन्होंने गत्तों के सामान को देखकर पहचान लिया कि यह माल नकली जीएसटी चोरी है जिसकी खरीद का कोई पर्चा नहीं मिला। पुलिस ने ई-रिक्शे के साथ जाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और रिक्शा चालक को घर जाने दिया। नकली सामान में गोदरेज का नंबर वन साबुन, नेस्ले काफी, मैगी मसाला हार्मिक के अलावा अनेकों समान है। घुमना बाजार स्थित अमन स्टोर के मालिक सत्यप्रकाश गुप्ता के पास गोदरेज प्रोडक्ट की एजेंसी है। घुमना बाजार स्थित राधेश्याम राकेश कुमार फर्म के मालिक नीरज गुप्ता ने बताया कि नकली माल पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर वह थाना कादरीगेट गए थे। ई-रिक्शा में 10 छोटे तथा 10 बड़े नकली हार्षिक के गत्ते थे।नकली सामान में प्रमोद इंटरप्राइजेज के मालिक सनी कनौजिया की फर्म का भी सामान है। पुलिस यह नहीं बता सकती है कि यह सामान नकली है। सही जानकारी कंपनी के एजेंट ही दे सकते हैं उनकी शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। कब्जे में लिए गए सामान को सुपुर्दगी में दिया है। थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने यह बताने से मना कर दिया कि किसी व्यक्ति को सामान सुपुर्दगी में दिया गया है। पुलिस ने ई-रिक्शे के साथ जाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और रिक्शा चालक को घर जाने दिया। नकली सामान में गोदरेज का नंबर वन साबुन, नेस्ले काफी, मैगी मसाला हार्मिक के अलावा अनेकों समान है। घुमना बाजार स्थित अमन स्टोर के मालिक सत्यप्रकाश गुप्ता के पास गोदरेज प्रोडक्ट की एजेंसी है। घुमना बाजार स्थित राधेश्याम राकेश कुमार फर्म के मालिक नीरज गुप्ता ने बताया कि नकली माल पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर वह थाना कादरीगेट गए थे। ई-रिक्शा में 10 छोटे तथा 10 बड़े नकली हार्षिक के गत्ते थे। नकली सामान में प्रमोद इंटरप्राइजेज के मालिक सनी कनौजिया की फर्म का भी सामान है।

## ठगी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


गिरफ्तार अभियुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ठगी के मामले में वांछित अभियुक्त को थाना राजेपुर की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिनांक 05.04.2024 को थाना राजेपुर पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तगण जेनेंद्र पुत्र सतीश सिंह निवासी अम्बरपुर थाना राजेपुर, गजेंद्र सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी नेकपुर चौरासी थाना कोतवाली फतेहगढ़, संजीव उर्फ शनि पुत्र रामनरेश निवासी मिया पट्टी थाना अमृतपुर को तीन अदद मोबाइल फोन, दो अदद एटीएम कार्ड, फर्जी कूटरचित बिल बाउचर 03 वर्क, एक पैन कार्ड, 87000/–रुपये नकदी सहित गिरफ्तार किया था। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दिनांक 30.12.2025 को उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त विशाल त्रिवेदी उर्फ सुभनीत पुत्र चंद्रप्रकाश उर्फ कल्लू त्रिवेदी निवासी भुड़ियाभेड़ा थाना राजेपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा नेता के पम्प पर “नो हेलमेट नो पेट्रोल” आदेश की उड़ रहीं धज्जियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन के आदेश “नो हेलमेट नो पेट्रोल” की धज्जियां जनपद में पेट्रोल पम्प मालिक किस कदर उड़ा रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लकूला रोड स्थित भाजपा नेता के पेट्रोल पम्प पर शायद ही कोई वाहन चालक होगा, जो हेलमेट लगाकर पेट्रोल लेता हो। यहां पर आपके पास हेलमेट हो अथवा न हो, लेकिन पेट्रोल आपको जरुर मिल जायेगा। इसको सत्ता की हनक ही कहेंगे कि यहां पर बेरोकटोक पेट्रोल की बिक्री बराबर जारी रहती है। ऐसे में जिलाधिकारी के आदेश की यह पेट्रोल पम्प खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। इसके अलावा अन्य पेट्रोल पम्प भी “नो हेलमेट नो पेट्रोल” अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं, हालांकि अधिकारी छापा मारकर खानापूरी अवश्य करते हैं, लेकिन उनके छापा मारने का कोई असर पेट्रोल पम्प मालिकों पर नहीं हो रहा है। वहीं पेट्रोल पम्प मालिकों का दबी जुबान से कहना है कि अधिकांश लोग उनके यहां बिना हेलमेट के ही पेट्रोल लेने आते हैं। अगर वह बगैर हेलमेट वालों को पेट्रोल नहीं देंगे, तो उनकी बिक्री न के बराबर ही होगी। ऐसे में उनका काफी नुकसान हो जायेगा। उनका कहना है कि जब तक इस अभियान को सख्ती से लागू नहीं किया जाता, तब तक इस अभियान के मायके कुछ नहीं हैं।



दुपहिया वाहन में पेट्रोल भरता कर्मचारी

# एक वर्ष पूर्व चोरी हुई सोलर प्लेट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र में एक साल पहले चोरी हुई सोलर प्लेट के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी की गई पांच सोलर प्लेट भी बरामद की गई हैं।

राजेपुर थाना क्षेत्र के बक्सपुर निवासी सतेंद्र पुत्र प्रेम सिंह ने एक साल पूर्व थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके खेत से पांच सोलर प्लेट चोरी हो गई थीं।

इस संबंध में पुलिस ने चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शशांक उर्फ अंकित शुक्ला पुत्र सूर्यप्रकाश निवासी मोहल्ला नरकसा थाना कादरीगेट को दिनांक 20.08.2024 को गिरफ्तार किया गया था।

जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी थी। मुकदमा उपरोक्त में अन्य वांछित अभियुक्त 25 वर्षीय विशाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद विशाल के पास से चोरी की गई पांच सोलर प्लेट बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दरोगा अमित कुमार ने बताया कि एक साल पहले आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 82 के तहत भी कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बरामद सोलर प्लेट के साथ उसे जेल भेज दिया गया है।


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# व्यापारियों ने निजी फिटनेस सेंटरों पर धांधली का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने व्यापारी साथियों के साथ मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन निजी फिटनेस के सेंटरों के धांधली के संदर्भ में संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में तीन-तीन फिटनेस सेंटर खोले जायेगे। यह पहल सराहनीय ह, जिससे पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और सेवा में सुधार आने की संभावना है। किन्तु वर्तमान में अधिकांश जिलो में केवल एक ही फिटनेस सेटर संचालित हो रहे है। वहां वाहन स्वामियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड रहा है। एक फिटनेस सेंटर होने के कारण वाहन स्वामियों से अनावश्यक शुल्क मांगा जाता है, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। प्राइवेट फिटनेस सेंटर के क्रियाशील होने के साथ सरकारी फिटनेस सेंटरो को बंद न किया जाये। सभी सेंटरो की नियमित निगरानी की जाये व एक हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल प्रारंभ किया जाये, जहां वाहन स्वामी अपनी शिकायत दर्ज करा सके। प्रत्येक जिले में एक स्थायी निरीक्षण समिति गठित की जाये। जिसमे जिला प्रशासन, परिवहन विभाग तथा स्थानीय ट्रांसपोर्ट से संबंधित दो व्यक्तियों को शामिल किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, नरेश पालीवाल, राजकुमार गौतम, महेश दुबे, विशाल दुबे, राकेश सक्सेना, नवनीत मिश्रा, अनुपम रस्तोगी, सौरव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# सांसद ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की ली बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में जिलाविकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज डा0 सुरभी, प्रांशू दत्त द्विवेदी सदस्य विधान परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद ने मॉर्थ को निर्देशित किया कि इटावा बरेली मार्ग पर नालों का लेवल ठीक किया जाए तथा टूटी रेलिंग ठीक करायी जाए। मनरेगा योजना के अन्तर्गत सभी विधायकों ने मनरेगा द्वारा 19 तालाबों के प्राक्कलन तैयार कर निकलवाकर खुदाई एवं गहरीकरण के कराये गये कार्यों की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विधायक कायमगंज द्वारा पूछें जाने पर कि क्या समूह की ऑनलाइन बिक्री हो रही है के सम्बन्ध में उपायुक्त स्वतः रोजगार ने बताया कि जनपद के अनेक समूहों द्वारा ऑनलाइन बिक्री की जा रही है तथा सांसद ने सड़क किनारे क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज, रखा स्कूल आदि विभिन्न स्थानों पर खाली पड़ी हुई जमीन पर दुकाने बनवाकर समूहों को आवंटित कर दी जाएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सांसद ने जानकारी करने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित 54 मार्गों के सापेक्ष केन्द्र सरकार द्वारा 07 मार्ग चयनित किये गये। विधायक कायमगंज ने पूँछा कि कस्तूरबा गॉधी स्कूल रजलामई का हॉस्टल काफी समय से बन्द पड़ा है। जिसका संचालन नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त स्कूल के ऊपर से निकली हाईटेन्शन की लाइन अभी तक सिफ्ट नहीं की गई है। विधायक भोजपुर ने पूँछा कि जरारी, भड़ौसा में विद्युत चोरी की सघन जांच नहीं की गई। सांसद ने जिलाधिकारी से मेला रामनगरिया में फायर ब्रिगेड की गाड़ी प्रत्येक समय मौजूद रखने हेतु कहा। सांसद ने कहा गया कि सांसद खेलकूद स्पर्धा में सुनियोजित ढंग से क्रीड़ा अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को बरगलाया गया कि सरकार द्वारा पांच से दस करोड़ रूपया आवंटित हुआ है, जिसको बांटा जाएगा जिस पर स्टेडियम के बच्चों द्वारा प्रांगण में बवाल किया गया। जिसकी जॉच तीन सदस्यीय समिति द्वारा करायी जाए। विधायक अमृतपुर ने कहा कि नवाबगंज में डॉ0 जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट को पट्टे पर दी गयी जमीन का कार्यकाल समाप्त हो गया है, इसको वापस लेने की कार्यवाही की जाए। अध्यक्ष जिला पंचातय मोनिका यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत पखना सहित कई ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य अपूर्ण है, जिसको पूर्ण कराया जाए। प्रांशू दत्त द्विवेदी ने कहा कि शाम के समय गलियों में आवारा गौवंश घूमते रहते हैं जिनके रहने की उचित व्यवस्था की जाए। राष्ट्रीय कृषि विभाग योजना के अन्तर्गत उपकृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि किसान कल्याण केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु धनराशि प्राप्त हो गयी है। विकासखण्ड नवाबगंज एवं मोहम्मदाबाद में कार्य कराया जा रहा है जो प्रगति पर है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि ग्राम आमिलपुर स्थित डम्पिंग ग्राउन्ड पर कूड़े के निस्तारण हेतु मशीनरी अधिष्ठापन/प्लान्ट संचालन हेतु टेण्डर शीघ्र ही खोला जायेगा। सांसद ने कहा कि शासन को पत्र लिखें कि जनपद में कूड़ा का निस्तारण तो है कलेक्शन की व्यवस्था नहीं है। गीला कचरा एकत्रित कर सीएनजी बनाने की मशीन लगायी जाए। डीएम ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा दिये गये निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक एवं जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

- गीला कचरा एकत्रित कर सीएनजी बनाने की मशीन लगाने की मांग
- क्रिश्चियन व रखा स्कूल आदि विभिन्न स्थानों पर खाली पड़ी जमीन पर दुकानें बनाकर समूह को की जायेगी आवंटित



बैठक में मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि

# शहर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

- शांति व्यवस्था बनाये रखने पर हुई चर्चा



पीस कमेटी की बैठक लेती सीओ सिटी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शहर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सीओ सिटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शांति व्यवस्था को लेकर बुलायी गई बैठक में व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि सभी लोग नव वर्ष एवं अन्य उत्सव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखे। जहां पर पुलिस की जरुरत हो, वहां पुलिस मौके पर मौजूद रहेगी। शहर आप लोगों का है। शांति व्यवस्था में सहयोग करना हम सबका दायित्व है। कोतवाली निरीक्षक दर्शन सिंह सोलंकी ने कहा कि पुलिस हमेशा व्यापारियों के साथ है। जहां मेरी जरुरत पड़ेगी वहां मैं तैयार हूं। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने कोतवाली निरीक्षक का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आफताब हुसैन ने हजरत अली जुलूसे मौलूदे काबा जश्न-ए विलादत के कार्यक्रम का कार्ड सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्याय व शहर कोतवाल दर्शन सिंह सोलंकी को दिया और उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया। 3 जनवरी को जुलूसे कार्यक्रम आयोजित होगा। लाल दरवाजा मस्जिद से घुमना, चौक होते हुए पक्के पुल, रकाबगंज पहुंचेगा। पीस कमेटी की बैठक में जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, नगर अध्यक्ष इकलाख खान, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, अम्मार अली, राजकुमार गौतम राजू, राकेश सक्सेना, फरहत अली जैदी, पप्पन मियां वारसी, व्यापारी नेता संजय गर्ग, आनंद मोहन वर्मा, आफताब हुसैन, सभासद अतुल शंकर दुबे, नन्हे पंडित, महेन्द्र श्रीवास्तव, कुक्कू चौहान, सौरव शुक्ला, विशाल दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



हरी झण्डी दिखाते मुख्यायुक्त

# स्काउट गाइड के शिविर में फूड प्लाजा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ बी0पी0 सिक्स व शिष्टाचार के साथ हुआ। लीडर, सहायक लीडर और ध्वज की भूमिका स्काउट मास्टर ने निभाई। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल मयंक शर्मा, लीडर ऑफ दी कोर्स स्काउट मनोज कुमार रावत, लीडर आफदी कोर्स गाइड शशिप्रभा, प्रशिक्षक स्काउट मनीष, प्रशिक्षिका चमन शुक्ला, योगेश कुमार, गजेन्द्र सिंह, निहारिका पटेल उपस्थित रहे। मुख्यायुक्त दिनेश चन्द्र वर्मा व प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल मयंक शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर हाइक के लिए रवाना किया। बेसिक कोर्स के पांचवें दिन स्काउट फूड प्लाजा का आयोजन पण्डाबाग मंदिर में किया गया। शिविर में बुधवार को टेंट पिचिंग, फूड प्लाजा, ग्रांट व कैम्प फायर का आयोजन होगा। इस मौके पर टोलियों ने अपना-अपना प्रदर्शन किया।

# आईटीआई के रोजगार मेले में 27 अभ्यार्थी जॉब के लिए चयनित



रोजगार मेले में भाग लेते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 03 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 150 रिक्तियों के सापेक्ष मेला में 32 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 32 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 27 अभ्यर्थियों का निम्न कम्पनियों में हायर एप्लाइन्स इण्डिया प्रा.लि. पुणे-02 अप्रेन्टिसशिप फिट इण्डिया ऑटो मोबाइल प्रा.लि. पुणे-21 अप्रेन्टिसशिप, श्री राम पिस्टन एण्ड रिगं लि. गाजियाबाद-04 अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# स्वामी विवेकानंद नर्सिंग कालेज में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफ नर्सिंग में टेबलेट वितरण समारोह एवं फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आए हुए अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। प्रबंधक अनुराग दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य रूप से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, डॉ भूदेव राजपूत, डॉ0 विवेक सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण कर, उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रबंधक ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर सम्मान किया। अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष शिवस्वरूप पाठक, डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे एवं ट्रस्टी अभिषेक मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर शाल उड़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष विनोद कुमार अग्निहोत्री ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, अखिलेश अग्निहोत्री, सदानंद शुक्ला, रामजी बाजपेई, प्रमोद तिवारी, शिवओम पांडे, अवनीश शाक्य, आदित्य मिश्रा, सुरेंद्र पांडे, अरुण त्रिवेदी, धर्मेंद्र राजपूत, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व नर्सिंग छात्रायें



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि

# राष्ट्र के विकास हेतु गौसंरक्षण किये जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत अभ्युदय न्यास देश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रीढ़ माने जाने वाले वेद, गोवंश और धरती पर हो रहे निरंतर घोर अत्याचारों और उपेक्षा को लेकर अत्यंत व्यथित है, जिसको लेकर पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा और मांग की गोवंश की उपेक्षा और हिंसाः गाय विश्व भर की माता है के सिद्धांत के बावजूद, गोवंश की लगातार उपेक्षा क्यों की जा रही है, जब गाय का दूध अमृततुल्य आहार माना जाता है, तो देश में गोवध की अनुमति क्यों है, एक गाय हजारों मनुष्यों को दुग्धाहार से पोषित करती है, गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। गौहत्या व गायों का शोषण करने वालों का मृत्यु दंड का प्रावधान किया जाये। जिससे गौहत्या रुक सके। सरकारी गौशाला में रोजाना गाय मर रही है। उनकी रोकथाम के लिए पर्याप्त इंतजाम किये जाये। भारत को वैदिक शिक्षा का प्रसार हो, जिससे भारत विश्व गुरु बने और गुरुकुल पद्धति अपनायी जाये। जिससे गाय माता की रक्षा व सुरक्षा हो सके। इस मौके पर वीरेन्द्र आर्य सहित एक दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग



रेलवे क्रासिंग पर मौजूद स्थानीय लोग

# ट्रेन से कटकर नंदी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात याकूतगंज रेलवे क्रासिंग पर नंदी की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। मौके पर स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। गौसेवक गोलू माथुर, अनुज राठौर ने अपनी टीम को बुलाकर याकूतगंज क्रासिंग पर पहुंचे। जहां नंदी का ट्रेन से एक्सीडेंट हुआ था। मामले को संज्ञान में लिया गया, तब तक नंदी की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से जेसीबी मंगाई गयी और नंदी को गड्डा खोदकर भू-विसर्जित किया गया। घने कोहरे के कारण ट्रेन से हादसा हुआ है।

# संसद-सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सासंद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संसद-सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह नवम्बर 2025 में जनपद में 44 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं।

जिनमें 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 34 व्यक्ति घायल हुये हैं। नवम्बर 2025 तक जनपद में 439 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 253 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 346 व्यक्ति घायल हुये हैं, इनमें से 287 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है, जिसमें दो पहिया सवार 163 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 201 व्यक्ति घायल हुये हैं। 75 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल दोनों वाहन दो पहिया थे, जिनमें 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई व 46 व्यक्ति घायल हुये। नवम्बर तक हिट एण्ड रन की 95 दुर्घटनायें घटित हुई है, जिनमें 79 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 74 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2024 में हिट एण्ड रन की 66 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 28 व्यक्ति घायल हुये थे। जनपद में कुल 11 ब्लैक स्पॉट में से 08 राष्ट्रीय राजमार्ग 730सी पर हैं। रोहिला चौराहा, बृहमहत्त स्मारक तथा मसेनी चौराहा का जंक्शन डेवलपमेन्ट का कार्य अभी तक नहीं कराया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 730सी का निर्माण कार्य 23 नवम्बर 2024 तक पूर्ण होना था, परन्तु वर्ष 2025 की समाप्ति तक अपूर्ण है। राष्ट्रीय राजमार्ग 730सी पर सड़क सुरक्षा के मानकों की अनदेखी की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधिक दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सांसद ने एनएचएआई के अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह नेशनल हाइवे को शीघ्रातिशीघ्र दुरूस्त करायें। शुकरूल्लापुर रेल ओवरब्रिज पर लगी लाइट को शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिये। डीएम ने बताया कि जनपद में 19 दिसम्बर से 17 जनवरी 2026 तक नो हेल्मेट नो पेट्रोल की रणनीति लागू की गयी है। क्षेत्राधिकारी-यातायात एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ एआरटीओ जनपद के पेट्रोल पम्पों पर बिना हेल्मेट लगाये पेट्रोल लेने वाले दोपहिया वाहनों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही करें। एआरटीओ ने बताया कि वर्ष 2025 में 265 ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बित किये गये हैं। सांसद ने ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीडीओ विनोद कुमार गौड़, अधिशासी अभियन्ता प्रा.ख., लो.नि.वि. मुरलीधर, अधिशासी अभियन्ता नि.ख. लो.नि.वि.अशोक कुमार, सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार, बीएसए विश्वनाथ प्रताप सिंह, डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह, डीएसओ सुरेन्द्र यादव, डीपीआरओ राजेश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

- नेशनल हाइवे को शीघ्रातिशीघ्र दुरूस्त करायें
- ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगवायें रिफ्लेक्टिव टेप
- ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक बुलाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें



बैठक में मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि

# युवा महोत्सव समिति द्वारा अधिवक्ता हुए सम्मानित



कार्यक्रम में सम्मानित होते अधिवक्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा द्वितीय अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन समिति सभागार में किया गया। अध्यक्ष डॉ0 संदीप शर्मा एवं सयोजक हर्ष दुबे ने अतिथियों जिलापंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को सममानित किया गया। संचालन कृष्णकांत अक्षर ने किया। व्यवस्था सच्चिदानंद मिश्रा ने देखी। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार, सुधांशु दत्त द्विवेदी, लक्ष्मण सिंह, दिवाकर द्विवेदी, कौशलेन्द्र द्विवेदी, सलीम राजा, प्रियंका अग्निहोत्री, दिनेश सक्सेना, अंकुर मिश्रा, गोविन्द मिश्रा, आशुतोष दुबे, राहुल दीक्षित, अखिलेश पाण्डेय, प्रभात दुबे, शिवम् त्रिपाठी आदि अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

# पानी का चोरी करने वालों पर जल संस्थान ने कसा शिकंजा

कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को जल संस्थान के अवर अभियंता सोम प्रकाश के नेतृत्व में जल संयोजनों की चेकिंग तथा बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सरकारी पाइपलाइन से चोरी करके पानी का अवैध कनेक्शन चला रहे दो लोगों को पड़कर विभागीय कार्रवाई की गई है। विभाग के अधिशासी अभियंता सोम प्रकाश, उपखंड अधिकारी अवनीश यादव, अवर अभियंता कालपी वासित अली तथा कर्मचारियों की टीम ने राजघाट, दमदम, हरिगंज मोहल्ले में जल संयोजनों की डोर टू डोर चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता ने मोहल्ला राजघाट तथा दमदमा में बिना अवैध कनेक्शन के सरकारी पाइप लाइन से घरों में चोरी का पानी इस्तेमाल करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए लोग कोई संयोजन प्रपत्र नहीं प्रस्तुत कर सके। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर पकड़े गए दो गृह स्वामियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। अवर अभियंता इंजीनियर राशिद अली ने बताया कि सरकारी पाइप लाइनों से पानी का उपयोग करने वाले दोनों लोगों पर बीते 6 वर्षो का एसेसमेंट करके जुर्माना वसूला जाएगा।

# कोहरा की मार से सर्दी का कहर, अलाव बने जीवनरक्षक

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पूरे दिन आसमान पर काले बादल छाए रहे, धूप का नामोनिशान नहीं रहा। इससे तापमान में भारी गिरावट आ गई और सर्दी की गलन ने शहरवासियों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया।

तेज हवाओं ने ठंड को और भयानक बना दिया, जिससे बुजुर्गों और बच्चों के हाड़ कांपने लगे। सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, लोग कंबलों में लिपटे सिकुड़ने लगे।

इन हालातों को भांपते हुए पालिका प्रशासन ने तुरंत अलर्ट जारी किया। नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लकड़ियों के ढेर डलवाए गए, जिन्हें जलाकर अलाव सुलगा दिए। इन अलावों के इर्द-गिर्द इकट्ठा होकर लोग सर्दी से जूझ रहे थे। कई जगह स्थानीय निवासियों ने स्वयं के खर्चे से लकड़ियां मंगवाईं और अलाव जलाए, ताकि पड़ोसी और राहगीर भी गर्माहट महसूस कर सकें।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक बादल बरकरार रहने से शीतलहर का खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गर्म कपड़े पहनें और अनावश्यक बाहर न निकलें। इस सर्दी ने शहर की जिंदगी को थम सा दिया है, लेकिन अलाव की लपटें उम्मीद की किरण बनी हुई हैं। उधर नवीन मंडी में प्रभारी मंडी सचिव ने अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। इसके कारण व्यापारियों, पल्लेदारों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



# अधिवक्ता पर हमले के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**▸ मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी तक सामूहिक अवकाश, न्यायिक कार्य ठप**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला तहसील में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश का माहौल है। 26 दिसंबर 2025 को अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला पर हुए प्राणघातक हमले के विरोध में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन तहसील गोला गोकर्णनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए न्यायिक व्यवस्था को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। दिनांक 30 दिसंबर 2025 को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष के.के. शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला पर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने इसे व्यक्तिगत घटना न मानते हुए पूरे अधिवक्ता समाज और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया।

बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि जब कानून के रखवाले ही असुरक्षित हैं, तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा। इस मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक इस मामले के मुख्य अभियुक्त रवि गुप्ता उर्फ मोन्टी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक गोला तहसील के सभी अधिवक्ता सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और किसी भी प्रकार के न्यायिक कार्य में भाग नहीं लेंगे।अधिवक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक



रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस की होगी। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संघर्ष लंबा चलेगा। बैठक में उपाध्यक्ष मो. तारिक इस्लाम, वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा, हरिनाम पांडे, राकेश त्रिपाठी, रवि प्रकाश शुक्ला कपिल द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में दोषियों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की ओर से इस निर्णय की औपचारिक सूचना उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसीलदार, तहसीलदार (न्यायिक), नायब तहसीलदार, नायब तहसीलदार भूड़ तथा चकबंदी अधिकारी गोला को भेज दी गई है, जिससे न्यायिक अधिकारियों को अधिवक्ताओं के निर्णय से अवगत कराया जा सके।घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी न होना स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। अधिवक्ता संघ ने दो टूक कहा है कि जब तक दोषी सलाखों के पीछे नहीं जाएगा, तब तक न्यायिक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर गोला कोतवाल अम्बर सिंह और सी ओ रमेश तिवारी तहसील परिसर में मौजूद रहे। वही अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए मामले से संबंधित जानकारी के लिए जब गोला कोतवाली के सीयूजी नंबर पर फोन लगाया गया तो क्राइम इंस्पेक्टर ने फोन उठाकर बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है कार्रवाई की जा रही है।

# हार्बिन अंतरराष्ट्रीय आइस एंड स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता में लहराएगा तिरंगा, टीम इंडिया का चयन

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

भारत की रचनात्मक कला को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलने जा रही है। हार्बिन, चीन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय आइस एंड स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता में इस वर्ष भी अभ्युदय टीम इंडिया का चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 2 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के चुनिंदा कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

टीम इंडिया आगामी 31 दिसंबर 2025 को भारत से चीन के लिए रवाना होगी। इस टीम का नेतृत्व

**▸ 31 दिसंबर को चीन रवाना होगी अभ्युदय टीम इंडिया, 2 से 9 जनवरी तक दिखेगी भारतीय कला की चमक**

सुनील कुशवाहा कर रहे हैं, जो टीम के कप्तान हैं। टीम में मोहम्मद सुल्तान आलम, रजनीश वर्मा और रवि प्रकाश (लीडर) शामिल हैं, जबकि टीम के मार्गदर्शक (मेंटॉर) की भूमिका अभिनव आचार्य निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्युदय की टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।हार्बिन की यह प्रतियोगिता विश्व की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित आइस एवं स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिताओं में गिनी जाती है, जहां बर्फ और हिम से बनाई गई कलाकृतियां विश्व भर के दर्शकों को आकर्षित करती हैं। अभ्युदय टीम इंडिया इससे पहले भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत का नाम रोशन कर चुकी है और इस बार भी टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

टीम के चयन पर कला जगत से जुड़े लोगों, शुभचिंतकों और समर्थकों में खुशी की लहर है। समर्थकों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई है कि अभ्युदय टीम इंडिया इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अनूठी कला के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षमता को एक बार फिर दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगी।

# नाला निर्माण की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत धौरहरा क्षेत्र में इन दिनों सरकारी धन से कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। कस्बे में चल रहे नाला निर्माण कार्यों में मानकविहीन सामग्री के प्रयोग और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता सामने आ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के बसंतापुर मार्ग, तहसील परिसर के सामने तथा सिनेमा चौराहे पर नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। आरोप है कि इन कार्यों में घटिया गिट्टी, मौरंग और फैक्ट्री मेड सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। तल्ली से लेकर सरिया बिछाने तक मानकों को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे कार्य की मजबूती पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सूत्रों का कहना है कि टेंडर



प्रक्रिया के बाद ठेकेदारों और उनके मुंशियों की देखरेख में निर्माण कार्य तो कराया जा रहा है, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन व संबंधित जिम्मेदारों द्वारा स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जा रहा। ठंड के मौसम का हवाला देकर अधिकारी मौके पर पहुंचने से बचते नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय इन दिनों निरीक्षण का केंद्र बनने के बजाय चाय-चर्चा और ठेकेदारों की बैठकों का अड्डा बन गया है, जहां साहब कार्यालय में बैठकर गप्प-सटाका करते नजर आते हैं, जबकि जमीनी हकीकत से आंखें मूंदे हुए हैं। सरकारी धन से विकास कार्य तो हो रहे हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता जांचने का समय न तो नगर पंचायत प्रशासन के पास है और न ही उच्चाधिकारियों के पास, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया गया, जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# मैगलगंज मेला महोत्सव में रामलीला का मंचन, भक्ति में डूबा नगर

**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैगलगंज मेला महोत्सव के अंतर्गत आयोजित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला मंगलवार को पूरे वैभव और आस्था के साथ आगे बढ़ी। इस अवसर पर भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध एवं लंका का राज विभीषण को सौंपे जाने का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और मर्यादा का गहरा संदेश छोड़ा।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रे जी के मुखारविंद से प्रवाहित श्रीरामकथा ने पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। रामकथा के प्रसंगों में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, त्याग और करुणा का अत्यंत मार्मिक, ओजस्वी एवं जीवंत वर्णन प्रस्तुत किया गया। कथा



के दौरान जैसे-जैसे रावण वध और विभीषण राज्याभिषेक के प्रसंग आए, वैसे-वैसे श्रद्धालु भावविभोर होते चले गए। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा।

कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और एकाग्रता के साथ कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक वातावरण और सुसज्जित मंच ने आयोजन की भव्यता को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम में मेला अध्यक्ष रानू बाजपेई, मेला आयोजक अनुराग एम. सारथी, मेला संरक्षक कमल बिहारी गुप्ता, मेला कोषाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, भूमि प्रबंधन मोहम्मद खान, सोनू बाजपेई, वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र बाजपेई, मीडिया प्रभारी पंकज बाजपेई व छोटू, सुधीर बाजपेई, धर्म प्रचार मंत्री रामजी बाजपेई, पंडाल व्यवस्थापक धनपाल गुप्ता सहित मेला समिति के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सुआलाल मिश्रा, रामप्रसाद गुप्ता, आशु गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, राहुल शर्मा, लकी शर्मा, अनुज लाइनमैन, अर्पित मिश्रा, रामनारायण शुक्ला, शैलेन्द्र बाजपेई, पामू दीक्षित, पत्रकार अखिलेश शुक्ला सोनू, सुलेशन, प्रचार मंत्री नैमिश गुप्ता मोदी, शिवम शुक्ला, बाल गोविंद मिश्रा, प्रवीण मास्टर साहब, पवन बाजपेई, सोनू शुक्ला स्टैंड वाले सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मेला महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रभारी निरीक्षक स्वयं लगातार मेले की निगरानी कर रहे हैं, वहीं मेला प्रभारी झारिया सिंह भी सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने के कारण श्रद्धालु पूरी तरह निश्चिंत होकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।

मेला समिति के अनुसार रात्रि में लठ्ठमार होली का मंचन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मेला महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों को लेकर नगर और आसपास के क्षेत्रों में भी खासा उत्साह बना हुआ है।

# प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा अक्षरा सिंह का हुआ सम्मान

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज, मितौली की छात्रा अक्षरा सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता लखीमपुर स्थित सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र तथा युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य के संरक्षण में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अक्षरा सिंह को जिला विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया था। इसी क्रम में गत दिवस राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अक्षरा सिंह की प्रतिभा और उपलब्धि को सराहते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान प्राचार्य ने अक्षरा सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अक्षरा भविष्य में भी इसी प्रकार परिश्रम और लगन से आगे बढ़कर विद्यालय का गौरव बढ़ाएगी।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और तालियों के साथ अक्षरा सिंह का उत्साहवर्धन किया।

# ठंड से लोगों को राहत देने के लिए योगी सरकार गंभीर

**मुख्यमंत्री के निर्देश को लेकर ठंड को देखते हुए रैन बसेरों में बचाव के किये गये पुख्ता इंतजाम**

**बांदा,समृद्धि न्यूज।**

पूरे उत्तर भारत में इस समय भीषण ठंड का प्रकोप है और लोगों को ठंड से राहत देने के लिए योगी सरकार गंभीर है और इसको लेकर मुख्यमंत्री ने सभी जिले के जिलाधिकारी को ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। और मुख्यमंत्री के निर्देश को लेकर बांदा में नगर पालिका क्षेत्र नगर पंचायत क्षेत्र तहसील मुख्यालय में ठंड से बचाव को लेकर जहां रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं तो वहीं अलाव जलवाए जा रहे हैं तो और वही जरूरतमंदों को कंबल बांटने का भी काम किया जा रहा है। और व्यवस्थाएं चाक चौबंध रहे इसको लेकर डीएम, एडीएम,



एसडीएम समेत संबंधित अधिकारी समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं। ठंड से बचाव को लेकर बांदा जिले में नगर पालिका, नगर पंचायत व तहसील प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कुल 454 जगहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। जिसमें बांदा नगर क्षेत्र में 222, अतर्रा में 79, बबेरू में 50, नरैनी में 93 व पैलानी में 10 जगह अलाव जलवाए जा रहे हैं। तो वही बांदा नगर में 12 जगहों पर रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं। जिसमें अब तक 381 व्यक्ति रख चुके हैं। जहां पर लोगों के लिए रजाई, गद्दे व तकिया आदि के इंतजाम किए गए हैं। तो वहीं ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने 12423 कंबल मंगवाये हैं जिसके सापेक्ष अब तक 5484 लोगों को कंबल बांटे गए हैं। जिसमें बांदा नगर क्षेत्र में 1551, अतर्रा में 954, बबेरू में 944, नरैनी में 1008 तो वही पैलानी में 1027 जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया गया। वहीं ठंड से बचाव को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंध रहें इसको लेकर डीएम, एडीएम, एसडीएम समेत सभी जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर व्यवस्थाओं का जायजा भी ले रहे हैं। अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए बांदा में 12 रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं। जहां पर सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल है। वही यहां पर साफ-सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा जरूरतमंदों को प्रत्येक तहसील क्षेत्र में कंबल बांटे जा रहे हैं। तो वहीं जहां-जहां पर अलाव की जरूरत है।

# इंस्टाग्राम पर जान से मारने की धमकी, शिकायत दर्ज

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना सिंगाही क्षेत्र के ग्राम सिंगहा निवासी सोनू शर्मा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से लगातार जान से मारने की धमकियाँ दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में सिंगाही थाने में लिखित प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सिंगहा निवासी सद्दाम हुसैन द्वारा इंस्टाग्राम मैसेज के जरिए लगातार धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार हाल ही में बांग्लादेश में हुए कथित अत्याचारों के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा वहाँ के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया था। इसी घटना को लेकर आरोपी द्वारा आपत्ति जताते हुए आपत्तिजनक और अनावश्यक टिप्पणियाँ की गईं।

पीड़ित का कहना है कि उक्त टिप्पणी के बाद आरोपी आक्रोशित हो गया और सोशल मीडिया के माध्यम से उसे जान से मारने की धमकियाँ देने लगा। धमकी भरे संदेशों के स्क्रीनशॉट पीड़ित के पास सुरक्षित हैं, जिन्हें उसने साक्ष्य के रूप में पुलिस को उपलब्ध कराया है। लगातार मिल रही धमकियों के चलते पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है तथा किसी भी समय कोई गंभीर और अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली के पलटने से युवक की मौत

**▸ मृतक के बड़े भाई बोले, हमें मुआवजा चाहिए तभी हम लाश सड़क से हटने देंगे**

**पैलानी/बांदा समृद्धि न्यूज।**

पैलानी तहसील के खरेई के मजरा उसरा डेरा निवासी पंकज पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल निषाद उम्र 30 वर्ष जो बीती रात को खपटिहा कला से मिट्टी डालकर वापस अपने घर ऊसरा डेरा जा रहा था तभी साड़ी से 1 किलोमीटर पहले खरेई तालाब के पास घने जंगल के बीच अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया ट्रैक्टर मालिक पंकज जो गाड़ी चला रहा था मौके पर मौत हो गई मौके पर जा रहे राजगीरों ने देखा



तो परिजनों को सूचना दी वही मृतक दो भाई थे जिसकी बड़े भाई की 4 वर्ष पहले फांसी लगाकर मौत हो गई थी की मृतक की शादी 5 वर्ष पहले कुम्हारिया डेरा में हुई थी मृतक की पत्नी संगीता व मां भूरी का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के दो बच्चे यशबाबू 4 वर्ष, कृष्णा बाबू 2 वर्ष है वही बताया कि खपटिहा कलां के काली देवी मंदिर के पास मिट्टी का काम चल रहा था मिट्टी लेकर वह खपटिहा में डालने गया था घर वापस आते समय घटना हो गई है।

मृतक के दो बीघा जमीन है परजनों ने पहुंचकर तुरंत ही ग्रामीणों को इकट्ठा किया और वहां पर पुलिस प्रशासन को जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे वहीं थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ,चौकी इंचार्ज हरिशरन सिंह व तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने पहुंचकर परिजनों से बात की मृतक पारिवारिक बड़े भाई फूलचंद निषाद ने आरोप लगाया कि की जो साड़ी खदान 77 नंबर चल रही है उन्हीं के ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी है जिससे मेरे भाई की मौत हो गई है पर जिन्होंने तहसीलदार से राधेश्याम सिंह से कहा कि हमें मुआवजा मिलना चाहिए।

तभी लाश सड़क से हटने देंग सुबह 8 बजे से ग्रामीण सड़क से लाश न उठने देने की चेतावनी दी है वहीं थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी वही तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जो भी आर्थिक सहयता देय होगी वह पीड़ित परिवार को तत्काल प्रदान कराई जाएगी।

## किसान की ठंड लगने से मौत

**नरैनी/बांदा।** खेतो में फसल की रखवाली कर रहे किसान की ठंड लग जाने से मृत्यु हो गई।पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। कटरा कालिंजर निवासी किसान गज्जू 55 वर्ष पुत्र रामसजीवन अन्ना जानवरो से अपनी फसल की रखवाली करने के लिए खेतो में घास फूस की झोपड़ी बना कर रात में रहता था।शनिवार की रात 9 बजे किसान की पत्नी रेखा खेतो में खाना देने आयी थी।रेखा ने बताया कि जब वह झोपड़ी में पहुची तो पति मृत अवस्था में पड़े थे।ठंड से मौत की आशंका जताई है।मृतक किसान के बेटे रतन ने बताया कि पिता के नाम दो बीघा जमीन है इसमें अरहर की फसल लगी है। बताया कि मवेशियों से फसल को बचाने के लिए पिता खेत में बनी झोपड़ी में रहते थे।कालिंजर थाना पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जंगल में युवती का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**जसपुरा/बांदा समृद्धि न्यूज।**

जसपुरा थाना क्षेत्र के तरौड़ा गांव के जंगलों में सोमवार को करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की जानकारी चरवाहों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मौके की घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में युवती अविवाहित प्रतीत हो रही है और शव एक-दो दिन पुराना बताया जा रहा है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर खून की बूंदें भी मिली हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए ए .एस .पी प्रतिज्ञा सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैलानी थाना प्रभारी राजेश कुमार भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। युवती की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## दंपति के विरुद्ध प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा

**नरैनी/बांदा।** सामुदायिक भवन में अवैध रूप से काबिज दंपति के विरुद्ध प्रधान ने मामला दर्ज कराया है।आरोपी दंपति सचिव और ग्राम प्रधान के विरुद्ध लगातार फर्जी शिकायत करते घूम रहे थे। गिरवा थाना क्षेत्र के सहेवा गांव में गांव के प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि जिला पंचायत ने सम विकास योजना से गांव में सामुदायिक भवन बनाया था।अक्टूबर 2011 में उक्त भवन ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया गया था।बताया कि उसी समय से गांव की उर्मिला पत्नी छोटेलाल श्रीवास ने अपना कब्जा जमा लिया था।गांव की बारात व अन्य निस्तार नही करने देते थे।बताया कि राजस्व निरीक्षक, हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान इसे खाली कराने पहुचे थे। उक्त दोनो ने गालियां बकते हुए धमकाया और कहा कि कब्जा नही छोड़ेंगे जो दिखे कर लो।यही नहीं बीते 18 जून को उक्त महिला ने एसपी कार्यालय में उनके विरुद्ध फर्जी शिकायत कर फ़साने का प्रयास किया था।

# भाजपा नेता ने जन्मदिवस पर बांटे कंबल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों एवं सहयोगियों द्वारा सेवा एवं मानवता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल एवं वृद्धाश्रम में असहाय व कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल एवं फल वितरित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत महिला जिला अस्पताल एवं पुरुष जिला अस्पताल से हुई, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों को फल एवं कंबल वितरित किए गए। इसके पश्चात वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को कंबल एवं फल भेंट किए गए। इस मौके पर श्याम मोहन धुरिया ने कहा कि उन्हें अपना जन्मदिन



गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच मनाना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की जितनी अधिक सहायता हो सके, वह हमेशा करने का प्रयास करते हैं। इसी भावना के तहत आज जिला अस्पताल और वृद्धाश्रम में कंबल एवं फल वितरण का आयोजन किया गया। वहीं वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों ने श्याम मोहन धुरिया को दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं धन-धान्य से परिपूर्ण जीवन का आशीर्वाद दिया। इस सेवा कार्यक्रम में श्याम मोहन धुरिया के पुत्र योगेश धुरिया योगी, दीपक धुरिया ,विकास जोशी ,पंकज शुक्ला, शाहरुक, पप्पू, विक्की बनिया, सच्चू,आमोद, श्रीकांत श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, जितेंद्र सिंह सुरेश साहू समेत लगभग दो दर्जन सहयोगी व समर्थक मौजूद रहे।

# डॉ.प्रतीक्षा गुप्ता ने मुफ्त में किया जटिल आपरेशन, मिली नई जिंदगी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिला अस्पताल बांदा में एक हृदयस्पर्शी घटना सामने आई है, जहां डॉ. प्रतीक्षा गुप्ता ने मानवता की मिसाल कायम की। ग्राम जरर निवासी शिव देवी को अचानक तेज पेट दर्द हुआ। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल बांदा लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। डा. प्रतीक्षा गुप्ता ने मरीज का चेकअप किया। जांच में पता चला कि शिव देवी के पेट में एक बड़ी गांठ (ट्यूमर) है, जिसके लिए तत्काल ऑपरेशन जरूरी था। मरीज के परिवार वाले गरीब होने के कारण



उनके पास ऑपरेशन का खर्च उठाने के लिए पैसे नहीं थे। वे काफी परेशान थे। इस स्थिति को देखकर डा. प्रतीक्षा गुप्ता ने कहा,आप चिंता न करें, मैं खुद यह आपरेशन करूंगी। डाक्टर ने स्वयं आपरेशन थिएटर में जाकर जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। आज शिव देवी पूरी तरह स्वस्थ हैं और घर लौट चुकी हैं। इस नेक कार्य से डा. प्रतीक्षा गुप्ता गरीबों की मसीहा बन गई हैं।

# जीआरपी रेलवे पुलिस का एक और सरहानीय कार्य

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे स्टेशन बाँदा पर यात्रा करने हेतु आये दिव्याँग व्यक्ति को थाना जीआरपी पुलिस बाँदा द्वारा मानवीय मूल्यो का पालन करते हुये गोदी में उठाकर पीएफ 01 की सीढियो से उतारकर सकुशल ट्रेन में बैठाया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवेज उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी के निर्देशन में एंव पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनु. झांसी के कुशल नेतृत्व में ट्रेन/प्लेटफार्म पर आने जाने वाले दिव्याँग व्यक्तियो की सहायता एंव सुरक्षित यात्रा करने हेतु उनकी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टीगत निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज रेलवे स्टेशन बाँदा के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर एक दिव्यांग व्यक्ति/यात्री जो अपनी बैसाखी और सामान के साथ ट्रेन में जाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तथा सीढियो से उतर रहे थे जिनको मुझ थानाध्यक्ष शिवबाबू थाना जीआरपी बाँदा द्वारा मय हमराह हे0का0 आशुतोष पहारिया, का0 प्रारुप कुमार के तत्काल आगे बढ़कर न केवल उनका सामान उठाया, बल्कि उन्हें



हे0का0 आशुतोष पहारिया द्वारा अपनी गोद में उठाकर सीढियो के माध्यम से रेलवे स्टेशन बाँदा के प्लेटफार्म न0-01 पर खडी ट्रेन में सकुशल सुरक्षित रूप से उनको बैठाया गया । हे0का0 आशुतोष पहारिया द्वारा यह व्यवहार अत्यंत विनम्र, संवेदनशील और मानवीय मूल्यो को बढावा देने वाला व पुलिस बल को प्रेरणा देने वाला साबित होगा।